kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-111 ❑ गुरुवार, 21 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



राहुल गांधी को भारत और भारत में बनी हर वस्तु से इतनी नफरत क्यों है? भारत आज मेड इन इंडिया और लोकल-ग्लोबल के माध्यम से दुनिया का भरोसेमंद गंतव्य बना है, लेकिन कांग्रेस को हर भारतीय उपलब्धि में समस्या ही दिखाई देती है। **पीयूष गोयल**

पश्चिम बंगाल सरकार ने मौजूदा ओबीसी उप-वर्गीकरण को रद्द किया 11

अब सेंसर से होगी फसलों की निगरानी 12

# उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन की नई टीम को लेकर कवायद तेज

एजेंसी



❑ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व संगठन महामंत्री धर्मपाल ने की नितिन नवीन से मुलाकात

❑ दो दौर में लगभग तीन घंटे तक चला मंथन, बी एल संतोष भी बैठक में शामिल रहे

नईदिल्ली। उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद के विस्तार के बाद अब राज्य संगठन की नई टीम को लेकर कवायद तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ लंबी बैठक की। जल्द ही प्रदेश के दोनों प्रमुख नेताओं की गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी बैठक होने की संभावना है। इसके बाद इस माह के आखिर तक राज्य संगठन की नई टीम के आने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में नई संगठन टीम के गठन के संगठन के साथ राजनीतिक मायने भी काफी ज्यादा हैं। सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पहले ही अपनी संभावित टीम की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी थी। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ यह बैठक की गई। दो दौर में हुई बैठक में पहली बैठक नवीन के आवास पर हुई। इसके बाद पार्टी मुख्यालय में लगभग दो घंटे तक बैठक चली। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी एल संतोष भी मौजूद रहे।

सूत्रों का कहना है कि प्रदेश नेतृत्व ने जो सूची केंद्र को सौंपी है उसमें कई बदलाव हो सकते हैं। चूंकि अभी प्रदेश के इन दोनों प्रमुख नेताओं की एक बैठक गृह मंत्री अमित ● शेष पेज 11 पर

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करे सरकार: अरशद मदनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष अरशद मदनी ने कहा है कि सरकार को गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करना चाहिए, ताकि गाय के नाम पर होने वाली भीड़ हिंसा, नफरत की राजनीति और बेगुनाह लोगों की हत्या पर स्थायी रूप से रोक लग सके।

श्री मदनी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को पवित्र मानने के साथ उसे 'मां' का दर्जा भी देती है। ऐसे में यह समझ से परे है कि सरकार किस राजनीतिक मजबूरी के कारण गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने से बच रही है।

उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर पीट-पीटकर हत्या, मुसलमानों को बदनाम करने तथा नफरत फैलाने का खेल अब बंद होना चाहिए। यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाये और इस संबंध में सख्त एवं समान कानून बनाया जाये, तो न किसी इंसान की जान जाएगी और न ही धर्म के नाम पर राजनीति होगी।

जमीयत प्रमुख ने कहा कि देश के कई राज्यों में खुलेआम गोमांस बेचा और खाया जाता है, लेकिन वहां न तो विरोध होता है और न ही भीड़ हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन इलाकों में मुसलमानों की आबादी अधिक है, वहां गाय के नाम पर हिंसा की घटनाएं होती हैं, जो श्रद्धा नहीं बल्कि दोहरे मापदंड और राजनीतिक खेल को दर्शाती हैं। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरे देश में एक कानून की बात की जाती है, तो पशु वध से संबंधित कानून सभी राज्यों में समान रूप से लागू क्यों नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में गोमांस पर कोई प्रतिबंध नहीं है और कुछ नेताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से बीफ खाने की बात भी स्वीकार की जा चुकी है। श्री मदनी ने कहा कि सबसे हैरानी की बात यह है कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें हैं, वहां भी गोमांस बिक्री और उपभोग जारी है, ● शेष पेज 11 पर

### राजनीतिक और भावनात्मक विषय

मौलाना मदनी ने कहा कि गाय के मुद्दे को एक राजनीतिक और भावनात्मक विषय बना दिया गया है। कुछ लोग योजनाबद्ध तरीके से गौकशी की अफवाह फैलाकर या पशु तस्करी के नाम पर निर्दोष लोगों को हिंसा का शिकार बना देते हैं। दुखद पहलू यह है कि लगातार झूठ और अफवाहों के जरिए पूरे देश में मुसलमानों की छवि इस तरह खराब कर दी गई है कि समाज का एक बड़ा वर्ग मुसलमानों को गाय का विरोधी समझने लगा है। मॉब लिंचिंग की एक बड़ी वजह यही मानसिकता है।



## संक्षेप

### महिला वकीलों के आरक्षण संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सरकारी पैनल और विधि अधिकारी पदों में महिला वकीलों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह की दलीलों पर गौर किया और लाडली फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा दायर जनहित याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किए। जनहित याचिका में केंद्र, राज्य सरकारों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को सुप्रीम कोर्ट के पैनल से लेकर स्थानीय कानूनी सहायता प्राधिकरणों तक, सभी कानूनी स्तरों पर महिलाओं के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अदालत की कार्रवाई शुरू होने पर सिंह ने कहा कि एससीबीए ने कानूनी पेशे में महिला वकीलों की स्थिति और प्रतिनिधित्व पर एक सर्वेक्षण किया और उसके बाद जनहित याचिका दायर की गई है। वरिष्ठ वकील ने कहा कि उन्हें सरकारी पैनलों में शामिल करना जरूरी है।

### मोदी वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे: पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि भले ही उनकी राजनीतिक सोच नरेंद्र मोदी से अलग हो, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। मुंबई में मंगलवार शाम आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब भी राष्ट्रीय हित में सामूहिक रूप से काम करने का अवसर मिले, सभी को एक साझा उद्देश्य के साथ आगे आना चाहिए और देश की प्रतिष्ठा मजबूत करने में योगदान देना चाहिए।

# यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर से 1.5 लाख को नौकरी पांच लाख करोड़ होगी अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री

## एआई मिशन को गति देगा यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर, लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित किया जाए

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी) की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना यूपी के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र से की जा सकती है। यहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। टाटा समूह सहित बड़ी टेक कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। इससे वर्ष 2040 तक 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था, 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और 5 गीगावॉट एआई कंप्यूट कॉरिडोर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को प्रदेश के भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी), प्रोजेक्ट गंगा तथा गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री को बैठक में बताया गया कि यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति है। इससे यूपी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और हाई-टेक डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि यह केवल एक परियोजना नहीं बल्कि अगले 50 वर्षों के लिए यूपी की नई आर्थिक संरचना का खाका है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2040 तक दुनिया की नई अर्थव्यवस्था एआई, क्लाउड, साइबर सिक्योरिटी, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे 'फ्यूचर एरेना' के इर्द-गिर्द विकसित होगी, जिनका संयुक्त वैश्विक बाजार 29 से 48 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। भारत के लिए एआई सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज, क्लाउड सर्विसेज, साइबर सिक्योरिटी, सेमीकंडक्टर्स, एयरोस्पेस और ईवी जैसे सेक्टर भविष्य के प्रमुख आर्थिक इंजन होंगे। यूपी का इनलैंड लोकेशन समुद्री जोखिमों और चक्रवातों से सुरक्षित है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से तेजी से विकसित हो रहे हैं। आईआईटी कानपुर, एनआईटी प्रयागराज और 50 से अधिक इंजीनियरिंग संस्थानों के कारण राज्य में विशाल तकनीकी प्रतिभा उपलब्ध है। यूपी को 'एशिया का मोस्ट सिक्योर, स्केलेबल एवं कनेक्टेड इनलैंड एआई टेरिटरी' बताया गया। देश के लगभग सभी प्रमुख फाइबर नेटवर्क यूपी से होकर गुजरते हैं और राज्य भारत के सभी समुद्री केबल लैंडिंग पॉइंट्स से जुड़ा हुआ है। राज्य के भीतर 5 मिलीसेकंड से कम लेटेंसी तथा मुंबई और चेन्नई जैसे डिजिटल हब तक 5-12 मिलीसेकंड कनेक्टिविटी उपलब्ध है। वैश्विक टेक कंपनियों के लिए यूपी कम लागत, बेहतर स्केलेबिलिटी और अधिक नेटवर्क रिडंडेंसी वाला आदर्श एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब है।



### डिजिटल उद्यमियों को इंसेंटिव देगी सरकार: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने 'प्रोजेक्ट गंगा' यानी गवर्मेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की भी समीक्षा में निर्देश दिए कि जिन युवाओं को डिजिटल उद्यमी के रूप में चुना जाए, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। सर्वेक्षण कार्य करने वाली कंपनियां भी इन युवाओं का उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए। मुख्यमंत्री ने ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और कामों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआत से ही डिजिटल उद्यमियों को उचित इंसेंटिव उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री को बैठक में बताया गया कि प्रोजेक्ट गंगा ग्रामीण उत्तर प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड नेटवर्क पहुंचाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इसका उद्देश्य केवल इंटरनेट उपलब्ध कराना नहीं बल्कि टेलीमेडिसिन, डिजिटल शिक्षा, स्किल डवलपमेंट, ई-गवर्नेंस, डिजिटल रोजगार और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। परियोजना में 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर (डीएसपी) के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है, जिससे लगभग 50 हजार प्रत्यक्ष और 1 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार ● शेष पेज 11 पर

### मंडी टैक्स और शुल्क व्यवस्था में सुधार करेगी सरकार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मंडी टैक्स और शुल्क व्यवस्था में सुधार किया जाए। बैठक में समिति ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क व विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन व्यापारिक गतिविधियों पर यह छूट लागू न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की रणनीति पर भी विस्तृत समीक्षा की। प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, पर्वों के दौरान लाइटिंग, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अल नीनो के संभावित प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में फसलों पर इसका असर पड़ सकता है, इसलिए प्रदेश को खाद्यान्न सुरक्षा के लिए अभी से तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के खाद्यान्न भंडार पर्याप्त और मजबूत होने चाहिए। मुख्यमंत्री को बैठक में बताया गया कि यूपी देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 372 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है, जबकि कुल उपलब्धता 407 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचती है। प्रदेश में लगभग 2.88 करोड़ किसान गेहूं उत्पादन से जुड़े हैं। इसके बावजूद सीमित प्रसंस्करण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में गेहूं कच्चे अनाज ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद में मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया। इसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान युद्ध से पीछे हटने के लिए मजबूर करना है।

चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी राष्ट्रपति की इच्छा के खिलाफ जाकर विपक्षी डेमोक्रेटिक सदस्यों का साथ दिया। हालांकि, तीन रिपब्लिकन सांसद मतदान में शामिल नहीं हुए। इसे राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ उनकी ही पार्टी के भीतर से उभरते असंतोष के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। फरवरी के अंत में ट्रंप द्वारा ईरान पर हमला करने का आदेश दिए जाने के बाद से डेमोक्रेट सांसद बार-बार युद्ध अधिकार प्रस्तावों पर मतदान करवा रहे हैं। इन प्रस्तावों के तहत ट्रंप को या तो युद्ध के लिए कांग्रेस की सहमति लेनी होगी या फिर सैनिकों को वापस बुलाना होगा। अब तक रिपब्लिकन सांसद ● शेष पेज 11 पर

### ईरान समझौता करने को बेताब, युद्ध जल्द खत्म होगा : ट्रंप



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान समझौता करने को बेताब है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध जल्द खत्म होगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में वैश्विक तेल कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा कि दुनिया में तेल की कोई कमी नहीं है। तेल की कीमतें तेजी से नीचे आएंगी। हम इस युद्ध को बहुत जल्दी खत्म कर देंगे। ईरान समझौता करना चाहता है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के ● शेष पेज 11 पर

# पश्चिम एशिया में लड़ाई को रोकना होगा : जिनपिंग

एजेंसी

❑ सभी प्रकार की शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया


बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच बुधवार को पश्चिम एशिया में शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि स्थिति एक नाजुक मोड़ पर पहुंच गई है।

जिनपिंग ने यहां अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत की। 'पीपुल्स ग्रेट हॉल' में पुतिन का स्वागत करते हुए जिनपिंग ने कहा कि खाड़ी और पूरे पश्चिम एशिया में लड़ाई को रोकना होगा और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत जारी रहनी चाहिए। संघर्ष का शीघ्र अंत ऊर्जा आपूर्ति, औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में होने वाली बाधाओं को कम करने में सहायक होगा। जिनपिंग और पुतिन के बीच वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 14-15 मई को चीन यात्रा के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें उन्होंने ईरान-इजरायल संघर्ष, ● शेष पेज 11 पर

# उप्र में हीट वेव का रेड व येलो अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ कई जिलों में पारा 48 तक पहुंचेगा





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी अब विकराल रूप लेती जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन यानी 23 मई तक भीषण गर्मी और लू (हीट वेव) का रेड और येलो अलर्ट जारी किया गया है। चेतावनी जारी कर कहा गया है कि 20 मई (आज) को पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिलेगा। पश्चिमी यूपी से लेकर बुंदेलखंड, मध्य यूपी और पूर्वांचल तक तेज धूप, गर्म हवाएं और रात में भी उमस (वॉर्म नाइट) लोगों को बेहाल कर सकती है। कई जिलों में सीवियर हीट वेव यानी भीषण लू का अलर्ट भी जारी किया गया है।

लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि अगले कुछ दिनों में रात में भी तापमान सामान्य से ऊपर बना रहेगा, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिलेगी। पूरे प्रदेश में (वॉर्म नाइट) रात में भी तापमान कम न होने की स्थिति का रेड अलर्ट जारी किया गया। इस दौरान तापमान में सामान्य से तीन से 6 डिग्री तक अधिक बना रहेगा। मौसम विभाग ने बुंदेलखंड के बांदा, चित्रकूट, झांसी, पूर्वांचल के प्रयागराज, पश्चिम में आगरा और आसपास के 11 जिलों में भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के जिलों में भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। लखनऊ के अलावा वाराणसी, ● शेष पेज 11 पर

## रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर सहमति, आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई पर भी जोर

# भारत और इटली ने दिया मजबूत रिश्तों का संदेश

एजेंसी

रोम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत और इटली के संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में उन्हें प्रधानमंत्री मेलोनी से कई बार मिलने का अवसर मिला है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते करीबी सहयोग और बेहतर सामंजस्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी के नेतृत्व में भारत-इटली संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है।

उन्होंने कहा कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 दोनों देशों की साझेदारी को व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख ढांचा प्रदान करती है तथा इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इटली विश्वभर में डिजाइन और प्रिसीजन के लिए प्रसिद्ध है, जबकि भारत बड़े पैमाने, प्रतिभा और किफायती नवाचार की ताकत के रूप में पहचाना जाता है।

उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब यूरो तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। भारत में कार्यरत 800 से अधिक इतालवी कंपनियां भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज आयोजित बिजनेस फोरम से यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों देशों के उद्योग जगत में नया उत्साह, नया विश्वास और नई महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग दोनों देशों के गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। यह सहयोग केवल सेनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा औद्योगिक रोडमैप ने सह-विकास और सह-उत्पादन की दिशा में नया मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि समुद्री शक्तियों के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग स्वाभाविक है। दोनों देश मिलकर शिपिंग, बंदरगाह आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकॉनमी के क्षेत्रों में काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इटली इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर खतरा है। आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ दोनों देशों की साझा पहल ने दुनिया के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा ही नहीं करते बल्कि उसके आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन, पश्चिम एशिया और अन्य वैश्विक तनावों को लेकर भारत और इटली लगातार संपर्क में रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि भारत का स्पष्ट मत है कि सभी विवादों और संघर्षों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही होना चाहिए।



### मोदी ने जार्जिया मेलोनी को गिफ्ट की 'मेलोडी', इंटरनेट पर वायरल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इटली दौरे पर प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को खास तोहफ़े के रूप में मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। मेलोनी ने इसका वीडियो एक्स पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मेलोनी ने स्वयं अपने एक्स अकाउंट पर इस मुस्कुराहट भर देने वाले वीडियो को साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी मालोनी को गिफ्ट देते दिखाई दे रहे हैं और बदले में मालोनी लिखती हैं- इस उपहार के लिए धन्यवाद। 'मेलोडी' शब्द इटली की प्रधानमंत्री की ओर से दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए बनाया गया है। इसमें उन्होंने अपने और प्रधानमंत्री मोदी के नाम को जोड़ा है।

### देश संकट में, पीएम इटली में टॉफी बांट रहे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इटली यात्रा के दौरान 'मेलोडी' टॉफी भेंट करने को लेकर बुधवार को निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री जनसंपर्क और 'रील' बनाने में व्यस्त हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' ● शेष पेज 11 पर

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के मेधावियों का सम्मान

❒ 98.2 प्रतिशत अंक लाकर लाभांशी बनी टॉपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं हेल्पिंग स्टाफ को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक सुधीर हलवासिया ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया है। प्रधानाचार्या रुचि पुरी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा लाभांशी अग्रवाल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शाश्वत ने 92.6 प्रतिशत, अर्जुन ने 92 प्रतिशत, प्रीति ने 91.6 प्रतिशत, राहुल ने 90.4 प्रतिशत, ओजस्वा ने 90 प्रतिशत तथा दिव्यांश ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि करीब 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर डिस्टिंक्शन हासिल की है। अग्रवाल शिक्षा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित चैरिटेबल सीबीएसई विद्यालयों के परिणामों ने महंगी फीस लेने वाले विद्यालयों को भी पीछे छोड़ दिया है। विद्यालय के अध्यक्ष देशराज अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों का सम्मान करना संस्था की परंपरा रही है। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा के साथ सामाजिक मूल्यों, स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। समारोह का समापन बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित सामुदायिक ह्लनो प्लास्टिकह्व भंडारे के साथ हुआ। यह भंडारा अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता, एकता और सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विनोद अग्रवाल, जितेन्द्र जिंदल, अमित अग्रवाल, लोकराम अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, नरेश अग्रवाल एवं के.के. तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# भाजपा लखनऊ महानगर में 25 मंडलों के प्रभारियों की घोषणा

❒ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर संगठन की ओर से महानगर के सभी 25 मंडलों के लिए प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि यह सूची प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की सहमति के बाद अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा जारी की गई है।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन के उद्देश्य से मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। पार्टी नेतृत्व ने सभी प्रभारियों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद बनाए रखने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया है। जारी सूची के अनुसार चिनहट शहरी (पूर्व-5) मंडल का प्रभारी राकेश पाण्डेय, सरोजनी नगर दक्षिण-1 का प्रभारी सौरभ बाल्मीकि, सरोजनी नगर दक्षिण-2 का प्रभारी सतीश चन्द्र मिश्रा तथा सरोजनी नगर दक्षिण-3 का प्रभारी विनोद सिंह कल्लू को बनाया गया है। कैंट क्षेत्र में कैंट-1 पर धनश्याम दास अग्रवाल, कैंट-2 पर मानवेन्द्र प्रताप सिंह, कैंट-3 पर पंकज सक्सेना तथा कैंट-4 पर आनन्द कुमार पाण्डेय को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पश्चिम-1 मंडल में जी.डी. शुक्ला, पश्चिम-2 में हरशरण लाल गुप्ता, पश्चिम-3 में योगेन्द्र पटेल तथा पश्चिम-4 में संतोष सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर क्षेत्र के मंडलों में उत्तर-1 पर प्रमोद सिंह, उत्तर-2 पर सचिन वैश्य, उत्तर-3 पर चन्द्र प्रकाश अवस्थी, उत्तर-4 पर अरविन्द मिश्रा एवं उत्तर-5 पर डॉ. यू.एन. पाण्डेय को प्रभारी बनाया गया है। पूर्व क्षेत्र में पूर्व-1 के लिए अनूप सिंह, पूर्व-2 के लिए टिंकू सोनकर, पूर्व-3 के लिए रामसरन सिंह तथा पूर्व-4 के लिए अभिषेक खरे को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मध्य क्षेत्र में मध्य-1 पर विनायक पाण्डेय, मध्य-2 पर प्रकाश मिश्रा, मध्य-3 पर सतेन्द्र सिंह एवं मध्य-4 पर सीता नेगी को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## बहन को घर आने से रोकने का विरोध करना युवक को पड़ा भारी, लाठी-डंडों से हमला

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बहन को घर आने से रोकने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।सिसेंडी गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र मैकूलाल के अनुसार बीते सोमवार दोपहर गांव के ही दीपू पुत्र मैकूलाल व श्रीमती रजोली पत्नी दीपू उसकी बहन नीशा को गाली-गलौज करते हुए घर न आने देने की बात कह रहे थे। जब दिलीप ने इसका विरोध किया और विवाद शांत कराने का प्रयास किया तो आरोपित आगबबूला हो गए।पीड़ित का आरोप है कि दोनों ने गाली देते हुए लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में दिलीप के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपितों ने पीड़ित व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद घायल युवक ने परिजनों के साथ मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पत्रकार के बेटे की आत्महत्या मामले में कार्रवाई न होने पर फूटा गुस्सा



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पत्रकार अशोक सिंह के बेटे प्रशांत सिंह की आत्महत्या मामले में 18 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को निगोहां प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय पत्रकारों ने नगराम थाने पहुंचकर पुलिस आयुक्त के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी विवेक चौधरी को सौंपा।पत्रकारों ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक नामजद आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पत्रकार संगठन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन के दौरान पत्रकारों ने आरोप लगाया कि प्रशांत सिंह को पत्नी और ससुराल पक्ष द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पत्रकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, संपादक नागेश्वर द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी, ब्रजराज सिंह समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घयाल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा गोसाईंगंज में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने घयाल को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा 2 रिफर कर दिया गया। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक मोटर साइकिल चालक कुंदन वर्मा नि सेक्टर ए अलीगंज लखनऊ को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है जिसमें मोटरसाइकिल चालक उपरोक्त को गंभीर चोटें आई हैं जिनको एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी गोसाईंगंज ले जाया गया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई ट्रामा 2 रेफर कर दिया गया है । जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

## ट्रांसफार्मर के खंभे से टकराया ट्रक गिरने के बाद लगी आग



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज के महुराकला गांव में रहने के पास लगे ट्रांसफार्मर को किसी ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे खंभे सहित ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। जब तक कोई समझ पाता ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग की लपटें देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पवार हाउस को दी। जिसके बाद विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर पर मिट्टी व बालू फ़ेक कर आग बुझाई। बुधवार तक ट्रांसफार्मर को बदला नही गया जिसके कारण उमस और गर्मी के कारण लोग बेहाल दिखे। ग्रामीणों की माने तो बीती रात लाइट न होने के कारण रात के सोना मुश्किल हो गया। बुधवार को भी नया ट्रांसफार्मर न लगने के कारण उमस भरी गंर्मी में सब बेहाल दिखे।

## बच्चों को बचपन में ही भक्ति करने की प्रेरणा देनी चाहिये: इंद्रेश कौशिक

**तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता** विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव पेडरिया में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में कामख्या धाम से पधारे कथा व्यास इंद्रेश कौशिक जी महराज ने श्रद्धालुओं को भगवान के वामन अवतार,वाराह अवतार, ध्रूव चरित्र ,सती चरित्र समेत अन्य कई प्रसंगों की कथा सुनाई।भगवान के ध्रूव चरित्र की कथा सुनाते हुये कथा व्यास इंद्रेश कौशिक जी महाराज ने कहा कि ध्रूव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित करने पर भी उनकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाये रखने के लिये धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। माता सुनीति ने अपने पुत्र को भजन का मार्ग दिखाया और भक्त ध्रूव ने तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न किया।उन्होंने कहा कि भक्ति के लिये उम्र कोई बाधा नहीं है। हमें अपने बच्चों को भक्ति बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिये क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बना सकते हैं।अगर ध्रूव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाय तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को घमंड या अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, क्योंकि यह बुद्धि को भ्रष्ट कर देता है और पतन का कारण बनता है।उन्होंने कहा कि जीवन अनिश्चित है और समय,धन, पद, प्रतिष्ठा बदलते देर नहीं लगती, इसलिये हमेशा विनम्रता और ईमानदारी से रहना चाहिए। अहंकार से रिश्ते बिगड़ते हैं, सामाजिक असंतुलन पैदा होता है और व्यक्ति अपनों से दूर हो जाता है।भगवान के कच्छप अवतार की कथा सुनाते हुये कहा कि समुद्र मंथन के समय भगवान विष्णु ने समुद्र में कच्छप अवतार लिया। इसके बाद मंदराचल पर्वत को अपने धर पर धारण कर लिया। उस समय मंदराचल पर्वत की एक नहीं चली। मंदराचल पर्वत को यह ज्ञात हुआ कि समुद्र में तैरने वाला कछुआ कोई और नहीं, बल्कि भगवान नारायण हैं। मंदराचल ने तत्क्षण क्षमा याचना की। इसके बाद देवता और दानवों ने वासुकि नाग और मंदराचल पर्वत की सहायता से समुद्र मंथन किया।कथा में यजमान अखिलेश सिंह, सुरेश सिंह, कन्हैया लाल त्रिपाठी,घनश्याम तिवारी,अवनीश तिवारी, सत्य प्रकाश साहू, राम कुमार तिवारी, विनय त्रिपाठी,अमरीश जायसवाल, शिव वरदान अवस्थी, राहुल पाठक, शिव सागर मिश्रा,दीपू शुक्ला, शिवम दीक्षित, अभिषेक बाजपेई,शिवेंद्र सिंह भदौरिया, राजेश यादव, लक्ष्मी कांत मिश्रा, सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के बीच प्रदेश ने एक बार फिर रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति कर प्राप्त की नई उपलब्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग और खपत लगातार ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच रही है। भीषण गर्मी के बीच प्रदेश ने एक बार फिर रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति कर नई उपलब्धि हासिल की है। बीते दिवस शाम प्रदेश की पीक डिमांड 30160 मेगावाट रही, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। पिछले तीन वर्षों की तरह यह प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक बिजली आपूर्ति है तथा पूरे देश में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल रहा।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग लगातार मजबूत विद्युत प्रबंधन एवं बेहतर आधारभूत संरचना के माध्यम से प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में जुटा हुआ है। नए सबस्टेशनों के निर्माण, ट्रांसमिशन एवं वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण तथा सतत मॉनिटरिंग के कारण प्रदेश आज ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। देशभर में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार बीते दिवस पूरे देश में बिजली की पीक डिमांड 260 गीगावाट दर्ज की गई। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भी उत्तर प्रदेश द्वारा रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना ऊर्जा विभाग की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत कर्मियों एवं अधिकारियों से आग्रह किया है कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण समय में विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने हेतु पूरी सजगता एवं समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सेवा के लिए दिन-रात कार्य कर रही है तथा सभी के सहयोग से प्रदेश में बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# पारंपरिक हुनर चिकनकारी को मिलेगा नया मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नवाबी नगरी लखनऊ की पहचान मानी जाने वाली चिकनकारी आज भी देश-दुनिया में अपनी खास जगह बनाए हुए है। इसी परंपरा और हुनर को आगे बढ़ाने की दिशा में आज चौक बाज़ार में हिरण वाली पार्क के पास एक नए भव्य चिकनकारी शोरूम द फैशन कलेक्शन का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आर आर वेलफ़ेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी खान ने फ़िता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लखनऊ की मशहूर चिकनकारी सिर्फ एक कारोबार नहीं बल्कि यहां की तहज़ीब और संस्कृति की पहचान मानी जाती है। चौक क्षेत्र में खुले इस नए शोरूम में पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइनों तक की बड़ी रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए अलग अलग वैरायटी यहां देखने को मिलेगी। शोरूम में पारंपरिक चिकनकारी के साथ-साथ आधुनिक डिजाइन और नए फैशन ट्रेंड को भी ध्यान में रखा गया है। शोरूम संचालक मोहम्मद आतिफ़ का कहना है कि उनका उद्देश्य लखनऊ की असली चिकनकारी को बेहतर गुणवत्ता के साथ लोगों तक पहुंचाना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि मोहम्मद शफी खान ने कहा की चिकनकारी का काम लंबे समय से हजारों स्थानीय कारीगरों की रोज़ी-रोटी का जरिया रहा है। ऐसे में नए शोरूम खुलने से स्थानीय कारीगरों को रोजगार मिलने की उम्मीद भी बढ़ी है। वहीं मोहम्मद आतिफ़ ने बताया की ऑनलाइन बाजार और बड़े ब्रांड्स के दौर में भी लखनऊ की पारंपरिक चिकनकारी की मांग लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा की हमें उम्मीद है कि यह नया शोरूम ग्राहकों के बीच खास पहचान बनाएगा। हमारी योजना आने वाले समय में अपने कारोबार को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और दूसरे शहरों तक भी पहुंचाने की है, ताकि लखनऊ की चिकनकारी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिल सके।

# ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के भव्य भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विकास नगर स्थित गेस्ट हाउस में तीसरे मंगलवार के अवसर पर भव्य भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, भक्तिमय झांकियां और भव्य आरती ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। साथ ही समाज सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हनुमान मंदिर नैमिषारण्य धाम के पीठाधीश्वर पवन जी महाराज ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी एवं राजीव मिश्र ने कहा कि बजरंगबली की कृपा से देर रात तक भक्तिमय वातावरण में भक्ति रस का आनंद लेने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि 17वें विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण के साथ भजन संध्या, सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुतियां, झांकियां और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ददन मिश्रा, भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार तथा पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनएचएम कर्मचारियों ने आज दूसरे दिन भी काली पट्टी बाँध कर किया विरोध प्रदर्शन

सीतापुर। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध उ0प्र0राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ(रज़ि0) के नवागत जिला अध्यक्ष शम्भू दयाल ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशों के क्रम में जनपद सीतापुर के समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बाँध कर कार्य करते हुए विगत 2 माह से लंबित मानदेय के विरोध में प्रदर्शन जा रहा है। जिसका ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर को दिया जा चुका है।संगठन द्वारा बताया गया कि इस प्रदेशव्यापी विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएचएम के संविदा चिकित्सक, एएनएम, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ, पैरामेडिकल स्टॉफ, बीपीएम, बीसीपीएम, मैनेजमेंट स्टॉफ सहित अन्य समस्त संविदा कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मार्च एवं अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक न मिलने के कारण कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। बच्चों के विद्यालयों का नया सत्र प्रारम्भ होने के बावजूद कर्मचारी फीस, पुस्तकों एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। संघ द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह विरोध कार्यक्रम 18 मई से चल रहा जोकि 20 मई 2026 को भी पूरे प्रदेश में जारी रहेगा।

# युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने दिया इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। अंकित तिवारी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपते हुए स्पष्ट किया है कि वे भले ही अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं, लेकिन पार्टी के साथ उनका जुड़ाव हमेशा की तरह मजबूत बना रहेगा।

अंकित तिवारी ने अपने बयान में कहा, ''मैं यह पूरी तरह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि मैं कांग्रेस पार्टी का एक समर्पित सदस्य बना रहूँगा। पार्टी की विचारधारा, उसकी नीतियों तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति मेरी पूर्ण निष्ठा पहले की तरह ही अडिग और पूर्ववत बनी रहेगी।'' उनके इस बयान से यह साफ हो गया है कि पद छोड़ने के बाद भी वे कांग्रेस परिवार का हिस्सा बने रहेंगे और किसी अन्य राजनीतिक विकल्प की ओर नहीं देख रहे हैं।जनसेवा और संगठन के लिए समर्पित रहेंगेभविष्य की रणनीति और संगठन में अपनी भूमिका पर बात करते हुए अंकित तिवारी ने कहा कि पद पर न रहने के बावजूद जनसेवा का कार्य रुकने वाला नहीं है। वे आगे भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में जमीन पर उतरकर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और जनता की समस्याओं को उठाते रहेंगे।कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का जताया आभारअपने इस्तीफ़े के साथ ही उन्होंने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान उनका सहयोग किया। तिवारी ने कहा कि इस सफर में जितने भी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का स्नेह एवं समर्थन उन्हें मिला, उसके लिए वे सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। राजनीतिक गलियारों में उनके इस फैसले को लेकर चर्चाएं तेज हैं, लेकिन विचारधारा के प्रति समर्पण दिखाकर उन्होंने पार्टी के भीतर अपनी स्थिति को एक निष्ठावान सिपाही के रूप में बनाए रखा है।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े युवा: दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। समाजसेवी एवं प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना के बाद उनके शुभचिंतकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का लगातार उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने का सिलसिला जारी है।बताया गया कि सड़क दुर्घटना में गौरव राठी के पैर एवं सीने की पसली की हड्डी में फ्रैक्चर होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं उनकी धर्मपत्नी जया राठी को भी दुर्घटना में चोटें आई हैं, जिनका उपचार चल रहा है। गौरव राठी का इलाज वाराणसी के महमूरगंज स्थित फैक्चर क्लीनिक के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिनव अग्रवाल की देखरेख में किया जा रहा है।सूचना मिलते ही प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु स्वयं भेलूपुर स्थित जवाहर नगर आवास पहुंचे और गौरव राठी एवं उनके परिवार का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा दोनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। *त्भाजपा महानगर अध्यक्ष* प्रदीप अग्रहरि ने भी आज मोबाईल के जरिये गौरव राठी के स्वास्थ्य की समुचित जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की।!त गौरव राठी से मिलने के लिए सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों का लगातार आवागमन बना हुआ है। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं० | 106-Tele/Tender/06/2026-27 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, घोषणा आदि के प्रावधान और सुधार का दूरसंचार कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,75,82,504.75/- | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹ 3,51,700.00/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.06.2026 15:30 Hrs | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/ लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। •मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. – 106 टेली/ टेंडर/ 06 /2026-27 दिनांक: 19.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1690/2026

# लखनऊ में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था उच्चस्तरीय एवं होनी चाहिए ट्रिपिंग विहीन : डॉ. आशीष गोयल

❐ अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष लखनऊ की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बुधवार को गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल मुख्यालय पहुंचकर राजधानी लखनऊ की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की। लेसा के अधिशाषी अभियन्ता एवं उसके ऊपर के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने निर्देशित किया कि राजधानी होने के कारण लेसा के अधिकारियों एवं कार्मिकों की जिम्मेदारी ज्यादा महत्वपूर्ण है। यहॉ विद्युत आपूर्ति और व्यवस्था उच्चस्तरीय, ट्रिपिंग विहीन होनी चाहिए। इसके लिये प्रत्येक कार्मिक को ईमानदारी, परिश्रम एवं निष्ठा के साथ काम करना चाहिए। यहॉ जो कार्य नहीं कर पा रहा है उसे यहॉ से हटाइये।अध्यक्ष ने लेसा के मुख्य अभियन्ताओं से राजधानी की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था जिसमें विद्युत सामग्री, वाहनों एवं कार्मिकों की पर्याप्त उपलब्धता के सन्दर्भ में विस्तृत पूछताछ की।

बैठक में मुख्य अभियन्ता गोमती नगर, लखनऊ मध्य, जानकीपुरम तथा अमौसी ने बताया कि उनके क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में विद्युत सामग्री, अनुरक्षण वाहन एवं कार्मिक हैं। गार्मियों को देखते हुये सबको कार्य पर लगाया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की गयी है। वाट्सएप ग्रुप बनाये गये हैं। पेट्रांलिंग के लिये भी निर्देशित किया गया है।मुख्य अभियन्ता जानकीपुरम ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में जहॉ विद्युत आपूर्ति की समस्यायें आ रही हैं वहां जांच में पाया गया है कि रात्रि 10 बजे के बाद अचानक लोड बढ़ता है। जिससे फ्यूज सेट बार-बार डैमेज हो रहे हैं। इससे आपूर्ति प्रभावित होती है। इन क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने हेतु प्रयास तेज किये गये हैं। उपभोक्ताओं से भी सम्पर्क करके उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है।

अवर अभियन्ता, टी.जी-2 एस.डी.ओ. तथा अधिशाषी अभियन्ता देर रात्रि तक अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर रहते हैं।अध्यक्ष डॉ. गोयल ने कहा कि सही क्षमता क़े फ्यूज लगाये जाएं जिससे ट्रांसफार्मर क़ो डैमेज होने से बचाया जा सके। अगर गलत फ्यूज से ट्रांसफार्मर डैमेज हो गया तो लम्बे समय के लिये विद्युत व्यवधान हो जायेगा और उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में परेशानी होगी।अध्यक्ष ने कहा कि अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्यवाही करें जहॉ बार-बार ट्रिपिंग हो रही है। बिजली चोरी रोकने हेतु प्रयास तेज करें। उपभोक्ता से सम्पर्क कर उन्हें बतायें कि क्यों बार-बार लोड बढ़ने से विद्युत बाधित हो रही है। अधिकारी फोन उठाये और उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जो वाट्सएप ग्रुप बनाये गये हैं उनके माध्यम से विद्युत व्यवधान के बारे में सूचना दें। यह भी बतायें कि बिजली कितनी देर में सामान्य होने की सम्भावना है। स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय प्रमुख व्यक्तियों के सम्पर्क में रहें। उनको आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल सूचना मिल जाये इसकी व्यवस्था बनाये।

# आधी रात को ई-रिक्शा से पहुंचे बदमाशों ने चौकीदार को पीटा, पेट्रोल पम्प लूटकर हुए फरार

❐ 8100 रुपये व मोबाइल लूटकर हुए फरार, विरोध करने पर चौकीदार को पीटा

❐ खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें गठित

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिगवां थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पेट्रोल पम्प पर हुई दुस्साहसिक लूट की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। ई-रिक्शा से पहुंचे बदमाशों ने कर्मचारियों को आतंकित कर नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर चौकीदार की पिटाई कर आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

ग्राम सिंहपुर निवासी ऋषि यादव पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने महिगवां थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 19 मई की रात करीब एक बजे उनके पेट्रोल पम्प पर ई-रिक्शा से कुछ अज्ञात युवक पहुंचे। पहले उन्होंने सामान्य ग्राहक बनकर बातचीत की, लेकिन कुछ ही देर में कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि बदमाश करीब 8100 रुपये नकद और मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन छीन ले गए।पीड़ितों के विरोध करने पर आरोपियों ने पम्प पर तैनात चौकीदार विपिन कुमार के साथ मारपीट की। अचानक हुई वारदात से पेट्रोल पम्प परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही महिगवां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।अधिकारियों के मुताबिक घटना के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## सीसीटीवी फुटेज के सहारे बदमाशों तक पहुंचने में जुटी पुलिस

पेट्रोल पम्प लूटकांड के खुलासे के लिए महिगवां पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में संदिग्ध ई-रिक्शा और उसमें सवार युवकों की गतिविधियां कैद होने की संभावना जताई जा रही है।पुलिस तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। घटना के खुलासे के लिए गठित दो टीमें आसपास के क्षेत्रों में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

## देर रात वारदात से सहमे कर्मचारी व ग्रामीण

महिगवां क्षेत्र में पेट्रोल पम्प पर हुई लूट की घटना के बाद कर्मचारियों और आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि देर रात पहुंचे बदमाशों ने पहले सामान्य ग्राहक बनकर बातचीत की और फिर अचानक लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर चौकीदार की पिटाई से सभी सहम गए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर रहती है, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। लोगों ने पेट्रोल पम्पों पर सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी निगरानी और रात में सख्त पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# जनसुविधाएं सर्वोपरि अभियान के क्रम में पेयजल संकट और सीवर चोक की समस्या पर सख्त रुख

❐ अधिकारियों को मिला 72 घंटे का अल्टीमेटम

❐ जानकीपुरम, मड़ियांव, फैजुल्लागंज, केशव नगर और शिव विहार सहित कई क्षेत्रों की समस्याओं पर हुई विस्तृत समीक्षा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाओं में कोई असुविधा न हो और उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान हो, इसे शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए आज विधायक नीरज बोरा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक आवश्यक समीक्षा बैठक कर कड़ी फटकार लगाई। बैठक में क्षेत्र में व्याप्त सीवर चोक और गंदे पानी की आ रही गंभीर शिकायतों पर अधिकारियों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की और महाप्रबंधक जलकल, सुएज़ इंडिया के प्रतिनिधि और अधिशासी अभियंता को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 72 घंटे का सख्त अल्टीमेटम दिया। बैठक के दौरान क्षेत्रवार आ रही समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखकर जवाब-तलब करते हुए समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर सीवर चोक और ओवरफ्लो की समस्या वाले क्षेत्रों जानकीपुरम, मड़ियांव गांव, सरस्वतीपुरम, सेक्टर-एफ, ई.डब्ल्यू.एस. पॉकेट सेक्टर-एफ, शिव विहार, आरोही अपार्टमेंट चौक, फैजुल्लागंज, केशव नगर और कृष्ण लोक कॉलोनी जिनमें स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत की जानकारी होने पर चौक में आरोही बिल्डिंग जाकर लोगों की समस्या को समझा भी जिसे तुरंत ठीक करने के सख्त निर्देश दिए गए। गंदा और बदबूदार पानी (पेयजल संकट) वाले क्षेत्र रूपपुर खदरा, शिवलोक खदरा इन क्षेत्रों से लगातार दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति होने की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों को वॉटर लाइनों की तत्काल चेकिंग और लीकेज सुधारने को कहा गया है।'' डा बोरा ने कहा कि जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और सुचारू सीवर व्यवस्था प्रदान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। भीषण गर्मी के इस मौसम में जनता को पानी और सीवर के लिए परेशान होना पड़े, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को 72 घंटे का समय दिया गया है, यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'' इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप सिंह (महाप्रबंधक, जलकल), रजनीश कुमार (प्रतिनिधि, सुएज़ इंडिया), मनोज कुमार (अधिशासी अभियंता, जलकल ज़ोन-3) बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अल्टीमेटम की समय सीमा के भीतर ही इन सभी चिन्हित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर काम शुरू कर आम जनता को राहत पहुंचाई जाएगी।

# दम्पति शिक्षकों ने अंतर्जनपदीय स्थानांतरण एवं रिक्त पदों को स्थानांतरण से भरे जाने के संबंध में दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत दम्पति शिक्षकों ने अंतर्जनपदीय स्थानांतरण एवं रिक्त पदों को स्थानांतरण से भरे जाने के संबंध में बुद्धवार को महानिदेशक बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी को दिया है।

राजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पति-पत्नी दोनों अलग-अलग जनपदों में सेवारत हैं। वर्षों से परिवार से दूर रहकर सेवा देने के कारण हम सभी गंभीर पारिवारिक, मानसिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रश्मी पांडेय बताती है कि इस स्थिति में छोटे बच्चों का पालन-पोषण, बुजुर्गों की देखभाल एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन अत्यंत कठिन हो गया है। सौष्ठव त्रिपाठी(फतेहपुर) का कहना है कि कानपुर, लखनऊ, मेरठ सहित अन्य जनपदों के पद अगर सीधे भर्ती से भर दिए जाएंगे, तो वर्षों से इन जनपदों में स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों की उम्मीद समाप्त हो जाएगी। पहले इन रिक्त पदों को स्थानांतरण से भरा जाए, तत्पश्चात शेष पदों पर नई भर्ती की जाए। सुचित्रा भट्टाचार्य ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों से शिक्षक दंपति अपनी मांगों को धरना और प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी आश्वासन देकर वापस कर देते हैं। इस मौके पर बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, चंदौली फतेहपुर, हमीरपुर, कानपुर, लखीमपुर सीतापुर, मेरठ, आगरा, सहारनपुर, बाँदा आदि जनपदों से दम्पति बेसिक शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमें राजेश त्रिपाठी, ज्ञान प्रकाश राय, मनीष दीक्षित, रश्मी पांडेय सुचित्रा भट्टाचार्य, सुभाष पांडे श्रीवर पांडे, नितिन शर्मा, आसिफ खान, सौष्ठव त्रिपाठी , आशीष शुक्ला, कृष्ण चन्द्र सोनकर और जितेंद्र कुमार आदि प्रमुख हैं।

## ऑफिस जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद, गाली-गलौज और तोड़फोड़ का आरोप

**चिनहट, लख़नऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर तनाव का मामला सामने आया है। बुद्ध विहार निवासी प्रभाकर प्रहराज ने चिनहट थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके ऑफिस जाने वाले रास्ते पर लगे खंडों को जेसीबी से हटाकर रास्ता बंद करने का प्रयास किया और विरोध करने पर गाली-गलौज की। पीड़ित के अनुसार उनका कार्यालय धावा क्षेत्र में प्लॉट है। आरोप है की मनीष शर्मा नामक व्यक्ति कुछ अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और ऑफिस के रास्ते को क्षतिग्रस्त करने लगा। सूचना मिलने पर जब पीड़ित मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पीड़ित का कहना है कि रास्ते को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन रास्ता बंद करने का प्रयास कर रहा है। चिनहट पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले युवा नेता बीनू शुक्ला, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लगातार संगठन को मजबूत करने में सक्रिय युवा नेता बीनू शुक्ला ने आज नई दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी से शिष्टाचार मुलाकात की।बीनू शुक्ला, जो 171 लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं। वहीं बीनू शुक्ला ने संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात आने वाले चुनावों के दृष्टिकोण से काफी अहम मानी जा रही है। भाजपा के जनाधार को और मजबूत करने तथा क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ।बीनू शुक्ला ने कहा कि भाजपा की नीतियों और संगठन की ताकत को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए वह निरंतर कार्य कर रहे हैं और पार्टी नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह मुलाकात लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को और मजबूती देने के साथ आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## निगोहां में दो आत्महत्याओं से सनसनी, किशोरी समेत युवक ने फांसी लगाकर दी जान




**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में किशोरी और युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की दो घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। पहली घटना निगोहां थाना क्षेत्र के विरसिंहपुर गांव की है, जहां बुधवार सुबह 15 वर्षीय ज्योति पुत्री अरुण कुमार ने घर के कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं दूसरी घटना गोसाई खेड़ा मजरा शेरपुर लवल गांव की है, जहां 19 वर्षीय दीपक गोस्वामी पुत्र राम उदित गोस्वामी उर्फ बबलू गोस्वामी ने मंगलवार देर रात घर से करीब 70 मीटर दूर जामुन के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों मामले आत्महत्या के प्रतीत हो रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## मदारपुर गांव में चोरों ने बोला धावा, तीन घरों से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मदारपुर गांव में मंगलवार रात चोरों ने बड़े ही साहसिक तरीके से तीन घरों पर एक साथ धावा बोल दिया। चोरों ने एडवोकेट नरेंद्र पासवान ,गुड्डू पासवान तथा उनके पड़ोसी चंद्रेस्वर के घरों को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली।पीड़ित एडवोकेट नरेंद्र पासवान ने बताया कि रात भर बार-बार बिजली आवाजाही होने के कारण परिवार वाले 12 बजे तक जागते रहे। रात करीब 1 बजे बिजली आने पर वे नीचे कमरे में सोने चले गए। ठीक इसी दौरान चोरों ने पड़ोस के घरों सहित मेरे घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरी में लाखोंचोरों ने झुमकी, पाजेब, कमरपेटी, नथुनी, मांग टीका, झाला झुमकी समेत भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, नगद 5 हजार रुपये और एक कीपैड मोबाइल फोन चुरा लिया।चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ितों ने तुरंत गोसाईगंज कोतवाली को लिखित शिकायत दी है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

# गायत्री नगर में आयोजित हुआ बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

❐ लाभार्थियों को नि:शुल्क परामर्श, दवा वितरण किया गया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । स्वास्थ्य सेवाओं को सरल एवं सुगम तरीके से जन-जन तक पहुँचाने के अभियान मे जुटे बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रहीम नगर फैजुल्लागंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही साथ निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 67 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। स्थानीय निवासियों ने इस विशाल चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के इस शिविर में 162 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा लाभ प्राप्त लाभार्थियों में शाहीन 51 वर्ष को बीपी/शुगर की, रामप्रसाद 56 वर्ष को बीपी शुगर, सर्वेश शर्मा 39 वर्ष को बीपी शुगर, मीरा देवी 53 बीपी शुगर, प्रेम कुमार 46 को बीपी शुगर, गुड्डी 47 वर्ष को हाथों पैरों में दिक्कत का उपचार प्रदान किया गया। साथ ही साथ शालिनी अवस्थी,यास्मीन बनो,विजय शंकर, अजय वर्मा, कुसुमा सहित कई अन्य लाभार्थियों को भी मुफ्त जांच के साथ दवा दी गई। सही एवं सटीक सहायता मिलने पर सभी ने सेवा अस्पताल से पधारे डॉक्टरों की टीम एवं बोरा फाउंडेशन का धन्यवाद किया। मेडिकल की टीम ने मौसमी बीमारियों से बचाव और बेहतर जीवनशैली के लिए लोगों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# स्वस्थ युवा, सशक्त समाज से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव: विधायक नीरज बोरा

❐ फैज़ुल्लागंज के सेमरा गौढ़ी क्षेत्र में नई ओपन-एयर जिम का हुआ भव्य शिलान्यास

❐ क्षेत्रवासियों और युवाओं की सेहत को ध्यान में रखते हुए उठाया गया बड़ा कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । स्थानीय युवाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और क्षेत्रवासियों को आधुनिक जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ आज फ़ैज़ुल्लागंज प्रथम वार्ड के अंतर्गत सेमरा गौढ़ी क्षेत्र में एक नए जिम (व्यायामशाला) का भव्य शिलान्यास किया गया।

इस नए जिम के निर्माण से स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में स्वास्थ्य लाभ और शारीरिक विकास के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। इस अवसर पर विधायक डा नीरज बोरा ने फीता काटकर जिम को जनता के सुपुर्द किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस जनोपयोगी पहल का स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि ''क्षेत्र के युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के तपस्वी मुख्यमंत्री श्रद्धेय योगी जी का मानना है कि एक स्वस्थ युवा ही सशक्त और समृद्ध समाज की असली नींव होता है। उसी दृष्टिगत हमारी सरकार स्वास्थ्य को प्राथमिकता पर रखते हुए योग से लेकर व्यायाम तक सभी आयामों को एकाकार करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह जिम क्षेत्रवासियों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस जिम की स्थापना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे और स्क्रीन एडिक्शन से दूर कर फिटनेस और खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना है। फ़ैज़ुल्लागंज प्रथम वार्ड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में यह एक और बड़ा कदम है।'' इस अवसर पर पार्षद श्रीमती रश्मि सिंह, सत्यदेव सिंह, अशोक रावत, मुन्ना सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सेमरा गौढ़ी क्षेत्र के निवासियों और विशेषकर युवाओं ने इस सौगात के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी पहचान के सहारे बीकेटी में रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

❐ क्लीनिक चलाकर करता था इलाज, फर्जी दस्तावेजों से बनवा लिया था भारतीय पासपोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बीकेटी पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। आरोपित लंबे समय से बीकेटी क्षेत्र में रहकर क्लीनिकनुमा दुकान संचालित कर लोगों का इलाज कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसने कूटरचित अभिलेखों के जरिए भारतीय आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट तक बनवा लिया था।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित की पहचान अरूप बख्शी पुत्र खोकेन बख्शी निवासी देवभोग जिला नरैल, बांग्लादेश के रूप में हुई है। वह वर्तमान में मूसानगर अस्ती रोड, थाना बीकेटी क्षेत्र में रह रहा था। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब बीकेटी थाने में तैनात उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार को सूचना मिली कि एक बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के सहारे इलाके में रह रहा है।सूचना के आधार पर थाना बीकेटी में बीट प्रभारी योगेंद्र कुमार ने थाने पर एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित खुद को भारतीय नागरिक बताकर क्षेत्र में वर्षों से रह रहा था और लोगों का इलाज भी कर रहा था।मंगलवार देर रात मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने किसान पथ स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र फ्लाईओवर के नीचे घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से आधार कार्ड, 300 रुपये नकद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था और फर्जी दस्तावेजों के जरिए पहचान पत्र बनवाए थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसे दस्तावेज तैयार कराने में किन लोगों और एजेंटों ने मदद की।

## इलाज के बहाने बना ली थी स्थानीय पहचान

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित बीकेटी क्षेत्र में क्लीनिकनुमा दुकान चलाता था, जहां वह लोगों को दवा और उपचार उपलब्ध कराता था। स्थानीय लोगों के बीच उसने खुद को भारतीय नागरिक और चिकित्सक के रूप में स्थापित कर लिया था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि उसके पास कोई चिकित्सकीय डिग्री या लाइसेंस था अथवा नहीं।

## फर्जी दस्तावेजों के नेटवर्क की तलाश

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि फर्जी दस्तावेज तैयार कराने वाले नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। आशंका है कि आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट बनवाने में कई लोगों की भूमिका हो सकती है। पुलिस संबंधित विभागों से दस्तावेजों का सत्यापन करा रही है और आरोपित के संपर्क में रहे लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह किसान पथ अंडरपास के नीचे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, रायबरेली की ओर से आ रहे ट्रक संख्या क्क्ट 46क 6379 ने साइकिल सवार प्रेमचंद (पुत्र जय किशन, निवासी दाडा सिकंदर, थाना मोहनलालगंज) को टक्कर मार दी। हादसे में प्रेमचंद की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।मजदूरी करने जा रहे थे, तभी हुआ हादसाप्रेमचंद मजदूरी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी माधुरी देवी, तीन बेटियां शशि, नेहा और शिल्पी तथा दो बेटे सुशील और सुमित हैं। परिजनों के मुताबिक, वह बुधवार सुबह मजदूरी करने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई, योग और नई तकनीक सीखने का संदेश

❐ जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में मेधावी छात्र सम्मानित, योग व एआई शिक्षा पर दिया गया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में ग्रीष्मावकाश से पूर्व आयोजित प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को छुट्टियों का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने, योग अपनाने तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विज्ञान परियोजनाओं जैसी नई तकनीकों की जानकारी हासिल करने की सलाह दी।

विद्यालय में आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही जंग बहादुर वर्मा राम रानी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से भविष्य में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मिनी स्टेडियम गंगागंज में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विद्यालय के छात्र प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पकौड़े और नींबू शरबत वितरित किया गया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार 21 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा तथा इस दौरान ह्लप्रोजेक्ट प्रवीणङ्क के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण भी संचालित किया जाएगा। इस मौके शिक्षक शम्भू दत्त एवं पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार एवं गुमानी खेड़ा के प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा, रवी वर्मा मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक, दिए निर्देश

❒ बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराने के व्यापक प्रबंध किये जाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत वर्षाऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से ''वृक्षारोपण जन अभियान-2026'' के तहत मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में ल्लवृक्षारोपण जन अभियान-2026ङ्क की रूपरेखा तय की गई। बैठक में केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

बैठक में उप प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) अभय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा जनपद को 92 लाख 87 हजार 753 पौध पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराने के व्यापक प्रबंध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निर्धारित 92 लाख 87 हजार 753 पौधों तक ही सीमित न रहें। विभागीय परिसंपत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त भी है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें।

डीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आज आवश्यकता ही नहीं बल्कि मजबूरी बन गया है। वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पाने का सबसे आसान उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बैठक में डीएम ने सभी विभागीय अफसरो के साथ स्थल चयन के साथ-साथ गड्ढे के खुदान, जून माह में नर्सरी एवं पौध चयन, जून के अंत तक पौध उठान सहित पौधरोपण के निर्देश के साथ की पूरी रूपरेखा बनाने को कहा।

बैठक मे सीडीओ अभिषेक कुमार ने अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने लक्ष्य क्षेत्र चयन, गड्ढा खुदाई, नर्सरी में पौधे की तैयारी पौध आपूर्ति क्रियान्वयन, नर्सरीवार उपलब्ध पौध का विवरण, वृक्षारोपण में प्रयुक्त प्रजातियां, कंट्रोल रूम एवं वाररूम की स्थापना, क्रियाशीलता संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## विभागवार पौधरोपित किए जाने का लक्ष्य

वन विभाग (दक्षिण 13 लाख + उत्तर खीरी 14.45 लाख) 27.45 लाख, पर्यावरण 2.69 लाख, ग्राम्य विकास 37,22,353, राजस्व 3.52 लाख, पंचायतीराज 4.27 लाख, आवास विकास 9,000, औद्योगिक विकास 15,000, नगर विकास 48,000, लोक निर्माण 24,000, सिंचाई (जल शक्ति) 25,000, रेशम 33,000, कृषि 8.37 लाख पशुपालन 17,000, सहकारिता 18,620, उद्योग 16,000, विद्युत 13,020, माध्यमिक शिक्षा 25,000, बेसिक शिक्षा 41,000, प्राविधिक शिक्षा 11,000, उच्च शिक्षा 41,000, श्रम 3,600, स्वास्थ्य 24,000, परिवहन 3,400, रेलवे विभाग 29,000, रक्षा 8,000, उद्यान 5.19 लाख पुलिस (गृह विभाग) 11,760।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान ,ट्रॉफी पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एम. जी. जी. पब्लिक स्कूल, गुलरामऊ (महमूदाबाद, सीतापुर) में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही एक मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपनी सालभर की कड़ी मेहनत का मीठा फल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### मेधावियों को मिला सम्मान, बढ़ाया गया हौसला

समारोह के मुख्य आकर्षण विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राएं रहे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।विद्यालय के संरक्षक जमील अहमद ने सभी सफल विद्यार्थियों को मेडल, चमचमाती ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अफजाल अहमद अंसारी ने

❒ अभिभावकों ने भी जताया स्कूल प्रबंधन का आभार

बच्चों की पीठ थपथपाई, उन्हें दुलार किया और उनके उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना की।

### कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का परिणाम: प्रधानाध्यापक

इस गौरवपूर्ण अवसर पर बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक अफजाल अहमद अंसारी ने कहा, ''बच्चों की यह शानदार सफलता उनकी दिन-रात की कड़ी मेहनत, एकाग्रता और हमारे योग्य शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का संयुक्त परिणाम है। स्कूल केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### अभिभावकों से संरक्षक की विशेष अपील

विद्यालय के संरक्षक जमील अहमद ने शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा, '' आज के ये बच्चे ही कल का भविष्य हैं। अगर इन्हें सही संस्कार और माहौल मिले, तो ये आगे चलकर अपने परिवार, क्षेत्र और पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

''शिक्षक स्टाफ की रही गरिमामयी। उपस्थिति कार्यक्रम को सुचारू और अनुशासित रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम में आदि से अंत तक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक मुख्तार अहमद और मोध इकराम अंसारी सहित अन्य सभी अध्यापकों का विशेष योगदान रहा। सभी गुरुजनों ने अपने प्रिय शिष्यों को गले लगाकर उन्हें अगली कक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।बच्चों और अभिभावकों में दिखा भारी उत्साहअपनी-अपनी कक्षाओं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं ने अवॉर्ड पाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कई भावुक बच्चों ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों की प्रेरणा को दिया। इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने के लिए स्कूल स्टाफ के साथ-साथ भारी संख्या में अभिभावक, मातृशक्ति और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने विद्यालय की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# कैनविज टाइम्स कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन

❒ जनपद के गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कैनविज टाइम्स कार्यालय में मंगलवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता एवं पूज्य महंत बजरंग मुनि महाराज जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, पत्रकार बंधुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर मा0 पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी अपूर्व अग्रवाल, भाजपा युवा नेता सागर गुप्ता, दिलीप अरोरा, संजीव गुप्ता, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता नगरपालिका परिषद खैराबाद, आरजेजे स्कूल प्रबंधक कुलदीप जायसवाल एवं सीतापुर टाटा ब्रांच हेड शैलेन्द्र मिश्रा ल्लशैलूङ्क सहित अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने



आयोजन की सराहना करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों को समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने वाला बताया। भंडारे के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और स्नेह से ही आयोजन सफल हो सका।

## एआरटीओ ने चलाया अभियान 02 बसें बंद, 18 वाहनों पर कार्रवाई

शाहजहांपुर। जनपद में नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ एआरटीओ (प्रवर्तन) हरिओम, पीटीओ आरपी गौतम तथा यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बसों, डंपरों और ऑटो वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग अभियान के अंतर्गत करीब 25 बसों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 02 बसों के चालान किए गए तथा 02 बसों को बंद कर दिया गया। बंद की गई बसों में मौजूद यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज बसों से रवाना कराया गया।इसके अलावा कार्रवाई करते हुए 02 डंपर एवं 04 ऑटो को विभिन्न थानों में निरुद्ध किया गया। इसके अलावा 12 अन्य वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की गई। एआरटीओ (प्रवर्तन) ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों को निर्देशित किया है कि किसी भी वाहन का संचालन नियमों के विरुद्ध न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रतिभा अलंकरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद क्षेत्र के स्थानीय विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद के सभागार में सोमवार को प्रतिभा अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर के एसीजेएम न्यायालय के न्यायाधीश महेंद्र सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रगतिशील किसान मंच के संयोजक उत्कर्ष दीक्षित एवं जवाहर नवोदय विद्यालय फिरोजाबाद के उप प्रधानाचार्य श्री वी.सी. प्रजापति मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत से हुआ। विद्यालय के प्रशासक अशोक प्रजापति ने मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में खैराबाद क्षेत्र के हाईस्कूल

❒ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर के एसीजेएम न्यायालय के न्यायाधीश महेंद्र सिंह उपस्थित रहे

एवं इंटरमीडिएट के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 5100 रुपये तथा किसी विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2500 रुपये की नगद धनराशि प्रदान की गई। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक आमिर रिजवी द्वारा अपने दादा स्वर्गीय खान बहादुर एहतराजुल हसन की स्मृति में दिया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अभय किरण अवस्थी ने स्वर्गीय खान बहादुर एहतराजुल हसन के व्यक्तित्व एवं योगदान पर प्रकाश डाला। हाईस्कूल की छात्रा कनक रस्तोगी एवं इंटर की छात्रा सोनाक्षी ने क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सम्मानित विद्यार्थियों में सना खातून, सरिता देवी, माही राजपूत, लकी सैनी, श्याम प्रकाश एवं प्रतीक मिश्रा प्रमुख रहे।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।विद्यालय के उप प्रधानाचार्य के.बी. श्रीवास्तव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ-साथ हेड बॉय, हेड गर्ल, कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक आमिर रिजवी, प्रधानाचार्य अभय किरण अवस्थी, प्रशासिका श्रीमती लुबना रिजवी सहित अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।समारोह के अंत में उप प्रधानाचार्य के.बी. श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में तबादला नीति में बड़ा बदलाव डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश शासन ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के स्थानांतरण संबंधी नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा 19 मई 2026 को आदेश जारी किया गया है।

जारी शासनादेश के अनुसार अब केवल सेवाकाल के आधार पर चिकित्सकों और नर्सिंग अधिकारियों का अनिवार्य रूप से जनपद या मंडल से बाहर स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। शासन ने पूर्व में जारी स्थानांतरण नीति के कुछ प्रावधानों में शिथिलता प्रदान की है।आदेश में कहा गया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी यदि किसी जनपद में 3 वर्ष तथा किसी मंडल में 5 वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं तो उनका

❒ अब सेवाकाल के आधार पर चिकित्सकों और नर्सिंग अधिकारियों का अनिवार्य रूप से जनपद या मंडल से बाहर स्थानांतरण नहीं किया जाएगा

स्थानांतरण जनपद या मंडल से बाहर किया जाएगा। वहीं संयुक्त निदेशक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चिकित्सा अधीक्षक यदि किसी जनपद या मंडल में 5 वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं तो उन्हें भी बाहर स्थानांतरित किया जाएगा।हालांकि चिकित्सीय कार्यों में लगे डॉक्टरों तथा नर्सिंग अधिकारियों (स्टाफ नर्स) को केवल सेवाकाल के आधार पर जनपद अथवा मंडल से बाहर स्थानांतरित करने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है जिससे बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों को राहत मिलने की संभावना है।नई व्यवस्था के तहत जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन तैनात अधीक्षक और एमओआईसी को 3 वर्ष पूर्ण होने पर उसी जनपद में सक्षम स्तर द्वारा अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकेगा।शासनादेश में आकांक्षी जनपदों और विकासखंडों को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। इनमें अधिकतम कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी तथा वहां 2 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को विकल्प के आधार पर अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकेगा।इसके अतिरिक्त लिपिकीय एवं नर्सिंग स्टाफ के मामलों में गंभीर बीमारी की स्थिति में ही पुनः पूर्व तैनाती स्थल पर नियुक्ति की अनुमति दी जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरण किए जा सकेंगे लेकिन इसके लिए सक्षम स्तर से अनुमोदन आवश्यक होगा।शासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नई व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

# भीखमपुर में भू-माफियाओं का तांडव, प्रशासन मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संसारपुर, खीरी। जिले में एक तरफ जहां अवैध कब्जों और भू-माफियाओं पर बाबा का बुलडोजर गरज रहा है, वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत डाटपुर ग्रंट के भीखमपुर गाव से कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाली एक बेहद हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है।

भीखमपुर में अवैध रूप से इंटरलॉकिंग, खड़ंजे और यहाँ तक कि आस्था के केंद्र यानी देवस्थान की सरकारी जमीन पर भी दबंगों ने अवैध कब्जा जमा लिया है।?सबसे बड़ा और गंभीर सवाल यह है कि लगातार कई प्रतिष्ठित अखबारों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होने के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। आखिर प्रशासन की इस रहस्यमयी खामोशी की वजह क्या है। इस पूरे मामले में क्षेत्रीय एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी की बड़ी लापरवाही खुलकर सामने आई है। मीडिया द्वारा बार-बार मामला संज्ञान में

❒ लगातार छपती रहीं खबरें, पर सोता रहा सिस्टम; द्गक्व प्रतीक्षा त्रिपाठी की लापरवाही आई सामने

लाए जाने के बाद भी अब तक धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जनता अब सीधे सवाल पूछ रही है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे हैं। भीखमपुर और आसपास के गाव और क्षेत्र की जनता के बीच अब यह चर्चा आम हो चुकी है कि आखिर प्रशासन इस कदर मुकदर्शक क्यों बना हुआ है क्या इस अवैध कब्जे के पीछे किसी बड़े रसूखदार का दबाव है, या फिर भू-माफियाओं को किसी सफ़ेदपोश का खुला संरक्षण प्राप्त है बड़ा सवालः जब आम आदमी की छोटी सी झोपड़ी पर बुलडोजर चल जाता है, तो फिर देवस्थान और सरकारी खड़ंजे की जमीन निगलने वाले इन मगरमच्छों पर मेहरबानी क्यों?आखिर कब जागेगा प्रशासन और कब मुक्त होगी देवस्थान की जमीन।

## उरई की घटना को लेकर वैश्य समाज में आक्रोश, दोषी डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** व्यापारी नेता एवं पत्रकार मोहित जायसवाल के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने उरई में हुई मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।पत्रकारों से रूबरू होते हुए डॉ. सुमंत गुप्ता ने कहा कि उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में श्री बृजकिशोर गुप्ता एवं उनके पुत्र के साथ करीब तीन सौ जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों द्वारा कथित रूप से की गई बर्बर मारपीट बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को समाज में भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, लेकिन जिन हाथों में स्टेथोस्कोप होना चाहिए, उनमें यदि मारपीट और हिंसा के दृश्य दिखाई दें तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है तथा वैश्य समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। डॉ. गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ धारा 307 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।उन्होंने जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों को चिन्हित कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि समाज किसी भी कीमत पर ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा।इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित दास गुप्ता सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद।

## मेधावी छात्राओं का सम्मान, इंडियन बैंक ने किया पुरस्कृत



**महमूदाबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इण्डियन बैंक की ओर से प्रकाश ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, महमूदाबाद सीतापुर के प्रकाश सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शिखा वर्मा एवं हाईस्कूल में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कशिश वर्मा को शील्ड एवं ?2500 की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर इंडियन बैंक के हेड मैनेजर दीपक गोस्वामी, रीजनल हेड रनवीर सिंह, जिला प्रबंधक सीतापुर मनोज कुमार, मैनेजर रीजनल ऑफिस पूजा वर्मा, ब्रांच मैनेजर महमूदाबाद वर्षा पाठक तथा मार्केटिंग हेड अंकुश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समाजसेवी अरुण कुमार वर्मा, विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा एवं तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को माल्यार्पण कर तथा पौधे स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया गया।इस गरिमामयी अवसर पर क्व्द्वद्दप्र्थ्द्व प्रेस से असिस्टेंट जनरल मैनेजर दिलीप सिंह एवं मीडिया मार्केटिंग शिवेंद्र गुप्ता की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## वीएचएसएनडी सत्र निरीक्षण में मिलीं भारी खामियां, एएनएम का 6 माह का वेतन रोकने के निर्देश



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज प्राथमिक विद्यालय देवीपुर, विकास खण्ड कमसण्डा में वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 स्नेहनलता से वार्ता करते हुये एच0आर0पी0 ट्रैकिंग रजिस्टर का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने एवं दवाओं का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अन्य रजिस्टरों का रख-रखाव भी सही नही पाया गया। गर्भवती महिला की बुकलेट देखते हुये टीकाकरण न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुये जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ए0एन0एम0 स्नेहलता का 06 माह तक वेतन रोकते हुये अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लायें। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये उपकरणों एवं रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमियां पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमला देवी के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। साथ ही वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र संचालित है अथवा नही, की निगरानी न रखनें एवं आईस बाक्स की स्थिति सही न होने के कारण सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 18 पत्रावली में 02 दंपति का हुआ समझौता, किया विदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में बुधवार को पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें 18 पत्रावली पर सुनवाई की गई तथा 02 दम्पति को सकुशल विदा किया गया।थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक दंपति का विवाह लगभग 02 वर्ष पूर्व हुआ था। पीड़िता पिछले 06 माह से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति अपने माता-पिता को अधिक महत्व देते हैं तथा उसे घर से बाहर आने-जाने की स्वतंत्रता नहीं देते थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और वो नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर समझाया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इसी तरह थाना रामचंद्र मिशन के एक दंपति की शादी करीब 02 साल पहले हुई थी और पीड़ित पत्नी पिछले 02 माह से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि वो जब भी मायके जाने की बात करती थी, तो पति उसे जाने से रोकता था तथा विवाद होने के बाद ही वह अपने मायके आ पाती थी। द्वितीय पक्ष पति ने बताया कि उसकी पत्नी बिना बताए अपने मायके चली जाती है, जिस कारण दोनों के मध्य विवाद हुआ और उसकी पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर समझाया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए। फिलहाल, दोनों दंपति को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा,महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, शीतल चौहान, निशा मिश्रा, रश्मि चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बड़े बैनामों पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की पैनी नजर, जमीन पर उतरकर जांचे दस्तावेज

❒ महाराज नगर, आवास विकास और राजगढ़ में मौके पर पहुंचकर की पड़ताल

❒ स्टांप शुल्क, बाजार मूल्य और संपत्तियों का कराया मिलान, मचा हड़कंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में बड़े बैनामों और स्टांप शुल्क की जांच को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क मोड में नजर आ रहा है। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्टांप एवं निबंधन विभाग के अधीन हुए तीन बड़े बैनामों की खुद मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच की। डीएम के अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया।

डीएम ने उप निबंधक कार्यालय से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा करने के बाद सीधे फील्ड में पहुंचकर महाराज नगर, आवास विकास कॉलोनी और राजगढ़ मोहल्लों में भूखंडों व आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैनामों में दर्शाई गई संपत्तियों की वास्तविक स्थिति, भूमि का स्वरूप, निर्माण की स्थिति और लगाए गए स्टांप शुल्क का मौके पर सत्यापन कराया। कई स्थानों पर डीएम ने नक्शा, अभिलेख और मौके की स्थिति का मिलान कर गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान सहायक निबंधक एवं आयुक्त अमिताभ कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। डीएम ने अधिकारियों से बैनामों में दर्ज क्षेत्रफल, सर्किल मूल्य और स्टांप शुल्क के निर्धारण संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली। बताते चलें कि प्रशासन की नजर खासतौर पर उन बड़े बैनामों पर है, जिनमें राजस्व क्षति या संपत्ति के कम मूल्यांकन की आशंका रहती है। डीएम ने एआईजी स्टांप को स्पष्ट निर्देश दिए कि बैनामों की जांच पूरी पारदर्शिता और गंभीरता से की जाए। यदि कहीं भी स्टांप शुल्क की चोरी, गलत मूल्यांकन अथवा नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व हितों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम के इस एक्शन मोड निरीक्षण से स्टांप एवं निबंधन विभाग में दिनभर हलचल बनी रही। अचानक हुई स्थलीय जांच को लेकर कई लोगों में चर्चा रही कि अब बड़े बैनामों पर प्रशासन की नजर और ज्यादा पैनी हो गई है।

# बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर की लूटपाट, दंपती की हालत नाजुक

❒ लोगो ने कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। इस्लामनगर कस्बे में मंगलवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार को बंधक बना लिया। उन्होंने गृहस्वामी और उनकी पत्नी को बेरहमी से पीटा। मासूम बच्चे को भी नहीं छोड़ा। उसे भी पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश लाखों रुपये के जेवर व नकदी लूटकर फरार हो गए।

बता दें कि इस्लामनगर कस्बे में मंगलवार देर रात कच्छा-बनियान गिरोह ने ऐसा तांडव मचाया कि पूरा इलाका दहल उठा। हथियारों से लैस चार नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में धावा बोलकर परिवार को बंधक बना लिया और करीब दो घंटे तक बेरहमी से मारपीट करते हुए सात लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश सोना, चांदी और नगदी समेत करीब सात लाख रुपये का माल लूटकर फरार हो गए। घटना में गृहस्वामी दंपती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि डेढ़ साल के मासूम बच्चे तक को बदमाशों ने नहीं बख्शा। वहीं सनसनीखेज वारदात इस्लामनगर थाना क्षेत्र के बिल्सी-बिसौली रोड स्थित बाहरी इलाके में बने मकान में हुई। वहीं जानकारी के मुताबिक रात करीब डेढ़ बजे चार कच्छाधारी बदमाश पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए। पीड़ित के मुताबिक बदमाशों ने चेहरे ढके हुए थे और उनके हाथों में तमंचे, लाठी-डंडे व धारदार हथियार थे। घर में घुसते ही उन्होंने परिवार को कब्जे में ले लिया और जान से मारने की धमकी देकर सभी को बंधक बना दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने गृहस्वामी नजाकत, उनकी पत्नी मिस्कीन, पुत्रवधु फिजा, देवरानी शबनम और डेढ़ साल के मासूम हमीद रजा तक को बेरहमी पीटा। बदमाशों की हैवानियत से घर में चीख-पुकार मच गई। बदमाशों ने अलमारियां, बक्से और कमरों की तलाशी ली और घर में रखा कीमती सामान समेटना शुरू कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि बदमाश करीब दो घंटे तक घर में तांडव करते रहे। इस दौरान उन्होंने सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान लूट लिया। जाते समय बदमाश पूरे परिवार को धमकी देकर फरार हो गए। घटना में नजाकत, उनकी पत्नी मिस्कीन और शबनम गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिलाया गया, बाद में हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार दंपती की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं वारदात की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर एसएसपी अंकिता शर्मा, एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया समेत कई थानों की पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम सुराग एकत्र किए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्ध बदमाशों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# हड़ताल बंद को निष्फल करने के लिए सभी केमिस्टों का धन्यवाद : केमिस्ट एसोसिएशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ केमिस्ट एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक में बताया गया कि सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच में सभी मेडिकल एक दूसरे को देखकर खोले गए और हड़ताल को बेअसर करके दिखाया

संभल। जिले में कतिपय मेडिकल एसोसिएशन द्वारा महीनों से चली आ रही बंद की अपील हड़ताल /बंद के फ्लेक्सी बोर्ड, स्टीकर, द्वारा प्रचार प्रसार के साथ-साथ मेडिकल पर जाकर बंद की अपील बेअसर सिद्ध होने पर केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। केमिस्ट एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक में बताया गया कि सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच में सभी मेडिकल एक दूसरे को देखकर खोले गए और हड़ताल को बेअसर करके दिखाया। केमिस्ट एसोसिएशन के सत्यवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ से औषधि नियंत्रक विभाग का प्रदेश भर के सभी औषधि आयुक्तों तथा औषधि निरीक्षकों को मेडिकल हड़ताल न होने देने के लिए आया आदेश, मेडिकल एसोसिएशन का सार्वजनिक आह्वान तथा सभी केमिस्ट साथियों की समझदारी से मेडिकल की हड़ताल बेअसर साबित हुई है। असमोली से जुड़े राहिल भारतीय ने कहा कि असमोली सहित संपूर्ण ग्रामीण अंचल में कोई भी मेडिकल बंद होता हुआ दिखाई नहीं दिया बल्कि सभी ने समाज की सेवा में बिना भ्रमित हुए अपना कार्य बखूबी किया है।

बहजोई से केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंकज आर्य ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सभी आवश्यक कदम उठाए जो सफल सिद्ध हुए। सरायतरीन से मोहित गांधी, प्रियरत्न आर्य ने सभी मेडिकल खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी केमिस्ट बंधुओं का आभार व्यक्त किया। केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह कुछ देर से ही सही लेकिन सभी मेडिकल स्वामियों ने मेडिकल खोलकर केमिस्ट एसोसिएशन का साथ दिया है। यह अच्छी और सराहनीय पहल है। ऑनलाइन बैठक में केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आज 20 मई को केमिस्ट एसोसिएशन की हड़ताल में अप्रभावित करना समाज हित में बढ़ाया हुआ अच्छा कदम बताया। एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी। संगठन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज आलम ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं औषधि विभाग के आदेश के खिलाफ कुछ मेडिकल स्वामियों ने मेडिकल जितनी देर भी बंद रखें वह आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन माना जाना चाहिए और सामूहिक रूप से मेडिकल बंद रखना तथा सामूहिक रूप और संगठित रूप से रैली निकालकर नगर में अफरा तफरी फैलाने के दोष में समुचित कार्रवाई की जानी चाहिए। ऑनलाइन बैठक में दुर्वेश सैनी, राहिल भारतीय, मो .नसीम,मनोज गुप्ता, चंद्रभान, रोहित कुमार, जीतपाल सिंह, अजय कुमार शर्मा, अतुल त्यागी, पंकज आर्य, दिलीप नगीना, राजेश गुप्ता आदि अनेक केमिस्ट बंधुओं ने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा नियुक्त की गई 12 सदस्यीय निगरानी समिति का विशेष हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बदायूं विधान सभा में शोबी कर रहे है पीडीए पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है इसी कारण समाजवादी पार्टी भी अपने नेताओं से हर जिले हर विधानसभा में पी डी ए पंचायत करा रहे हैं इसी क्रम में आज बदायूं विधानसभा में वरिष्ठ नेता फखरे अहमद शोबी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत टीकुरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया इसमें सभी समाज के लोग मौजूद रहे वहां मौजूद धोबी समाज के कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को महान संत गाड़गे जी का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फखरे अहमद शोबी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित पिछड़े अल्पसंख्यक मजदूर किसान आदिवासी और दबे हुए लोगों की आवाज बनकर प्रदेश में हर मुद्दे पर जनता के साथ खड़े है पूरे हिंदुस्तान का किसान परेशान हाल है उसको ना तो बराबर खाद मिल रही है और ना ही बराबर बिजली हर किसी काम में दलाल सक्रिय है हमारी सरकार बनती है तो हम किसानों को पर्याप्त रूप में खाद और बिजली देंगे द्य और किसानों पर लगाए हुए सारे क़र्ज़ को माफ कर दिए जाएगा जनता 2027 में परिवर्तन करना चाहती है आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। इसके अलावा मोद प्रकाश पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए संचालन आमिर सुल्तानी ने किया। इस मौके पर राम भरोसे पाल ,नत्थू लाल पुजारी, राधेश्याम पाली, अरविन्द कुमार, अवनेश पाल, रमेश कुमार एकलहेरी भगत जी, राम मोहन सिंह रामू, राजाराम दिवाकर, राम बाबू सागर, हिमांशु आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उप कृषि निदेशक कार्यालय में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि, बैंक, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उप कृषि निदेशक बदायूं ने सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 30 मई 2026 तक जनपद के सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, अन्यथा 01 जून 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं कृषि तथा सम्बद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो सकता है। किसानों को बताया गया कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री जनसेवा केंद्र, कृषि विभाग के कर्मचारियों, लेखपाल अथवा पंचायत सहायकों के माध्यम से करा सकते हैं। किसान दिवस में किसानो द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी मांगी गई, जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर धान एवं ढैंचा का बीज उपलब्ध है। किसान बीज की बुकिंग कर चयन होने के उपरांत बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर रसायन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें किसान अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम बगरैन में बिजली ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या उठाई। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा समय से बिजली न मिलने के कारण मक्का की फसल की सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत भी की गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। किसानों को विद्युत सामग्री समय से उपलब्ध न होने की समस्या रखी। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण प्रथम ने जांच कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। उप कृषि निदेशक ने किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों से किसानों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं किसान बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

**बदायूँ ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में आगामी गंगा दशहरा पर्व व बकरीद के सम्बंध में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनपद में सभी त्योहार आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहार में माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वह छोटी-छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यवाही से पहले घटना की पुष्टि अवश्य कर ली जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी की जा रही है, किसी प्रकार की भ्रामक या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जाए। कोई भी नई परंपरा पड़ने नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए व समस्त थानों में भी पीस कमेटी की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## राशन कार्ड और वोटर आईडी से भी होगा वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु सत्यापन : जिलाधिकारी

**कानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।नगरीय क्षेत्रों में ऐसे बुजुर्ग जिनके पास हाईस्कूल प्रमाणपत्र या परिवार रजिस्टर उपलब्ध नहीं है, उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए शासन ने वैकल्पिक दस्तावेजों से आयु सत्यापन की सुविधा दी है। पात्र बुजुर्ग अब राशन कार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य दस्तावेजों के आधार पर भी आवेदन कर सकेंगे। यह बातें बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी शासनादेश के अनुसार आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया गया है। इसके चलते नगरीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जहां पात्र बुजुर्गों के पास न तो हाईस्कूल प्रमाणपत्र था और न ही परिवार या कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध था। उन्होंने बताया कि शासन ने ऐसे आवेदकों की सुविधा को देखते हुए वैकल्पिक दस्तावेजों को मान्यता दी है। अब शहर के बुजुर्ग राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट अथवा पैन कार्ड के आधार पर आयु सत्यापित करा सकेंगे। इसके लिए आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें यह उल्लेख करना होगा कि उनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं है तथा उनके क्षेत्र में परिवार या कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह नई व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्रों में लागू होगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित प्रक्रिया ही प्रभावी रहेगी। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नई व्यवस्था की जानकारी अधिक से अधिक पात्र बुजुर्गों तक पहुंचाई जाए, ताकि उन्हें पेंशन योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मेधावियों के सम्मान के साथ 'कृतित्व' का विमोचन

**कानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।स्कूल के मंच पर जैसे ही मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम पुकारे गए, पूरे सभागार में तालियां गूंज उठीं। मौका था वार्षिक पत्रिका 'कृतित्व' के विमोचन समारोह का, जहां शिक्षा, संस्कार और उपलब्धियों का संगम देखने को मिला। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह बातें बुधवार को कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम जी ने कहीं।कार्यक्रम विद्यालय अध्यक्ष सुभाषचंद्र बेड़िया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन चंदेला ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान वार्षिक पत्रिका 'कृतित्व' का विमोचन मुख्य अतिथि, विद्यालय अध्यक्ष और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।पत्रिका संपादक आचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि पत्रिका में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभाओं, गतिविधियों और शैक्षणिक उपलब्धियों को स्थान दिया गया है। उन्होंने पत्रिका की रूपरेखा और उसमें शामिल लेखों का परिचय भी कराया।कार्यक्रम के दूसरे चरण में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, जबकि अभिभावकों ने भी उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि श्रीराम जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन और समय प्रबंधन जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित में कार्य करने और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।विद्यालय अध्यक्ष सुभाषचंद्र बेड़िया ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां विद्यालय के लिए गर्व की बात हैं। वहीं उपाध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन आचार्य सचिन सिंह यादव और आचार्या कंचन नाथ के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत शुक्ल, आचार्य अरविंद शंकर तिवारी, आचार्या काकोली मिश्रा समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## जौनपुर जंक्शन के यार्ड री-मॉडलिंग कार्य का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने बुधवार को जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर चल रहे यार्ड री-मॉडलिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने ट्रैक, सिग्नलिंग और विद्युत संबंधी कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद रेलखंड पर स्थित जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यह कार्य यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। इसके तहत 4 मई से 27 मई तक कुल 24 दिनों का प्री-नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया गया है।परियोजना के अंतर्गत स्टेशन यार्ड, ट्रैक संरचना, पॉइंट एवं क्रॉसिंग तथा सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। पुराने ट्रैक विन्यास को बदलकर नया और अधिक उपयोगी लेआउट तैयार किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान में सुविधा होगी। साथ ही उच्च क्षमता वाले नए पॉइंट एवं क्रॉसिंग लगाए जा रहे हैं, जिससे ट्रेनों की गति और सुरक्षा में सुधार होगा।इसके अलावा आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग प्रणाली भी स्थापित की जा रही है। ट्रैक परिवर्तन के अनुसार ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर और पोल में भी आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं। इससे प्लेटफॉर्म कनेक्टिविटी बेहतर होगी और एक साथ अधिक ट्रेनों के संचालन की क्षमता विकसित होगी।निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के रनिंग रूम का भी जायजा लिया।

# दीवार काटकर बैंक मे घुसने वाला चोर पुलिस की पकड़ से कोसों दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले की कानून व्यवस्था फ़ेल होती नजर आ रही है। बता दे कि दातागंज थाना क्षेत्र में डहरपुर गांव स्थित बैंक में चोरी की कोशिश की गई। सोमवार रात अज्ञात चोर दीवार काटकर बैंक में घुस गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। मंगलवार सुबह जब इसकी जानकारी हुई तो बैंक कर्मियों में खलबली मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं दातागंज थाना क्षेत्र के डहरपुर गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में सोमवार रात चोरों ने नकबजनी की। यह पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोर देर रात नकबजनी कर बैंक में घुस गए। सुबह जब स्थानीय लोगों और बैंक कर्मचारियों ने दीवार कटी देखी तो घटना की जानकारी हुई। मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी अभिषेक सिंह समेत पुलिस के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बैंक परिसर का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने बैंक के अंदर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने बैंक परिसर से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि बैंक जैसी सुरक्षित जगह को निशाना बनाए जाने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर लगाम लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की अपील की है। कहीं बैंक मैनेजर मोहम्मद रब्बानी ने बताया कि अभी तक कोई नकदी या सामान चोरी होने की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी जांच के बाद ही पता लगेगा कि कितना नुकसान हुआ है या नहीं। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वही दातागंज इंस्पेक्टर वेदपाल सिंह का कहना है कि खुलासा कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## चित्रांश नगर में बनेगा महिला थाना, एसएसपी ने किया भूमि पूजन

बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा चित्रांश नगर में नये महिला थाना, बदायूँ के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और अधिका सुदृढ करने के उद्देश्य से नये महिला थाना के निर्माण का किया गया शुभारम्भ। नये भवन में परामर्श कक्ष, महिला आगन्तुक कक्ष, आधुनिक कम्प्यूटर कक्ष जैसे सुविधायें प्रस्तावित है। इसका मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक ऐसा सुरक्षित और सुगम माहौल प्रदान करना है, जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। थाना परिसर में महिलाओं और उनके साथ आने वाले बच्चों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# नगर निकायों में स्वच्छता, जलापूर्ति एवं सीवरेज कार्यों से लाखों नागरिकों को मिला लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा विगत वर्षों में स्वच्छता, जल आपूर्ति एवं जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 तक तथा मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक विभिन्न योजनाओं पर करोड़ों रुपये व्यय कर लाखों नागरिकों को लाभान्वित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 तक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों पर लगभग 318.54 लाख रुपये का बजट व्यय किया गया, जिससे 64,653 लाभार्थियों को लाभ मिला। वहीं मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक इसी क्षेत्र में 4636.98 लाख रुपये खर्च किए गए, जिससे 3,69,950 लोगों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ। इससे नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जल आपूर्ति एवं प्रबंधन के क्षेत्र में मार्च 2012 से मार्च 2017 तक 263.18 लाख रुपये व्यय कर 16,194 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके बाद मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक 1884.69 लाख रुपये की लागत से कार्य कराए गए, जिससे 1,45,090 नागरिकों को शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई। इन कार्यों के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार, पेयजल टंकियों का निर्माण एवं जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए। इसी प्रकार जल निकासी एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मार्च 2012 से मार्च 2017 तक 487.65 लाख रुपये व्यय किए गए, जिससे 16,194 लोग लाभान्वित हुए। वहीं मार्च 2017 से दिसंबर 2025 तक 2039.12 लाख रुपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए गए, जिनसे 1,57,114 नागरिकों को लाभ मिला। इन योजनाओं के माध्यम से जलभराव की समस्या को कम करने एवं बेहतर सीवरेज व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। नगर निकायों द्वारा संचालित इन विकास कार्यों से नगर क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।

# भाजपा आज करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार: अनूप गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 द्वितीय सत्र का आयोजन

बदायूँ। मुड़िया धुरेकी स्थित एम.जी ग्रीन रिसॉर्ट में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जनपद बदायूँ का जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन के द्वितीय दिवस पर विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रदेश महामंत्री/एमएलसी अनूप गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, वरिष्ठ संवाददाता प्रदीप तिवारी, पूर्व क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ प्रोफ़ेसर रविन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मैनपुरी आलोक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कार्य पद्धति विषय पर प्रदेश महामंत्री भाजपा/एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा भाजपा की कार्य पद्धति कार्यकर्ता आधारित संगठनात्मक व्यवस्था पर आधारित है। भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत और वास्तविक पूंजी माने जाते हैं। जनसंघ के समय से ही संगठन ने विचार, अनुशासन, सेवा और समर्पण के भाव के साथ कार्यकर्ताओं को जोड़कर राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के बीच सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करता है। यही कारण है कि भाजपा आज केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार बन चुकी है। आगे कहा भाजपा की कार्यशैली में नियमित बैठकें, प्रशिक्षण वर्ग, बूथ सशक्तिकरण अभियान, सेवा कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और समाज के बीच निरंतर संवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पार्टी का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं बल्कि हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर सेवा और संगठन का दायित्व निभाता है। कोरोना काल, प्राकृतिक आपदाओं और सामाजिक संकट के समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं में सेवा, अनुशासन और संगठन के प्रति जिम्मेदारी का भाव और अधिक मजबूत हुआ है। भाजपा की कार्य पद्धति सामूहिक नेतृत्व, संगठन सर्वोपरि और कार्यकर्ता सम्मान की भावना पर आधारित है, यही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान और शक्ति है। कार्यकर्ता विकास संगठन विषय पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता है। संगठन में एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और सेवा भाव से नेतृत्व तक पहुंच सकता है। उन्होंने आगे कहा प्रशिक्षण वर्ग, सेवा अभियान और संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं का निरंतर विकास किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं बल्कि हर परिस्थिति में समाज के बीच सक्रिय रहता है। आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं संगठन के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में आगे बढ़े हैं। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन और अधिक सक्रिय और मजबूत हुआ है। कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। भाजपा का चुनाव प्रबंधन केवल प्रचार तक सीमित नहीं बल्कि जनता के बीच निरंतर संपर्क और विश्वास बनाए रखने की प्रक्रिया है।उन्होंने कहा सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, लाभार्थी संपर्क और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा संगठन को लगातार मजबूत किया। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव मानते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करता है। आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने विकास और सुशासन को चुनाव का मुख्य आधार बनाया है। यही मजबूत संगठन और कार्यकर्ता शक्ति भाजपा की लगातार सफलता का कारण है। मीडिया प्रबंधन विषय पर वरिष्ठ संवाददाता प्रदीप तिवारी ने कहा मीडिया वर्तमान समय में मीडिया जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। भाजपा ने हमेशा सकारात्मक संवाद और तथ्य आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने मीडिया के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और राष्ट्रहित के विषयों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा मानती है, कि मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है, और समाज को सही दिशा देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आगे कहा भाजपा का मीडिया विभाग और सरकार के बीच संवाद का मजबूत माध्यम बनकर कार्य कर रहा है। प्रेस वार्ता, प्रेस विज्ञप्ति, जनसंवाद कार्यक्रम और विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भाजपा लगातार जनता के बीच अपनी बात पहुंचा रही है। सोशल मीडिया ए.आई. विषय पर रविन्द्र सिंह ने कहा डिजिटल युग में सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनसंवाद के सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुके हैं। भाजपा ने समय के साथ तकनीक को अपनाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग किया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया, जिसका लाभ आज संगठन और समाज दोनों को मिल रहा है। आगे कहा भाजपा का आईटी और सोशल मीडिया विभाग सरकार की योजनाओं, संगठन की गतिविधियों और राष्ट्रहित के विषयों को तेजी से जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक के माध्यम से भाजपा नए भारत की डिजिटल कार्यशैली को मजबूत कर रही है।

# रिकवरी एजेंट के घर बमबाजी के मास्टरमाइंड की पुलिस से मुठभेड़,पैर में लगी गोली, तीन गिरफ्तार



### घायल बदमाश का अस्पताल में चल रहा इलाज

घायल बदमाश को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलि स ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा,जिंदा कार तूस,खोखा कारतूस और पीले रंग की पल्सर मोट रसाइकिल बरामद की है।पूछताछ और निशानदे ही के आधार पर पुलिस ने घटना के मास्टरमाइंड अर्पित पांडे को भी गिरफ्तार कर लिया।इसके सा थ ही एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया है।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आ रोपियों में से दो के खिलाफ पहले से भी आपराधि क मुकदमे दर्ज हैं।

### पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।घटना में शामि ल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। नगर कोतवाली पुलिस आरोपियों के खिलाफ अ ग्रिम वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । शहर के जानकीनगर इलाके में हुई सनसनी खेज बमबाजी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया।नगर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।जबकि मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लि या गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है,थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जानकीनगर मोहल्ले में 18 मई बीती रात हुई बमबाजी की घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी।अज्ञात बदमाशों द्वारा एक मकान को निशाना बनाकर किए गए हमले के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने त त्काल कई टीमों का गठन कर आरोपियों की तला श शुरू कराई।पुलिस टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की गतिविधियों को ट्रेस किया। इसी दौरान देर रात चेकिंग अभियान के समय पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी।जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में देवेंद्र श्रीवा स्तव नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिस से वह घायल हो गया।

# दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल के बावजूद गोंडा में खुली रहीं दवा दुकानें


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। देशव्यापी बंद के आह्वान के बावजूद गोंडा मे बुधवार को दवा व्यापार के हड़ताल पर हमारी संस्था केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स कल्याण एसोसिए शन गोंडा ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के अनुरोध पर तथा सीडीएफयूपी के महामन्त्री सुरेश गुप्ता के नि र्देश पर आम जनमानस के हित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त हड़ताल में शामिल नहीं होने का निर्ण य लिया था।जिसमे प्रमुख कॉर्पोरेट दवा दुकानें स रकार द्वारा संचालित सस्ती दवा दुकान और कई स्थानी य दवा दुकानें खुली रहीं।इससे लोगों को द वाइयों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित हुई,जिसमे बंद ई-फार्मेसी से जुड़े मुद्दों को लेकर देश के शीर्ष दवा विक्रेता संगठन द्वारा बुलाया गया था। अग्रवा ल मेडिको,न्यू जनता मेडिकल स्टोर,एकता मेडिक ल स्टोर,राजेश मेडिकल स्टोर,जैसी बड़ी दवा श्रृंख लाओं ने अपनी दुकानें खुली रखीं थी।जिससे मरी जों सहित आम जनमानस को दवा की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य रही।जिसके लिए केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स कल्याण एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रा केश सिंह ने सभी दवा व्यापारियों और प्रशासन व आमजनमानस का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।वही जिले में दवा की सुचारू रूप से विक्रय में केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों व संरक्षक मनोज कैशवार, महाम न्त्री सुभाष शर्मा,महामन्त्री संगठन मो.वसी खान व कोषाध्यक्ष नवनीत सिंघल सहित सभी दवा व्यापा रियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरयू नदी के किनारे चिता सजाते ही दामाद को मगरमच्छ उठा ले गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सरयू नदी के किनारे एक व्यक्ति सास की चिता सज रहा था कि इतने में ही युवक को मगरमच्छ खींच ले गया। युवक सरयू नदी के घाट पर चिता के लिए गड्ढा खोद रहा था।गड्डा खोदने के बाद युवक हाथ धुलने नदी के किनारे गया।इस बीच मगरम च्छ बाहर निकला।युवक का सिर अपने जबड़े में दबाया फिर तेजी के साथ उसे पानी के अंदर खींच ले गया।घाट पर खड़े लोग चीखते-चिल्लाते रहे, ले किन तब तक युवक को मगरमच्छ काफी दूर खीं च ले गया था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय नाविकों की मदद से युवक की तलाश शुरू की है। मौके पर एसडीएम तरबगंज भी पहुंचे। फिलहाल, युवक की तलाश जारी है। घटना उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र की है।बताते है कि डीहागांव में बाबूला ल वर्मा रहते हैं।वह खेती-किसानी करते हैं उनके बेटे लालचंद्र की मौत हो चुकी है।परिवार में उनकी बहू उर्मिला थी,जिनकी मंगलवार को कैंसर के चल ते मौत हो गई।पांच साल पहले उर्मीला की बेटी रे खा की शादी ग्रेटर नोएडा के दीपक तीस वर्ष से हुई थी।दीपक परी चौक सिग्मा टू में रहते थे।दोनों की एक बेटी निक्की चार साल की है।दीपक एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था।वह पत्नी और बेटी के साथ सास के अंतिम संस्कार में शामिल हो ने गोंडा आया था,बुधवार को सनौली मोहम्मदपुर उदयभान पाही के पास सरयू नदी के किनारे होना तय हुआ।दोपहर करीब 12 बजे नदी के किनारे स भी लोग पहुंचे थे दीपक ने चिता सजाने के लिए न दी के किनारे ही खूंटा गाड़ना शुरू किया था कि इ तने में दीपक को जबड़े में सिर भर के खींच ले ग या मगरमच्छ स्थानीय लोगों ने उसे पहले ही चेता या था कि नदी में मगरमच्छ है,सावधान रहना।वह खूंटा गाड़ रहा था।इसके बाद वह हाथ धुलने के लिए नदी के किनारे पहुंचा।दीपक अपना हाथ धु ल रहा था,इस बीच मगरमच्छ नदी से बाहर आया। उसने दीपक का सिर अपने जबड़े में भर लिया।ये देखकर लोग दीपक की ओर दौड़े और शोर मचा या,लेकिन तब तक मगरमच्छ उसे पानी में खींच ले गया।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जैसे ही मगर मच्छ ने उसे खींचा। मैंने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह लेकर के चला गया। मैंने प्रयास किया तो मैं भी पानी में गिर गया।वहीं, एक अन्य प्रत्यक्ष दर्शियों अमन ने बताया कि दीपक वहीं खड़े होकर गड्ढे की खुदाई कर रहे थे। उन्हें पहले ही चेतावनी दी थी कि वहां मगरमच्छ रहता है। उस तरफ न जाएं। इसके बावजूद वह हाथ धोने के लिए पानी के पास चले गए। जैसे ही वह हाथ धोने के लिए नीचे झुके, मगरमच्छ ने उनका सिर जबड़े में भरा और अंदर खींच ले गया।लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और स्थानीय नाविक नाव से उसकी त लाश में जुट गए।सूचना मिलते ही उमरी बेगमगंज थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों के साथ अन्य टीमों को भी बुलाया गया है।युवक के शव की तलाश में पुलिस और प्रशास न लगातार दीपक की तलाश कर रही है। एसडीए म तरबगंज भी घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया।हालांकि, दीपक का अभी तक कुछ पता न हीं चला है।बाबू लाल ने बताया कि हमारी बहू की मौत हो चुकी थी।मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। रि श्तेदार ही पूरी क्रिया कर्म की तैयारी कर रहे थे। अंतिम संस्कार के लिए खूंटा लग रहा था यह इतने में ही मगरमच्छ आया और उसे खींच ले गया कि सी ने बचाने की कोशिश नहीं की,पानी में कौन कूदे अपनी जान देने के लिए।

# भाजपा सभासद को जेल से छूटते ही काफिला निकालना पड़ा भारी, पुलिस ने भेजा जेल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडाःजिले में सपा नेता ओमप्रकाश सिंह हत्याकां ड के आरोपी और भाजपा सभासद उदयभान सिं ह को पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दि या है।उदयभान सिंह पर इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने का आ रोप है।जेल से छूटने के बाद उन्होंने गाड़ियों का लं बा काफिला निकाला था,जिसका वीडियो सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।उदयभान सिंह को पंद्रह अप्रैल को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखन ऊ खंडपीठ से सशर्त जमानत मिली थी। जमानत मिलने के बाद उन्होंने गोंडा मंडलीय कारागार से अपने घर परसपुर राजा टोला तक लग्जरी गाड़ियों और मोटरसाइकिलों का काफिला निकाला था,यह काफिला मृतक सपा नेता ओमप्रकाश सिंह के घर के सामने से भी गुजरा,जिससे उनके परिवार में द हशत फैल गई।काफिले के दौरान नारेबाजी करते हुए लापरवाही से वाहन चलाने का भी आरोप है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का खुलेआम उल्लं घन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए परसपुर पुलिस को जांच के निर्देश दिए थे।जांच के बाद उदयभान सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ग या है।जो भी आरोपी इस तरीके से करेंगे उनके खिलाफ भी इसी तरीके से कठोर कार्रवाई की जाएगी।एसपी जायसवाल ने यह भी बताया कि जो भी आरोपी जेल से छूटते हैं,उन्हें शर्तों के आ धार पर जमानत दी जाती है।उदयभान सिंह ने हाईकोर्ट से मिली जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया,जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। पर सपुर थाने की पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।किसी को भी नियमों की उल्लंघन करने को लेकर की छूट रही प्रदान की गई है जिन शर्तों पर जमानत मिली है उनका पालन करना अनिवार्य है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के संदिग्ध डाटा सुधारने का कृषकों के पास अन्तिम अवसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनाय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद बहराइच में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में ऐसे लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें भारत सरकार द्वारा सत्यापन प्रक्रिया के दौरान संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है। कृषि विभाग से प्राप्त विवरण के अनुसार किसानों की सूचनाओं एवं अभिलेखों में पायी गई विसंगतियों के तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि वरासत में प्राप्त भूमि के पूर्व स्वामी का विवरण पंजीकरण के समय सही अथवा पूर्ण रूप से दर्ज नहीं किये जाने से सम्बन्धित 17325, भूमि का नामांतरण वरासत के बजाय भूमि क्रय, पट्टा, दानपत्र आदि आधारों पर 2510 प्रकरण चिन्हित किये गये हैं, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। इसी प्रकार पूर्व एवं वर्तमान दोनों भू-स्वामियों द्वारा एक ही भूमि पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने से सम्बन्धित 2515 मामले पाये गये हैं। भारत सरकार द्वारा ऐसे किसानों को सुधार का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यदि संबंधित किसान अगली किश्त जारी होने से पूर्व अपनी सूचनाओं एवं अभिलेखों का सही संशोधन नहीं कराते हैं, तो उन्हें अपात्र मानते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से स्थायी रूप से बाहर कर दिया जाएगा। इसके उपरांत ऐसे कृषकों को भविष्य में योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। किसानों को सुझाव दिया गया है कि पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करते समय अत्यंत सावधानी बरतें। योजना हेतु वांछित दस्तावेजों के स्थान पर अन्य अभिलेख अपलोड करने, अपठनीय अथवा अस्पष्ट दस्तावेज लगाने, अधूरी जानकारी देने अथवा गलत अभिलेख प्रस्तुत करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन निरस्त होने के बाद पुनः अभिलेख अपलोड करने का अवसर उपलब्ध नहीं होगा। सत्यापन हेतु किसानों को आधार कार्ड, वर्तमान खतौनी की प्रमाणित प्रति तथा वरासत संबंधी मामलों में दिवंगत भू-स्वामी का आधार कार्ड एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद स्तर पर कृषि विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। इसी उद्देश्य से ब्लाक एवं तहसील, राजकीय कृषि बीज भंडारों तथा जन सेवा केंद्रों के माध्यम से किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। श्री वर्मा ने कृषकों को सुझाव दिया है कि पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए ख्अपडेट मिसिंग इनफार्मेशनङ्क लिंक के माध्यम से अपने अभिलेखों एवं विवरणों का सही सत्यापन एवं संशोधन समय रहते अवश्य करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

देवरिया। आगामी 22 मई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने भीमपुर गौरा के समीप पोखरभिंडा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, मंच, टेंट, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह मजबूत एवं व्यवस्थित रहनी चाहिए। निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता के साथ निर्वहन करें तथा तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी वीके सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर समेत प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## 22 व 23 मई को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप खण्ड अधिकारी विद्युत शम्भू नाथ ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत 22 एवं 23 मई 2026 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र से पोषित 11 के.वी. नानपारा स्टैण्ड फीडर पर कार्यदायी संस्था मेसर्स एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जर्जर कण्डक्टर तार को ए.बी. केबिल में बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत 33/11 के.वी. घण्टाघर, बहराइच से पोषित मोहल्ला मूंगफली मण्डी, राज मार्केट, सोनार मण्डी इत्यादि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 22 एवं 23 मई 2026 को प्रातः 06:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक बाधित रहेगी।

## चौबिसों घण्टे संचालित की जा रही है सी.टी. स्कैन सुविधा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा, महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में संचालित रेडियोलाजी विभाग में सी.टी. स्कैन की सुविधा राउण्ड द् क्लाक (चौबीसों घंटे) संचालित की जा रही है।

## बिजली का तार टूटकर गिरने से धू-धू कर जलने लगी कार

बिजनौर ।उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में शहर कोतवाली की सिविल लाइन में बुधवार को अपराह्न लगभग चार बजे अचानक से कार में लग गयी। बिजली के खंभे का तार टूट कर नीचे खड़ी स्विफ्ट कार पर गिरने से आग लगी। आग का गोला बनी कार के कारण सड़क पर दोनों और लोगों की भीड़ जुट गई। निकट स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने अग्नि शमन यंत्र से कार की आग को बुझाया। इस बीच मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुँच गई। शहर के मुख्य बाजार में हुई इस घटना से नागरिकों में अफरातफरी मच गयी। कार मालिक बाजार में कार पार्क करके गए हुए थे। दुर्घटना के समय कोई कार में नही था। एसडीएम सदर रितू रानी ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके की लाइन को चैक कराकर मरम्मत कराई जाएगी।

## बिजनौर एवं संभल में दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या बढ़ना चिंताजनक : कमिश्नर

मुरादाबाद । मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराजजी की उपस्थिति में वर्ष 2026 की प्रथम मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में बुधवार को हुई। कमिश्नर ने जनपद बिजनौर एवं संभल में दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या बढ़ने पर विशेष रूप से प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डल के समस्त जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया। संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट लगाये एवं तीन सवारी बैठाये दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी चालान की कार्यवाही की जाये। सभी ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ-साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही की जाये तथा जिसमें मार्किंग, रोड साइनेज, स्पीड टेबल पर मार्किंग आदि हेतु निर्देशित किया गया। सोलेशियम स्कीम के अन्तर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता के संबंध में अवशेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मानक के अनुसार निर्धारित जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित करायी जाएं।
दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत ओवरस्पीड के संबंध में विशेष रूप से डम्परों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया। ओवरस्पीड ट्रैक्टरों के विरुद्ध भी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने जनपद के अन्य प्रवर्तन अधिकारियों को भी सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या में कमी लाने हेतु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बैठक में अतुल कुमार अपर नगर आयुक्त, पंकज वर्मा सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, सुभाष चन्द्र गंगवार पुलिस अधीक्षक यातायात, राजेश सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी, संदीप कुमार पंकज संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, अनुराग यादव आरएम मुरादाबाद, राजेश सिंह सीओ ट्रैफिक, सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता थ**



गोंडा । आगामी बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर वजीरगंज में बुद्धवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विपुल पाण्डेय ने की।बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक,व्यापारी,समाजसेवी,धर्मगुरु , ग्राम प्रधान,बीडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे। बैठक में थानाध्यक्ष विपुल पाण्डेय ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है।सभी लोग पर्व को शांति और सहयोग के साथ मनाएं।उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए,इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और वा तावरण भी प्रभावित होता है।कुर्बानी के बाद उत्प न्न अवशेष को ग्राम पंचायत में खुदवाए गए गड्ढों में ही निस्तारित किया जाए, इसे किसी भी हालत में खुले में न फेंका जाए।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचा यतो को भी निर्देशित किया गया है कि साफ-सफा ई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सोश ल मीडिया पर नजर रखने की अपील भी की गई। यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या या संदेह हो तो वह सीधे थाना प्रशासन से संपर्क करें।बैठक में मौ जूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरो सा दिलाया और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर थाना परिसर में कस्बे और क्षेत्र से सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ मैं बोलना बंद नही करुंगा : राहुल गांधी

## लोकसभा में मैंने कई बार कहा कि देश में बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये नोटबंदी और जीएसटी से लेकर देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति और बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। 'नोटबंदी और गलत जीएसटी' से व्यापार ठप हो गया है। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश के छोटे और मध्यम उद्योग पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने कहा सारी की सारी छोटी कंपनियों को नोटबंदी और गलत जीएसटी से मार दिया गया। किसानों को कमजोर कर दिया और बेरोजगारी पूरे देश में फैला दी। 'देश में आने वाला है भयानक आर्थिक तूफान'राहुल गांधी ने देश को सचेत करते हुए कहा कि आने वाले समय में देश एक बड़े आर्थिक संकट से गुजरने वाला है। उन्होंने कहा कि हमारा तेल होर्मुज जलडमरू मध्य से आता है जिसे बंद कर दिया गया है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री चुनाव से पहले सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की चेतावनी ''मैं दो महीने से पार्लियामेंट और अपने भाषणों में कह रहा हूं कि आर्थिक तूफान आ रहा है। किसान, मजदूर, युवाओं और माताओं-बहनों को जबरदस्त चोट लगने जा रही है। पीएम पर तंज: ''नरेंद्र मोदी ने पिछले तीन महीनों में जो देश के लिए आर्थिक दीवार खड़ी करनी थी, वो नहीं की। उल्टा वो जाकर मेलोनी जी के साथ टॉफी खा रहे हैं और वीडियो बना रहे हैं, जैसे कोई मजाक चल रहा हो। ''मैं झुकूंगा नहीं, माफी नहीं मांगूंगा। राहुल गांधी ने कड़े शब्दों में कहा कि वह सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलना बंद नहीं करेंगे। उन्होंने मंच से कहा, ''मैं माफी नहीं मांगूंगा, मैं फिर बोलूंगा। अमित शाह और नरेंद्र मोदी डरा रहे हैं क्योंकि उन्होंने संविधान पर आक्रमण किया है। सुन लो भाई, मैं तुम लोगों से नहीं डरता।अमेठी से बताया पारिवारिक रिश्ता भाषण के अंत में राहुल गांधी भावुक नजर आए और उन्होंने अमेठी की जनता के साथ अपने पुराने रिश्तों को याद किया। उन्होंने कहा कि अमेठी उनकी कर्मभूमि है और यहाँ के लोगों ने उनके पूरे परिवार पिता, माता, बहन और उन्हें हमेशा प्यार और इज्जत दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेठी के साथ उनका रिश्ता राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक और मोहब्बत का रिश्ता है जिसे वह जिंदगी भर नहीं भूल सकते। राहुल गांधी ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे स्वर्गीय योगेंद्र मिश्रा के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद किशोरी लाल शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, दीपक सिंह, मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, राम लखन शुक्ला, सुनीता सिंह, कर्ण कुमार बाजपेयी, राधेश्याम धोबी, वैभव मिश्रा, रवि शुक्ला, शुभम सिंह सहित अन्य तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोतवाली में लगा परिवार परामर्श केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। तहसील सभागार में नियमित रूप से लगने वाला परिवार परामर्श केंद्र इस बार जनगणना कार्य के कारण कोतवाली परिसर में आयोजित किया गया। केंद्र का उद्देश्य पारिवारिक विवादों का आपसी समझौते से समाधान करना और टूटते रिश्तों को जोड़ना है।परिवार परामर्श केंद्र में एक पति-पत्नी के आपसी विवाद को काउंसलरों ने बातचीत के माध्यम से सुलझाया। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया, जिसके बाद वे खुशी-खुशी साथ रहने को राजी हो गए। परामर्श केंद्र में आने वाले मामलों में घरेलू कलह, दहेज उत्पीड़न, भरण-पोषण और वैवाहिक विवाद प्रमुख होते हैं। इस मौके पर फखरुल इस्लाम मंजरी, नोटरी एडवोकेट भारत सरकार, ऋतुराज शर्मा एडवोकेट, सुनील कुमार वर्मा एडवोकेट, पवन यादव एडवोकेट सहित अन्य कई काउंसलर उपस्थित रहे। सभी ने दंपति को भविष्य में तालमेल बनाकर रहने और छोटी-मोटी बातों को आपस में सुलझाने की सलाह दी है।काउंसलरों का कहना है। कि परामर्श केंद्र न्यायालय पहुंचने से पहले ही कई परिवारों को टूटने से बचा लेता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है बल्कि बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित रहता है।परिवार परामर्श केंद्र प्रत्येक माह नियत तिथि पर लगाया जाता है। जनगणना कार्य पूरा होने के बाद केंद्र पुनः तहसील सभागार में संचालित होगा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की है।

# दवा व्यापारियों का प्रदर्शन, ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बुधवार को दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर हो रही दवाओं की अनियंत्रित बिक्री और नकली दवाओं के बढ़ते खतरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और अपनी विभिन्न मांगों को सामने रखा। दवा व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका विरोध जनता या मरीजों के खिलाफ नहीं है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी मेडिकल स्टोर खुले रखे गए हैं और दुकानदार काम करते हुए ही अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त निगरानी के दवाएं बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्लेटफॉर्म्स पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी और दवाओं की गुणवत्ता का सही सत्यापन नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों की सेहत पर खतरा बढ़ सकता है। संघ ने मांग की कि ऑनलाइन दवा बेचने वाले हर प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनिवार्य तैनाती हो और उसका कड़ाई से सत्यापन कराया जाए। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से बिक रही नशीली और प्रतिबंधित दवाओं पर तुरंत रोक लगाने की भी अपील की गई। व्यापारियों ने डार्क वेबसाइट्स और फर्जी ऑनलाइन पोर्टलों के जरिए बाजार में पहुंच रही नकली दवाओं पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि भारी छूट का लालच देकर कई अवैध प्लेटफॉर्म सक्रिय हैं, जो बिना किसी पंजीकरण के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को समय-समय पर दवाओं की सैंपलिंग और जांच करानी चाहिए। भविष्य की रणनीति पर व्यापारियों ने कहा कि फिलहाल वे जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं देना चाहते, इसलिए दुकानें खुली रहेंगी। लेकिन यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# ससुरालियों पर महिला को बिजली का करंट देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर में विवाहिता को प्रताड़ित करने और बिजली का करंट लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है आरोप है कि मारपीट और मानसिक यातना के चलते महिला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार क्षेत्र के ग्राम नवदिया नवाजपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र मोहनलाल ने कोतवाली पूरनपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री रेनू देवी का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार पूरनपुर की पंकज कॉलोनी निवासी संजीव कुमार पुत्र शम्भू दयाल के साथ हुआ था पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री ने 13 मई 2026 को कोतवाली पूरनपुर में अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी थी बाद में दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों एवं महिला पुलिस की मौजूदगी में समझौता कराया गया, जिसके बाद रेनू देवी अपने पति के साथ ससुराल चली गई आरोप है कि 17 मई को पति संजीव कुमार, ससुर शम्भू दयाल और सास मीना ने विवाहिता के साथ गाली-गलौज कर बेरहमी से मारपीट की तथा उसे बिजली का करंट लगाया घटना के बाद महिला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया आरोपियों ने फोन कर पीड़िता के मायके पक्ष को सूचना दी कि ल्लअपनी बेटी को यहां से ले जाओ, यह पागल हो गई है परिजनों ने 18 मई को महिला को अपने साथ घर ले जाकर उसका इलाज कराया पीड़ित पक्ष का कहना है कि ससुरालियों द्वारा दी गई मानसिक और शारीरिक यातना के कारण महिला बेहद डरी और सहमी हुई है मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## प्रेम प्रसंग में अनबन के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के घुंघचिहाई के पास स्थित केशोपुर गांव में प्रेम प्रसंग के चलते हुए विवाद के बाद एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने पीलीभीत जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार केशोपुर गांव निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रतिराम का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच अनबन हो गई, जिससे आहत होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को तत्काल उपचार के लिए भर्ती कराया घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं वहीं युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है परिजन पीलीभीत में उसका इलाज करा रहे हैं पुलिस को भी मामले की सूचना दिए जाने की चर्चा है।

## हिंदू महासभा ने भूसे पर रोक लगाने के लिए सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद से बड़े पैमाने पर बाहरी व्यापारियों द्वारा भूसा खरीदकर अन्य जिलों में भेजे जाने के मामले को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा ने चिंता जताई है। संगठन ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर भूसे के अनियंत्रित बाहरी परिवहन पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है संगठन का कहना है कि जिले की ग्राम पंचायतों और नगर क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं में हजारों निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, जिनके भरण-पोषण के लिए भूसा अत्यंत आवश्यक है वर्तमान में गेहूं कटाई के बाद जिले में बड़े स्तर पर भूसे की खरीद-बिक्री हो रही है, जिसका फायदा उठाकर बाहरी व्यापारी गांव-गांव जाकर किसानों से ऊंचे दामों पर भूसा खरीद रहे हैं और बड़े ट्रॉले व वाहनों से जिले के बाहर भेज रहे हैं हिन्दू महासभा ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में जिले की गौशालाओं में भूसे का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है संगठन ने यह भी कहा कि रात के समय भारी मात्रा में भूसे से भरे वाहन जिले की सीमाओं से बाहर जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर चिंता बढ़ रही है ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाए, रात में भूसे से भरे वाहनों की सघन चेकिंग कराई जाए और बिना अनुमति भूसा बाहर ले जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही पकड़े गए भूसे को आवश्यकता अनुसार गौशालाओं में उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई है संगठन ने कहा कि गोवंश संरक्षण सामाजिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है, इसलिए प्रशासन को समय रहते प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में गौशालाओं में चारे का संकट उत्पन्न न हो

## पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर भाजपा नेत्री ने जताया दु:ख

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी सेवानिवृत्त के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की।भाजपा नेत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने प्रदेश में बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। बीजेपी नेत्री बचना शर्मा ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बना रहेगा।

## पीछा करते-करते पहुंचा क्लीनिक, फिर महिला को जबरन ले जाने का आरोप, मुकद्दमा दर्ज आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित रूप से जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने, मारपीट करने और मोबाइल फोन तोड़ने का मामला सामने आया है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला करीमगंज पूरनपुर देहात निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व बाजार आते-जाते समय एक टुक-टुक चालक ने उसे अपना मोबाइल नंबर दिया था और जरूरत पड़ने पर आने-जाने के लिए संपर्क करने को कहा था महिला के अनुसार उसने कुछ बार उससे वाहन सेवा ली, जिसके बाद आरोपी लगातार फोन और मैसेज कर परेशान करने लगा विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माना और महिला ने अपने भाई से भी उसे फटकार लगवाई थी आरोप है कि 19 मई की सुबह आरोपी ने कई बार फोन किया दोपहर करीब 11:30 बजे जब महिला डॉक्टर शैलेस की क्लीनिक पर दवा लेने गई थी, तभी आरोपी अपने एक साथी के साथ वहां पहुंच गया महिला का आरोप है कि क्लीनिक से बाहर निकलते ही दोनों ने उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और पीलीभीत की ओर ले जाने लगे महदिया मोड़ के पास महिला किसी तरह बाइक से उतर गई आरोप है कि इसके बाद दोनों आरोपियों ने दोबारा बाइक पर बैठाने का प्रयास किया और विरोध करने पर थप्पड़-घूंसों से मारपीट की महिला ने यूपी-112 पर कॉल करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़िता ने यह भी बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो सकती है पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों को गिरफ्तारी के लिये प्रयासरत है।

## आसाम चौराहे पर दबंगों का तांडव, युवक से मारपीट कर तोड़ी सोने की चेन मचा हड़कंप

पूरनपुर।पूरनपुर के आसाम चौराहे पर देर रात दबंगई का मामला सामने आया है जन्मदिन समारोह से लौट रहे युवक को कुछ युवकों ने घेर लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की आरोप है कि दबंगों ने युवक की मोटरसाइकिल गिराकर तोड़फोड़ की, गले से सोने की चेन तोड़ ली और बाइक में आग लगाने तक का प्रयास किया घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है सुधीर कॉलोनी निवासी आशा लता पत्नी प्रवीण चौहान ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र आर्यन चौहान दोस्त के जन्मदिन कार्यक्रम से लौटते समय आसाम चौराहे पर सामान खरीदने रुका था तभी ग्राम पिपरिया निवासी अंश सिंह अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और अभद्र टिप्पणी करने लगा विरोध करने पर आरोपियों ने युवक की बाइक गिराकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने आरोप है कि इसी दौरान युवक के गले में पड़ी करीब दो तोले की सोने की चेन तोड़ ली गई और मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर आग लगाने की कोशिश की गई सूचना पर पहुंची पुलिस के बाद मामला शांत हुआ पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी क्षेत्र में दबंग प्रवृत्ति का है और अक्सर शराब के नशे में लोगों को परेशान करता है इतना ही नहीं, आरोपी ने फोन कर परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ गैरजनपद के एक युवक को धरदबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की तीन मोटरसाइकिल व एक टुल्लू मोटर के साथ गैर जनपद के एक वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा, उप निरीक्षक कुंवर सिंह, मनोज प्रजापति मय हमराह द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अरुन कुमार कश्यप पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम हंसराजपुर थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में बाइक में रखी प्लास्टिक की बोरी से एक पानी का टुल्लू मोटर बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि यह मोटरसाइकिल व टुल्लू मोटर चोरी की है। मोटरसाइकिल को वह कुछ दिन पहले गंगानगर में बारात से चोरी किया था और टुल्लू मोटर वह ग्राम बसन्तपुर में स्कूल के पीछे से चोरी किया था। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक की निशानदेही पर चोरी की दो अन्य मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल एवं बजाज सीटी मोटरसाइकिल सेमरौता कठौरा सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद की गयी जिन्हें भिन्न भिन्न स्थानों से पूर्व में चोरी कराना बताया। हीरो स्पलेंडर प्लस व टुल्लू मोटर के संबंध में थाना शिवरतनगंज व एचएफ डीलक्स मोटरसाइकलि के संबंध में थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी पर अभियोग पंजीकृत है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धाराओं की बढ़ोत्तरी की गयी है और पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

# बिना मान्यता संचालित मदरसे पर प्रशासन का शिकंजा, मुकदमा दर्ज होने के बाद भवन सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया ता. महाराजपुर में बिना मान्यता संचालित किए जा रहे एक मदरसे पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है शिकायत और प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि प्रशासनिक टीम ने निर्माणाधीन मदरसा भवन को सील कर दिया बताया गया कि गांव सिमरिया ता. महाराजपुर में खातून बेगम एजूकेशनल ट्रस्ट के नाम से एक मदरसा संचालित किया जा रहा था आरोप है कि मदरसे का संचालन हाफिज मो. तसलीम खाँ पुत्र यामीन खाँ निवासी वार्ड नंबर 16 मोहल्ला लाइनपार साहूकारा कस्बा व थाना पूरनपुर द्वारा किया जा रहा था शिकायत में कहा गया कि मदरसा बिना किसी वैध मान्यता एवं पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था और वहां निर्माण कार्य भी जारी था सूत्रों के अनुसार मदरसे में करीब 30 से 40 बच्चे पढ़ाई कर रहे थे शिकायतकर्ता द्वारा जब मदरसा संचालन संबंधी अनुमति एवं रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज मांगे गए तो कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके इसके बाद मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई मंगलवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे परिसर की जांच पड़ताल की जांच के दौरान निर्माणाधीन भवन में बच्चों के अध्ययन करने की पुष्टि होने के साथ ही मान्यता संबंधी दस्तावेज न मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए मदरसा भवन को सील कर दिया मामले में यह आरोप भी सामने आया कि निर्माणाधीन मदरसे में नमाज अदा की जा रही थी प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा और वैधानिक नियमों के उल्लंघन का मामला माना अधिकारियों का कहना है कि बिना मान्यता किसी भी शिक्षण संस्थान का संचालन नियम विरुद्ध है और निर्माणाधीन भवन में बच्चों को रखना सुरक्षा मानकों की अनदेखी माना जाएगा उपनिरीक्षक वरुण राणा की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस अब मदरसे के संचालन, फंडिंग, ट्रस्ट के पंजीकरण और अन्य दस्तावेजों की जांच में जुट गई है वहीं प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पूरे मामले को लेकर चर्चाओं का माहौल बना हुआ है जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि बिना मान्यता संचालित मदरसे को सील कर दिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है पुलिस और प्रशासन दोनों स्तर पर कार्रवाई जारी है।

# राहुल गांधी के दौरे से पहले अमेठी में लगे पोस्टर पर गरमाई सियासत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक दिवसीय अमेठी दौरे से पहले राजनीतिक माहौल गरमा गया है। जनपद में जगह जगह पोस्टर लगाकर कंग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा पर निशाना साधा गया है। कंग्रेस कार्यालय के साथ ही जनपद के सार्वजनिक स्थलों पर लगाये गये पोस्टरों में लिखा गया है कि ल्लदो साल किशोरी तुमने लाल क्या किया ?ङ्क पोस्टर में आरोप लगाया गया है कि सांसद बनने के बाद केवल एक स्कूल बस दी गई वह भी कंग्रेस नेता के स्कूल में तथा एक एम्बुलेंस दी गई जो उनके ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल में लगाई गई।इसके साथ ही दूसरे पोस्टर में सांसद किशोरी लाल शर्मा के दो वर्षों के कार्यों की तुलना पूर्व सांसद स्मृति के पांच वर्षों के कार्यकाल से की गई है। पोस्टर में स्मृति ईरानी के कार्यकाल के दौरान अमेठी में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख किया गया है।ये पोस्टर अमेठी कंग्रेस कार्यालय, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज, कलेक्ट्रेट परिसर सहित कई प्रमुख स्थानों पर लगाये गये हैं। पोस्टर वार को लेकर जनपद में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। भाजपा के जिला महामंत्री विषुव मिश्रा ने कहा कि सांसद निधि कंग्रेस कार्यकर्ताओं में बांटी जाती है। उन्होंने कहा कि किशोरी लाल शर्मा और गांधी परिवार एक ही मानसिकता के हैं तथा अमेठी में सांसद निधि का दुरुपयोग हो रहा है।विषुव मिश्रा ने कहा कि कंग्रेस नेताओं के कहने पर सांसद निधि से कंग्रेस नेता के स्कूल को बस और अस्पताल को एंबुलेंस दी गई है। उन्होंने पोस्टर लगाने वालों की सराहना करते हुये कहा कि जिसने भी अमेठी में पोस्टर लगाए हैं, वह धन्यवाद का पात्र है क्योंकि उसने पूर्व सांसद स्मृति ईरानी द्वारा कराए गए कार्यों की तुलना वर्तमान सांसद किशोरी लाल शर्मा से की है। उन्होंने दावा किया कि अमेठी में कंग्रेस परिवार जो कार्य सत्तर वर्षों में नहीं कर सका वह स्मृति ईरानी ने पांच वर्षों में कर दिखाया।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोतस्कर घायल होकर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी गोतस्कर विनोद यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को इलाज के लिए 100 बेड अस्पताल बीरसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, 19ध्20 मई की रात करीब 1रू15 बजे जयसिंहपुर पुलिस अंबेडकरनगर से सेमरी रोड पर हालापुर के पास बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक तेज रफ्तार में आया और पुलिस के रोकने के बावजूद बैरियर तोड़ते हुए आगे निकल गया। पुलिस टीम ने ट्रक का पीछा किया। कुछ दूरी पर पहुंचने पर ट्रक में सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद यादव पुत्र राजनारायण यादव निवासी ग्राम ख्वाजापुर, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें तीन मुकदमे गोकशी से संबंधित हैं। वह गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में हुई गोकशी की घटना में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह ट्रक का इस्तेमाल गोकशी की घटनाओं में करता था। उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# परीक्षाएं, प्रतिस्पर्धा और क्षीण होती नैतिक चेतना

करोड़ों विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं, किंतु अवसर सीमित हैं। उदाहरणस्वरूप नीट में लाखों विद्यार्थी परीक्षा देते हैं, जबकि एमबीबीएस सीटों की संख्या अत्यंत सीमित है। परिणामस्वरूप असंख्य युवाओं के हिस्से निराशा, अवसाद और आत्मग्लानि आती है। अनेक विद्यार्थी वर्षों तक 'विराम वर्ष' लेकर तैयारी करते रहते हैं। यह संघर्ष अब केवल शैक्षणिक नहीं रह गया, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक त्रासदी का रूप धारण कर चुका है।

जब शिक्षा ज्ञान का माध्यम न रहकर केवल प्रतिस्पर्धा और बाजार का उपकरण बन जाए, तब सबसे बड़ा संकट नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं पर आता है। 'शिक्षा का उद्देश्य केवल जीविका अर्जन नहीं, बल्कि जीवन का निर्माण है।' यह विचार आज के भारत में कहीं धुंधला पड़ता दिखाई देता है। जिस शिक्षा को कभी मनुष्य के बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम माना जाता था, वही आज अंकों, रैंक और प्रतियोगिताओं की संकीर्ण परिधि में सिमटती जा रही है। भारत, जो विश्व की सबसे युवा आबादी वाला राष्ट्र कहा जाता है, आज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहां युवाओं की ऊर्जा ज्ञान-सृजन में नहीं, बल्कि अंतहीन परीक्षाओं और प्रतिस्पर्धाओं की दौड़ में खपती जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा देश एक विशाल परीक्षा केंद्र में परिवर्तित हो चुका हो। हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रणाली पर उठे गंभीर प्रश्नों ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को कठघरे में खड़ा कर दिया। लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की तपस्या, उनके सपने और परिवारों की आशाएं एक झटके में संदेह के घेरे में आ गईं। जिन युवाओं ने दिन-रात परिश्रम कर अपनी आकांक्षाओं को सींचा, उनके मन में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठा कि क्या आज सफलता का आधार केवल श्रम और प्रतिभा है, अथवा धन, प्रभाव और अनैतिक साधनों का गठजोड़? स्वामी विवेकानंद ने कहा था- 'शिक्षा मनुष्य के भीतर निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। किंतु वर्तमान व्यवस्था में शिक्षा आत्म-विकास की प्रक्रिया न रहकर केवल प्रतिस्पर्धात्मक अस्तित्व का माध्यम बनती जा रही है। एक बालक जैसे ही विद्यालय में प्रवेश करता है, उसी क्षण से उस पर 'सफलता' का अदृश्य दबाव आरोपित कर दिया जाता है। किंडरगार्टन से ही तुलना का विष उसके मानस में घुलने लगता है। उच्च कक्षाओं तक पहुंचते-पहुंचते कोचिंग संस्थान, परीक्षण श्रृंखलाएं, कटऑफ और रैंक उसकी संपूर्ण चेतना पर अधिकार कर लेते हैं। आज नीट, संयुक्त प्रवेश परीक्षा, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, अभियांत्रिकी योग्यता परीक्षा और प्रबंधन प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षाएं युवाओं के जीवन का केंद्रबिंदु बन चुकी हैं। करोड़ों विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं, किंतु अवसर सीमित हैं। उदाहरणस्वरूप नीट में लाखों विद्यार्थी परीक्षा देते हैं, जबकि एमबीबीएस सीटों की संख्या अत्यंत सीमित है। परिणामस्वरूप असंख्य युवाओं के हिस्से निराशा, अवसाद और आत्मग्लानि आती है। अनेक विद्यार्थी वर्षों तक 'विराम वर्ष' लेकर तैयारी करते रहते हैं। यह संघर्ष अब केवल शैक्षणिक नहीं रह गया, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक त्रासदी का रूप धारण कर चुका है। सबसे अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि शिक्षा के इस तीव्र बाजारीकरण ने नैतिकता को हाशिये पर धकेल दिया है।

# पर्यावरण के नाम पर भ्रम फैलाती कांग्रेस

**उम्मीद से अधिक नहीं किंतु यह तो कांग्रेस समझ ही सकती है कि 150 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। यदि भारत को वैश्विक व्यापार, नौसैनिक शक्ति और समुद्री रणनीति में अग्रणी बनना है, तो उसे विश्वस्तरीय बंदरगाह, एयरपोर्ट और आधुनिक शहरी ढांचे की आवश्यकता होगी। कांग्रेस शायद यह भूल रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सैन्य अड्डों के साथ ही मजबूत आर्थिक और लॉजिस्टिक क्षमता से भी सुनिश्चित होती है। ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट और टाउनशिप, ये सभी मिलकर भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी रणनीतिक बढ़त दिलाएंगे। कांग्रेस लगातार यह प्रचारित करने की कोशिश कर रही है कि इस परियोजना से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान होगा किंतु वास्तविकता इससे भिन्न है। यह परियोजना ईआईए अधिसूचना 2006 और आईसीआरजेड अधिसूचना 2019 के तहत सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त कर चुकी है। इसके लिए विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन किया गया है, जिसमें भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय विज्ञान संस्थान, वन्यजीव संस्थान और सैकॉन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अध्ययन किया है।**

आज जब भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तब देश को मजबूत सामरिक ढांचा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक व्यापारिक क्षमता की भी आवश्यकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को अपने समुद्री हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना समय की मांग है। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के सामरिक, आर्थिक और वैश्विक भविष्य की आधारशिला है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस परियोजना का लगातार विरोध कर रही है।

वस्तुतः कभी पर्यावरण के नाम पर, कभी आदिवासी हितों के नाम पर और अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्रश्न उठाकर कांग्रेस ऐसे प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रही है, जो भविष्य में भारत को समुद्री शक्ति, व्यापारिक आत्मनिर्भरता और सामरिक मजबूती प्रदान करने का कारण बनेगा। सवाल यह है कि क्या वास्तव में कांग्रेस को पर्यावरण और जनजातीय समाज की इतनी चिंता है या फिर यह मोदी सरकार का विरोध करने की योजनाबद्ध मानसिकता है?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर पुनर्विचार की मांग की है। उनका तर्क है कि ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और टाउनशिप जैसी योजनाएं सैन्य क्षमता नहीं बढ़ातीं और पर्यावरण तथा आदिवासी समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में यहां स्वभाविक प्रश्न उभरता है कि यदि कांग्रेस को विकास परियोजनाओं से इतना ही परहेज है, तब अपने दशकों लंबे शासनकाल में उसने देशभर में हजारों बड़े बांध, बंदरगाह, औद्योगिक कॉरिडोर, राजमार्ग और शहरी परियोजनाएं क्यों शुरू कीं?

क्या तब पर्यावरण और जनजातीय हित याद नहीं आए? क्या उस समय पर्यावरण का नुकसान नहीं हो रहा था? असल सच्चाई यह है कि कांग्रेस का यह विरोध सिद्धांत आधारित न होकर सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। यदि यही परियोजना कांग्रेस सरकार लेकर आती, तो वही नेता इसे भारत के भविष्य का द्वार बताते। ग्रेट निकोबार द्वीप की स्थिति हिंद महासागर क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग से मात्र लगभग 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक के इतना निकट होना भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अमूल्य अवसर है। आज भारत का बड़ा हिस्सा विदेशी ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों जैसे कोलंबो, सिंगापुर और क्लांग पर निर्भर है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत का व्यापारिक और सामरिक हित दूसरे देशों की बंदरगाह नीतियों पर निर्भर रहता है। ग्रेट निकोबार परियोजना इस निर्भरता को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम है। हमें समझना होगा कि 14.2 मिलियन टीईयू क्षमता वाला इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भारत को समुद्री व्यापार में आत्मनिर्भर बनाएगा। यह आर्थिक परियोजना होने के साथ चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता के सामने भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने वाला कदम है। क्या कांग्रेस को दिखाई नहीं देता कि भारत के पड़ौसी देश अपनी सामरिक शक्ति एवं अन्य शक्तियां बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं? जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार अपने बंदरगाह नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, तब भारत यदि अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाता है तो कांग्रेस को इसमें समस्या क्यों दिखाई देती है? कांग्रेस का कहना है कि केवल आईएनएस बाज या अन्य सैन्य परिसंपत्तियों के विस्तार से काम चल सकता है। लेकिन क्या भारत जैसे विशाल और उभरते हुए राष्ट्र को केवल काम चलाने वाली मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए?

उम्मीद से अधिक नहीं किंतु यह तो कांग्रेस समझ ही सकती है कि 150 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। यदि भारत को वैश्विक व्यापार, नौसैनिक शक्ति और समुद्री रणनीति में अग्रणी बनना है, तो उसे विश्वस्तरीय बंदरगाह, एयरपोर्ट और आधुनिक शहरी ढांचे की आवश्यकता होगी। कांग्रेस



शायद यह भूल रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सैन्य अड्डों के साथ ही मजबूत आर्थिक और लॉजिस्टिक क्षमता से भी सुनिश्चित होती है। ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट और टाउनशिप, ये सभी मिलकर भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी रणनीतिक बढ़त दिलाएंगे। कांग्रेस लगातार यह प्रचारित करने की कोशिश कर रही है कि इस परियोजना से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान होगा किंतु वास्तविकता इससे भिन्न है। यह परियोजना ईआईए अधिसूचना 2006 और आईसीआरजेड अधिसूचना 2019 के तहत सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त कर चुकी है। इसके लिए विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन किया गया है, जिसमें भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय विज्ञान संस्थान, वन्यजीव संस्थान और सैकॉन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अध्ययन किया है।

परियोजना के अंतर्गत 42 अनिवार्य पर्यावरणीय शर्तें लागू की गई हैं। द्वीप के केवल 1.82 प्रतिशत वन क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा और इसके बदले 97.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में क्षतिपूर्ति वनीकरण किया जाएगा। इतना ही नहीं, 65.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ग्रीन जोन के रूप में संरक्षित रखा जाएगा, जहां एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। क्या कांग्रेस यह बताना चाहेगी कि उसके शासनकाल में बनी परियोजनाओं में इतने व्यापक पर्यावरणीय सुरक्षा प्रावधान कितनी बार देखने को मिले थे?

कांग्रेस यह आरोप लगा रही है कि परियोजना से शोंपेन और निकोबारी समुदाय प्रभावित होंगे किंतु सही तथ्य यह है कि परियोजना में किसी भी जनजातीय समुदाय के विस्थापन का प्रस्ताव नहीं है। परियोजना के अंतर्गत जनजातीय आरक्षित क्षेत्र में शुद्ध वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। 73.07 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने के बदले 76.98 वर्ग किलोमीटर नई भूमि को पुनः जनजातीय आरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा रहा है। यानी कुल आरक्षित क्षेत्र में वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त, जनजातीय हितों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समितियां गठित की गई हैं और जनजातीय कार्य मंत्रालय, एएजेवीएस तथा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण जैसे संस्थानों से विस्तृत परामर्श किया गया है। यदि वास्तव में सरकार आदिवासी विरोधी होती, तब क्या इतनी संवेदनशील और निगरानी आधारित व्यवस्था तैयार की जाती? आज विश्व तेजी से बदल रहा है। समुद्री व्यापार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और सामरिक समुद्री मार्ग आने वाले दशकों की शक्ति का निर्धारण करेंगे। भारत यदि इस दिशा में निर्णायक कदम उठा रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए, न कि राजनीतिक विरोध। मोदी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि भारत को आत्मनिर्भर, सामरिक रूप से मजबूत और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाना है। ग्रेट निकोबार परियोजना उसी दृष्टि का हिस्सा है। वस्तुतः आज ग्रेट निकोबार परियोजना यह सिद्ध करती है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक मूल्यांकन और चरणबद्ध विकास के माध्यम से दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। गैस और सौर ऊर्जा आधारित हाइब्रिड पावर प्लांट, पर्यावरण प्रबंधन योजना, आपदा प्रबंधन ढांचा और जैव विविधता संरक्षण उपाय यह दर्शाते हैं कि सरकार दीर्घकालिक सतत विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के भविष्य की परियोजना है। यह सिर्फ एक बंदरगाह या एयरपोर्ट का निर्माण नहीं हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की शक्ति, प्रतिष्ठा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। कांग्रेस यदि वास्तव में राष्ट्रहित की राजनीति करना चाहती है तो उसे हर राष्ट्रीय परियोजना का अंधा विरोध बंद कर देना चाहिए। ध्यान रहे- आलोचना होनी चाहिए, सुझाव भी दिए जाने चाहिए पर विकास को रोकने और देश को कमजोर करने वाली मानसिकता किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। भारत अब 20वीं सदी की सोच से आगे निकल चुका है। यह नया भारत है, जो पर्यावरण का संरक्षण भी करना जानता है, आदिवासी हितों का सम्मान भी करता है और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता भी देता है। स्वभाविक है कि ग्रेट निकोबार परियोजना इसी नए भारत की महत्वाकांक्षा, क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जिसे हर हाल में पूरा होना ही चाहिए, इसी में हम सभी भारतीयों का हित निहित है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# बदलते फैशन, बदलती सोच और समाज की असली चिंता

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

समाज में समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। भाषा बदलती है, रहन-सहन बदलता है, तकनीक बदलती है और पहनावा भी बदलता है। हर युग की अपनी पहचान होती है। कभी घूँघट और साड़ी को आदर्श माना गया, फिर सलवार-सूट सामान्य हुआ, उसके बाद जींस और आधुनिक परिधान युवाओं की पसंद बने। आज सोशल मीडिया और वैश्विक संस्कृति के प्रभाव से फैशन लगातार नए रूप ले रहा है। ऐसे में स्वाभाविक है कि समाज में इस बदलाव को लेकर चर्चा भी हो और मतभेद भी।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्टर तेजी से वायरल हुआ जिसमें महिलाओं के पहनावे में आए बदलाव को संस्कारों की हार और नग्न होती नारी जैसे शब्दों से जोड़ा गया। पोस्टर में 1980 से 2025 तक के फैशन परिवर्तन को दिखाकर यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आधुनिकता ने भारतीय संस्कृति को कमजोर कर दिया है। यह विषय केवल कपड़ों का नहीं बल्कि समाज की सोच, मानसिकता, स्वतंत्रता, नैतिकता और स्त्री के प्रति दृष्टिकोण का भी है। इसलिए इस विषय पर गंभीर और संतुलित चर्चा आवश्यक है। सबसे पहले यह समझना होगा कि पहनावा केवल शरीर ढँकने का माध्यम नहीं होता बल्कि यह संस्कृति, मौसम, सुविधा, पेशा, परिवेश और व्यक्तिगत पसंद का भी हिस्सा होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में अलग-अलग राज्यों की महिलाओं का पहनावा सदियों से भिन्न रहा है। कहीं साड़ी प्रमुख रही, कहीं घाघरा-चोली, कहीं मेखला, कहीं फुलकारी और कहीं सलवार-सूट। यदि परंपरा ही एकमात्र मानदंड होती, तो इतने विविध रूप कभी विकसित नहीं होते। इसका अर्थ स्पष्ट है कि समाज हमेशा बदलता रहा है और पहनावे में परिवर्तन कोई नई घटना नहीं है। आज की युवा पीढ़ी ऐसे दौर में जी रही है जहाँ वैश्विक संस्कृति का प्रभाव पहले से कहीं अधिक है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया ने दुनिया को छोटे से मंच में बदल दिया है। फैशन अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा बल्कि गाँवों और कस्बों तक पहुँच चुका है। ऐसे में युवाओं का नए पहनावे की ओर आकर्षित होना अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब इस बदलाव को सीधे चरित्र, संस्कार और नैतिकता से जोड़ दिया जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग महिलाओं के कपड़ों को ही उनकी मर्यादा का पैमाना मानता है। यदि कोई लड़की आधुनिक कपड़े पहनती है तो उसके संस्कारों पर प्रश्न उठा दिए जाते हैं, जबकि वही समाज पुरुषों के पहनावे को इतनी कठोर दृष्टि से नहीं देखता। यह दोहरा मापदंड लंबे समय से हमारे समाज में मौजूद है। सवाल यह है कि क्या किसी व्यक्ति का चरित्र केवल उसके वस्त्र तय करते हैं? यदि ऐसा होता, तो अपराध कभी परंपरागत कपड़े पहनने वालों द्वारा नहीं किए जाते। वास्तविकता यह है कि नैतिकता मनुष्य के व्यवहार, सोच और कर्मों से निर्धारित होती है, न कि केवल उसके पहनावे से।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि आधुनिकता और अश्लीलता दोनों अलग बातें हैं। हर आधुनिक परिधान अश्लील नहीं होता और हर पारंपरिक वस्त्र संस्कारों की गारंटी नहीं देता। कई बार समाज अपनी असहजता को संस्कृति की रक्षा का नाम देकर प्रस्तुत करता है। जबकि असली चुनौती कपड़ों से अधिक मानसिकता की है। यदि किसी महिला को सड़क पर असुरक्षा महसूस होती है, तो उसके पीछे कारण उसके वस्त्र नहीं बल्कि समाज के कुछ लोगों की विकृत सोच है। यह भी सच है कि फैशन उद्योग और सोशल मीडिया ने शरीर को प्रदर्शन की वस्तु की तरह प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। लाइक्स, फॉलोअर्स और वायरल होने की होड़ में कई बार लोग सीमाओं को भूल जाते हैं। बाजारवाद ने सुंदरता को एक उत्पाद बना दिया है। युवाओं पर आकर्षक दिखने का दबाव बढ़ा है। यह चिंता का विषय अवश्य है क्योंकि इससे आत्मविश्वास की जगह दिखावे की संस्कृति मजबूत होती है। परंतु इसका समाधान महिलाओं को दोष देना नहीं, बल्कि समाज में संतुलित और स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना है। परिवार और शिक्षा की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि बच्चों को बचपन से ही सम्मान, समानता और संवेदनशीलता के संस्कार दिए जाएँ, तो वे किसी व्यक्ति को उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके व्यक्तित्व से पहचानेंगे। लड़कों को यह सिखाना अधिक आवश्यक है कि महिलाओं का सम्मान करें, बजाय इसके कि लड़कियों को हर समय अपने पहनावे के लिए दोषी महसूस कराया जाए।

## सेहत मंत्र

# मच्छर अगर काट ले तो तुरंत करें ये उपचार, मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में मच्छरों का आतंक जोरों पर होता है। आप चाहे कितने भी कॉयल का इस्तेमाल कर लें, लेकिन यह घर में प्रवेश कर ही लेते हैं। अगर ये आपको काटते हैं तो इससे आपको खुजली, जलन व लाल दाने तो होते हैं ही, साथ ही कभी-कभी आपको डेंगू जैसी कुछ गंभीर बीमारियां भी होती हैं। इसलिए यह बेहद आवश्यक है कि आप मच्छर के काटने के तुरंत बाद कुछ उपचार करें, ताकि आपको खुजली व जलन का अहसास न हो। आइए जानते हैं इसके बारे में-

कारगर है नींबूः मच्छर के काटने पर होने वाली खुजली व जलन को दूर करने के लिए नींबू का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। यह मच्छर के काटने पर होने वाले इंफ़ेक्शन को भी कम करता है। ऐसा इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीमाइक्रोबीअल प्रापर्टी के कारण होता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप प्रभावित स्थान पर नींबू का रस लगाएं। लेकिन ध्यान रखें कि इसका इस्तेमाल करने के तुरंत बाद आप घर से बाहर धूप में न जाएं।

एलोवेरा का इस्तेमालः एलोवेरा को इसके एंटीसेप्टिक गुणों के कारण जाना जाता है और इसी गुण के चलते बहुत से स्किन केयर प्रॉडक्ट्स में इसका इस्तेमाल होता है। इसकी यह एंटीसेप्टिक प्रवृत्ति आपको मच्छर के काटने के कारण होने वाली जलन और सूजन से राहत दिलाती है। आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर इसका फ्रेश जेल प्रभावित स्थान पर लगाएं। इसकी सूदिंग प्रॉपर्टीज आपको ठंडक भी पहुंचाएगी।

शहद है कारगरः शहद का इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं में किया जाता है। इन्हीं में से एक है मच्छर का काटना। मच्छर के काटने पर शहद का इस्तेमाल करना भी काफी प्रभावी माना गया है। इसकी एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफलेमेटरी प्रॉपर्टीज आपको मच्छर के काटने पर होने वाली जलन व सूजन से राहत दिलाती हैं। बस आप अपनी उंगली पर थोड़ा सा शहद लेकर उसे प्रभावित स्थान पर लगाएं।

## धर्म मंत्र

# अपार धन और जीवन की समस्त खुशियां देता है श्रीगणेश का यह चमत्कारी स्तोत्र

भगवान श्रीगणेश की आराधना सर्वदा फलदायी मानी गई है। प्रथम पूज्य देव को प्रिय यह संतान गणपति स्तोत्र लक्ष्मी और संतान दोनों देता है, साथ ही सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला माना गया है। इस स्तोत्र को प्रतिदिन अथवा बुधवार को जपने से जीवन में सर्वसुख संपदा के साथ ही जिन्हें संतान न हो, उन्हें संतान देकर समस्त खुशियों को उनकी झोली में डाल देता है। यह स्त्रोत इतना चमत्कारी हैं कि मनुष्य का भाग्य बदलते देर नहीं लगती।

नमोस्तु
गणनाथाय सिद्धी बुद्धि युताय च।
सर्वप्रदाय देवाय पुत्र वृद्धि प्रदाय च।।
गुरु दराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते।
गोप्याय गोपिताशेष भुवनाय चिदात्मनें।।
विश्व मूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते।
नमो नमस्ते सत्याय सत्य पूर्णाय शुण्डिनें।।
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः।
प्रपन्न जन पालाय प्रणतार्ति विनाशिने।।
शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु।
भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गण नायक।।
ते सर्वे तव पूजार्थ विरताः स्युः वरो मतः।
पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्व सिद्धि प्रदायकम्।।

## पर्यटन



# गर्मियों में जन्नत से कम खूबसूरत नहीं हैं हिमाचल प्रदेश की ये खूबसूरत डेस्टिनेशन्स

गर्मियां आ गई है। ऐसे में कई लोग कंफ्जूड रहते हैं कि वो छुट्टियां बिताने उत्तराखंड जाए या फिर हिमाचल। दिल्ली और आसपास रहने वाले ज्यादातर लोग उत्तराखंड के हिल स्टेशनों पर जाना पसंद करते हैं लेकिन ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो हिमाचल की जगहों को एक्सप्रोर करना चाहते हैं अगर आप भी हिमाचल की जगहों पर घूमना चाहते हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसी खूबसूरत जगहों के बारे में। अंद्रेटा -अगर आपको भीड़भाड़ पसंद नहीं है, तो आप इस गांव में आ सकते हैं। हिमाचल के मशहूर चाय के बागानों से कुछ ही दूरी पर बसा अंद्रेटा गांव आपकी छुट्टियां बिताने के लिए बेस्ट जगह है। पब्बर घाटी-यहां पर प्रकृति का लुत्फ उठाने के साथ-साथ आप और भी कई चीजें कर सकते हैं। आप ट्रैकिंग, कैम्पिंग, साईक्लिंग और पैराग्लाइडिंग जैसे कई एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। बैरल- शिमला से 4 घंटे की दूरी पर मौजूद बैरल बेहद खूबसूरत जगह है। यहां के पारम्परिक घर इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। इन घरों की खासियत है कि यहां निचले तल पर पालतू जानवर रहते हैं और ऊपरी मंजिल में लोग बसते हैं, तो अगर आपको पालतू जानवरों से प्यार है, तो आप यहां भी घूम सकते हैं। बैरोट- हिमाचल के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। सूरज की किरणों के साथ इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। झील और झरने इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। यहां बहुत खूबसूरत सनसेट होता है। शोजा- बादलों और पहाड़ो को एक साथ देखा है, अगर नहीं तो शोजा जरूर जाइए। हरे भरे पेड़, पहाड़, झरने और बादल इस जगह की खूबसूरती का कारण हैं। आपको यहां पर बेहद खूबसूरत चीजें देखने को मिलेगी। आप यहां पर घंटों बीता सकते हैं। नग्गर-नग्गर वो खूबसूरत जगह है, जहां पर शाहिद और करीना कपूर की फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग हुई थी। आप यहां की बेहतरीन शूटिंग लोकेशन भी देख सकते हैं। 15वीं शताब्दी से प्रेरित यहां के पारम्परिक घर बहुत खूबसूरत लगते हैं।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ संरक्षण के सरकारी दावों पर उठाए सवाल, कुड़वार में गौशाला निर्माण का किया आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुड़वार/सुलतानपुर। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को महाकाल मंदिर पहुंचे। उनके आगमन पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, व्यापारियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुटी। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रदेश में गायों की स्थिति को लेकर सरकार के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कागजों और आंकड़ों में गायों की स्थिति अत्यंत बेहतर दिखाई जाती है, जबकि जमीनी स्थिति अलग नजर आती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गौ संरक्षण को लेकर कड़े कानून बनाए गए हैं और सरकार द्वारा गायों के संरक्षण के लिए बड़े बजट तथा गांव-गांव गौ आश्रय स्थल बनाने की बातें कही जाती हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति का आकलन जनता स्वयं कर सकती है। उन्होंने पशुपालन विभाग के बजट और गौशालाओं से जुड़े सरकारी दावों का उल्लेख करते हुए कहा कि कागजों में गायों को अत्यधिक सुविधाएं मिलती दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तविक हालात अलग हैं। उन्होंने अधिकारियों, पत्रकारों और आम लोगों के बयानों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने कुड़वार बाजार क्षेत्र में एक गौशाला निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से गौशाला निर्माण के लिए 'एक नोट' यानी एक रुपये के सहयोग की अपील की। मौके पर कुछ लोगों से सहयोग राशि भी एकत्र की गई। इस दौरान दयाराम अग्रहरि ने घोषणा की कि कुड़वार बाजार में जल्द ही एक गौशाला का निर्माण कराया जाएगा।

# अर्पित बॉक्सिंग चौंपियनशिप खेलने जुलाई में जाएंगे बैंकॉक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। एमजीएस का बॉक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने जाएगा थाईलैंड। बताते चले एमजीएस इंटर कॉलेज के कक्षा 10 का छात्र बॉक्सर अर्पित निषाद एशियन आर्म बाक्सिंग चौंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने जुलाई में बैंकाक (थाईलैंड) जाएंगे। अर्पित ने यह उपलब्धि पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम, सुलतानपुर में हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 51 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर हसिल किया था। अर्पित अपने विद्यालय में खेल अध्यापक राजेश कन्नौजिया और कोच शुभम धुरिया की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसके उपलक्ष्य में आज अर्पित निषाद को विद्यालय प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह और उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह ने सम्मानित किया। विद्यालय के अध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि अर्पित की यह उपलब्धि सिर्फ जनपद के लिए ही गौरव की बात नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव और हर्ष की बात है। अर्पित के स्वागत के समय राजेश कुमार कनौजिया, दिलीप सिंह, राकेश सिंह, दीपक सिंह, श्याम लाल निषाद, वैभव सिंह, अजय, धर्मेंद्र पांडे, राम प्रकाश, अशोक कुमार सिंह, रत्नाकर, सुनील कुमार सिंह, मो अशहद, शमीम, पवन सिंह, अम्बरीष, सुमित, अंजनी, किरन, मधुलिका, प्रज्ञा, अंजली आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग का बड़ा खेल बेनकाब

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए गए शिक्षकों के आदेश को हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद आनन-फानन में प्रत्यावर्तित करना पड़ा। इस पूरे मामले ने विभागीय पारदर्शिता और वरिष्ठता नियमों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह, पूर्व जिला प्रवक्ता राहुल राष्ट्रवादी समेत कई शिक्षकों ने आदेश वापसी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रभारी प्रधानाध्यापक की नियुक्ति पूरी तरह वरिष्ठता सूची के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि बीएसए सार्वजनिक रूप से वरिष्ठता सूची जारी करें और निष्पक्ष तैनाती सुनिश्चित करें। सूत्रों के हवाले से बड़ा आरोप है कि बीएसए के करीबी बताए जा रहे पंकज सिंह को वरिष्ठता सूची दरकिनार कर प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया गया। जिस विद्यालय में उन्हें चार्ज दिया गया, वहां उनसे वरिष्ठ शिक्षक मौजूद थे और कुछ शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में केवल दो वर्ष ही शेष बताए जा रहे थे। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किस दबाव और किस नियम के तहत वरिष्ठ शिक्षकों को नजरअंदाज कर यह तैनाती की गई? अब हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद विभाग बैकफुट पर नजर आ रहा है। शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है। शिक्षकों का कहना है कि यदि नियुक्तियों में पारदर्शिता नहीं लाई गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और कानूनी लड़ाई दोनों तेज हो सकती हैं।

## मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ खंडपीठ ने ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर के प्राचार्य को एक स्टाफ नर्स द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति की एकल पीठ द्वारा पारित किया गया। मामला रिट-ए संख्या 3705/2026 से संबंधित है, जिसे कीर्ति श्रीवास्तव ने अधिवक्ता अजय बहादुर के माध्यम से दाखिल किया था। याचिका में मांग की गई थी कि याचिकाकर्ता को स्टाफ नर्स के पद पर कार्य करने दिया जाए तथा उनके कार्य में किसी प्रकार की बाधा या उत्पीड़न न किया जाए। इसके अतिरिक्त, 19 फरवरी 2026 को प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत उनके प्रत्यावेदन के निस्तारण की भी मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शिकायत दर्ज होने के बाद उन्हें सेवा से हटा दिया गया, जिसके कारण उनके प्रत्यावेदन पर शीघ्र निर्णय आवश्यक है। बाद में याचिकाकर्ता की ओर से राहत की मांग को केवल प्रत्यावेदन के निस्तारण तक सीमित कर दिया गया। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने भी प्रत्यावेदन पर निर्णय लेने के लिए न्यायालय द्वारा निर्देश जारी किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी किए बिना याचिका का निस्तारण कर दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि प्राचार्य ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर, याचिकाकर्ता के 19 फरवरी 2026 के प्रत्यावेदन पर विचार करते हुए आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किए जाने की तिथि से दो माह के भीतर कारणयुक्त एवं स्पष्ट आदेश पारित करें।

## गोमती गुरुद्वारा पर गूंजा संकल्प नदी बचाओ, भविष्य बचाओ तपती धूप में उमड़ा जनसैलाब,

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र स्थित गोमती गुरुद्वारा पर बुधवार को मां गोमती सेवा यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत गोमती नदी पुनर्जीवन अभियान ने जनआंदोलन का रूप ले लिया जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं नेकी की दीवार सामाजिक संस्था के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में भीषण गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह देखने लायक रहा चिलचिलाती धूप और उमस भरे मौसम में जहां आमजन घरों में रहने को मजबूर रहे, वहीं सैकड़ों ग्रामीण, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि गोमती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए श्रमदान करते नजर आए किसी के हाथ में फावड़ा था तो कोई कुदाल से नदी की सफाई और खुदाई में जुटा रहा पसीने से तरबतर लोग लगातार घंटों तक कार्य करते रहे, लेकिन उनके चेहरे पर थकान नहीं बल्कि मां गोमती के प्रति आस्था और समर्पण साफ दिखाई दिया अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने भी श्रमदान कर लोगों का उत्साह बढ़ाया अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गोमती नदी केवल जलधारा नहीं बल्कि क्षेत्र की आस्था और जीवन का आधार है नदी के पुनरुद्धार से पर्यावरण संरक्षण के साथ भूजल स्तर सुधारने में भी मदद मिलेगी ग्रामीणों ने बताया कि माधोटांडा से निकलने वाली गोमती नदी वर्षों से उपेक्षा का शिकार रही है, जिससे उसका प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो गया था अब प्रशासन और जनता की साझा पहल से नदी को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की उम्मीद जगी है लगातार चल रहे इस अभियान से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं।

## कानपुर में 15 लाख रुपये के गांजे के साथ जीआरपी ने तस्कर को किया गिरफ्तार

कानपुर । कानपुर सेंट्रल पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 किलो 695 ग्राम गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गांजे की कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम स्टेशन परिसर और आउटर के इलाकों में लगातार संदिग्धों विशेष नजर रखकर ऑपरेशन को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज हैरिसगंज पुल के पास झकरकट्टी बस अड्डा जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोक कर जब उसकी तलासी ली गयी तो उसके पास से मिले ट्राली बैग से कुल 12 किलो 695 ग्राम गंजा गांजा बरामद हुआ। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ के दौरान तस्कर की पहचान डंगा गुडा वार्ड संख्या-7 थाना जयपुर जिला कोरापुट ओडिशा के रहने वाले राम बहादुर गुरुंग के रूप में हुई। उसने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर लखनऊ की ओर ट्रेन से जाने की फिराक में था और मौके पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। बरामद माल को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की गयी। अन्य नेटवर्क की जानकारी के लिए पूछताछ जारी है। जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम मामले में नेटवर्क की कड़ी जांच कर रही है और मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य आरोपितों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं।

# जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : संजय गंगवार

उरई,। प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गयी। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पोषण, पेंशन और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था का अंतिम उद्देश्य आम जन को राहत देना होना चाहिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में वार्डवार अभियान चलाकर प्रत्येक वार्ड को संतृप्त किया जाए, ताकि अधिकाधिक परिवारों को सौर ऊर्जा योजना का लाभ मिल सके।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। खरीद केंद्रों और कृषि केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर डॉक्टरों के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएं तथा मौके पर ही पेंशन आवेदन भरवाकर पात्र दिव्यांगजनों को लाभांवित किया जाए।

# वादों से नहीं,पैमाइश से मिलेगा न्याय,तहसील में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर तहसील परिसर बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन का केंद्र बना रहा, जहां भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए किसानों ने तहसील प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सात दिन में जमीन की पैमाइश कराने का आश्वासन केवल आश्वासन बनकर रह गया धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में राजस्व विभाग की लापरवाही और जमीन संबंधी विवादों को लेकर तहसील प्रशासन का घेराव किया था उस दौरान उपजिलाधिकारी ने स्वयं सात दिन के भीतर पैमाइश कराने का भरोसा दिया था, लेकिन तय समय गुजरने के बाद भी न तो राजस्व टीम मौके पर पहुंची और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई।भाकियू (भानू) पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि किसानों को लगातार तारीखें देकर गुमराह किया जा रहा है उनका कहना है कि आम किसान अपनी ही जमीन की नाप-जोख कराने के लिए महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बिना सिफारिश और लेन-देन के कोई सुनवाई नहीं हो रही तहसील परिसर में दरी बिछाकर बैठे किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि जब तक मौके पर पैमाइश शुरू नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा किसान नेताओं ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर तहसील मुख्य गेट पर तालाबंदी कर कामकाज ठप किया जाएगा धरने के दौरान किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला खबर लिखे जाने तक किसान तहसील परिसर में डटे हुए थे,जबकि प्रशासन की ओर से कोई वरिष्ठ अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा था।

## हिप हाप चैंपियनशिप में प्रतिभागियों ने दिखाया डांस का दम

मुरादाबाद। एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित दो दिवसीय अरेबिक सैंड हिप हाप चैंपियनशिप का आज रंगारंग और उत्साहपूर्ण माहौल में भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई नामचीन स्कूलों और डांस एकेडमियों के लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर मंच पर अपने डांस का जबरदस्त दम दिखाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शुभम शर्मा और एमआईटी वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में स्प्रिंगफील्ड, दिल्ली पब्लिक स्कूल मुरादाबाद, सेंट मैरी सिविल लाइंस, होस्ट एमआईटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके साथ ही शहर की शीर्ष डांस एकेडमियों के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिनमें मुख्य रूप से डांस एरीना, रिदम डांस स्टूडियो, एस रॉकर डांस स्टूडियो, एवी डांस स्टूडियो, एनएम डांस एकेडमी, शैरन डांस एकेडमी, केयरफ्री डांस इंस्टीट्यूट, गेट अप डांस स्टूडियो, ब्रास सिटी डांस सेंटर, द गैग्नेंट्स डांस स्टूडियो सहयोगी कोरियोग्रॉफर्स और गुरु सम्मानित हुए।

# कानपुर पुलिस ने 111 खोए मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाए

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की पूर्वी जोन सर्विलांस टीम ने तकनीकी निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए बुधवार को गुम और चोरी हुए 111 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलते ही सर्विलांस टीम ने आईएमईआई नंबर के आधार पर ट्रैकिंग शुरू की। नेटवर्क डेटा एनालिसिस, लोकेशन ट्रेसिंग और फील्ड वेरिफिकेशन के जरिए अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन रिकवर किए गए। तकनीकी टीम ने विभिन्न नेटवर्क ऑपरेटरों से डेटा लेकर संदिग्ध लोकेशन चिन्हित की और कई मामलों में अंतरजनपदीय स्तर पर समन्वय कर बरामदगी की कार्रवाई की।

बरामद मोबाइलों में कई मामले गुम होने के हैं जबकि कुछ में चोरी की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में तहरीर प्राप्त होगी उनमें नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बरामद मोबाइलों को जांच और सत्यापन के बाद सम्बंधित लोगों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को उनके फोन वापस किए गए जिससे उन्हें राहत मिली। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल खोने की स्थिति में तुरंत ही शिकायत दर्ज कराएं ताकि डिवाइस की ट्रैकिंग तेजी से हो सके।

## मोटर साइकिल की टक्कर से वृद्ध की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित खीरी थाना क्षेत्र में जोरवट गांव के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल की टक्कर से एक वृद्ध की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।
अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विजय आनंद बताया कि हादसे में कौदी गांव निवासी सिपाही लाल (70) की मौत हुई है। वृद्ध के परिवारीजनों से पूछताछ में पता चला है कि मृतक वृद्ध पैदल जोरवट गांव की ओर जा रहे थे तभी एक मोटरसाइकिल सवार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां से स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए भेज दिया गया। वहां जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई। थाना पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# ऐसे आयोजन सनातन संस्कृति और भारतीय मूल्यों से जुड़ने का माध्यम : रमेश अवस्थी

एजेंसी

कानपुर । भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश आज भी लोगों को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं। यह बातें बुधवार को सांसद रमेश अवस्थी ने साकेत नगर स्थित दीप पीवीआर सिनेमा में फिल्म 'कृष्णावतारम' के विशेष निःशुल्क प्रदर्शन के दौरान कहीं।

सांसद की ओर से आयोजित इस विशेष शो में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। सांसद रमेश अवस्थी ने स्वयं कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठकर फिल्म देखी।

फिल्म 'कृष्णावतारम' के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके संघर्ष, नीति, धर्म और मानवता के संदेशों को दर्शाया गया। उपस्थित लोगों ने फिल्म को सराहा और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। सांसद अवस्थी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में युवाओं का अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव बनाए रखना बेहद जरूरी है। धार्मिक विषयों पर आधारित फिल्में नई पीढ़ी को भारतीय इतिहास, संस्कृति और परम्पराओं को समझने का अवसर प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम में भाजपा कानपुर उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक नीलिमा कटियार, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, सुरेश अवस्थी, रामदेव शुक्ल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## नदी में डूबे किसान को दूसरे दिन भी नहीं ढूंढ सके गोताखोर, तलाश जारी

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में थाना मण्डावर में मंगलवार को गंगा में डूबे किसान की मोटर बोट व नावों दूसरे दिन बुधवार को भी तलाश जारी रही और गोताखोर सुराग नहीं लगा पाए। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम जहांगीरपुर निवासी बुजुर्ग हरि सिंह (65) मंगलवार को अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के पास स्थित खेतों पर रोजमर्रा की तरह काम करने गया था। उनके साथ गांव के ही बिट्टू भी था। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप में गर्मी से राहत पाने के लिए वृद्ध किसान हरि सिंह गंगा नदी में नहाने उतर गया। देखते-ही-देखते किसान गंगा के गहरे भंवर में फंसकरडूब गया, जबकि वो तैरना भी अच्छी तरह जानते थे। उनके डूबने की जानकारी साथी बिट्टू ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू कराई गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गई, लेकिन देर रात तक उसका कोई पता नहीं लगा। आज दूसरे दिन गोताखोर नदी में डूबे किसान को खोजते रहे, किंतु समाचार लिखे जाने तक उनका कोई पता नहीं लगा पाया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। थाना प्रभारी ने कहा कि किसान की तलाश जारी है।

## ऑनलाइन गेमिंग एप से हुई साइबर ठगी की रकम पीड़िता को वापस मिली

मीरजापुर। थाना कोतवाली शहर साइबर सेल टीम ने ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से हुई साइबर ठगी के मामले में पीड़िता की एक लाख रुपये की धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस के अनुसार मीर साहब की गली कदमतर निवासी रीना सिंह पुत्री अशोक सिंह ने 17 अगस्त 2025 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए उनके खाते से एक लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली गई है। शिकायत मिलने के बाद थाना कोतवाली शहर साइबर सेल टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी की पूरी धनराशि पीड़िता के खाते में वापस करा दी।

# केंद्रीय मंत्री बघेल ने दी शोक संवेदना, पीएम मोदी के तेल बचत आह्वान का किया समर्थन



कानपुर। केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल बुधवार को शताब्दी एक्सप्रेस से कानपुर पहुंचे और भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के बर्रा स्थित आवास पहुंचकर उनके बड़े भाई स्वर्गीय श्रीराम पाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान भाजपा तेलंगाना प्रदेश के महामंत्री संगठन चंद्रशेखर ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल बचत के आह्वान का समर्थन करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक और ऊर्जा संकट के दौर में ईंधन बचत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उन्होंने टूंडला से कानपुर तक का सफर ट्रेन से तय कर ईंधन बचत का संदेश दिया तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग पर जोर दिया। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि अखिलेश यादव द्वारा पीडीए की बात करना दर्शाता है कि पार्टी का पुराना चेहरा भय, अपराध और अराजकता से जुड़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकारों में पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय हुआ और अब उन्हें अपने कार्यकाल का जवाब देना चाहिए। उन्होंने राणा सांगा पर टिप्पणी को गलत बताया और कहा कि महापुरुषों के सम्मान से ही संस्कृति मजबूत होती है। इस दौरान उन्होंने 2027 में सरकार बनाने के दावे को लेकर भी सपा पर तंज कसा और भाजपा सरकार की वापसी पर विश्वास जताया। कार्यक्रम में कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अनूप अवस्थी, विनय राठौर आदि भी मौजूद रहे और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लगातार हार के बाद कप्तानी पर उठे सवाल, बोले शान मसूद पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में सुधार पहली प्राथमिकता

एजेंसी

सिलहट । बांग्लादेश के खिलाफ सिलहट टेस्ट में 78 रन की हार और लगातार दूसरी टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद शान मसूद ने अपनी कप्तानी के भविष्य पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा कि उनका पूरा ध्यान पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट को बेहतर बनाने पर है।

इस हार के साथ पाकिस्तान ने कई शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। बांग्लादेश के खिलाफ लगातार चार टेस्ट हारने वाली पाकिस्तान जिम्बाब्वे के बाद दूसरी टीम बन गई है। इसके अलावा विदेशी धरती पर पाकिस्तान की यह लगातार सातवीं टेस्ट हार रही, जो टीम के सबसे खराब रिकॉर्ड की बराबरी है। शान मसूद का कप्तानी रिकॉर्ड भी लगातार सवालों के घेरे में है। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने 16 टेस्ट में 12 हार झेली हैं। पाकिस्तान के किसी कप्तान के तौर पर इससे ज्यादा हार केवल मिस्बाह-उल-हक को मिली थीं,



हालांकि उन्होंने 56 टेस्ट में कप्तानी की थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मसूद ने कहा, ल्लमेरी नीयत हमेशा साफ रही है। मैंने यह जिम्मेदारी पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए ली थी। आगे क्या फैसला होगा, यह बोर्ड के हाथ में है। लेकिन मेरा प्रयास हमेशा यही रहेगा कि टीम कैसे आगे बढ़े और बेहतर बने।ङ्क उन्होंने आगे कहा, ल्लजरूरी नहीं कि मैं कप्तानी की कुर्सी पर बैठकर ही योगदान दूं। खिलाड़ी के तौर पर या किसी भी भूमिका में मैं पाकिस्तान क्रिकेट के लिए पूरी ईमानदारी से काम करता रहूंगा। इस समय केवल बदलाव की बात करने के बजाय हमें यह सोचना चाहिए कि पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट को कैसे सुधारा जाए। सिलहट टेस्ट में पाकिस्तान ने पहले दिन बांग्लादेश को 116 रन पर छह विकेट तक पहुंचा दिया था, लेकिन लिटन दास के शतक ने मैच का रुख बदल दिया। मसूद ने माना कि टीम ने अहम मौकों पर गलतियां कीं। उन्होंने कहा, ल्लअगर हम इस सीरीज की बात करें तो दोनों टेस्ट मैचों में हमारे पास जीत के मौके थे। लेकिन बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग ऽ हर विभाग में हमने ऐसी गलतियां कीं जिनकी कीमत चुकानी पड़ी। टेस्ट क्रिकेट में पांच दिनों के दौरान छोटी गलतियां भी बहुत भारी पड़ती हैं। मसूद ने टीम में बड़े बदलाव की मांगों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सुधार भावनाओं में बहकर नहीं बल्कि संरचनात्मक बदलावों से आएगा।उन्होंने कहा, ल्लहमें यह देखना होगा कि टीम को किस तरह का क्रिकेट खेलना है और कमजोरियों को कैसे दूर करना है। खिलाड़ी 18 साल का हो या 40 साल का, इससे फर्क नहीं पड़ता। मायने यह रखता है कि वह टीम की जरूरत के हिसाब से भूमिका निभा सकता है या नहीं।ङ्क उन्होंने आगे कहा, ल्लजब आप हारते हैं तो सबकुछ ठीक है ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन फैसले भावनाओं में नहीं लेने चाहिए।


हमें जड़ों तक जाकर समस्याओं को समझना होगा। पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में सुधार के लिए संरचनात्मक बदलाव जरूरी हैं। इस सीरीज में शान मसूद ने एक अर्धशतक जरूर लगाया, लेकिन उनका औसत 26 से भी कम रहा। वहीं मोहम्मद रिजवान ने अंतिम टेस्ट में 94 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने दूसरी पारी में छह विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

# आईपीएल 2026 : वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी से जीता राजस्थान, लखनऊ को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

जयपुर । राजस्थान रॉयल्स ने तीन मैचों की हार का सिलसिला तोड़ते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराकर शानदार वापसी की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान ने 221 रन के बड़े लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर लिया।

मैच के सबसे बड़े हीरो युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने सिर्फ 38 गेंदों पर 93 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी में 7 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और लखनऊ के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। कप्तान यशस्वी जायसवाल ने भी तेज शुरुआत करते हुए 23 गेंदों में 43 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़कर राजस्थान की जीत की नींव रखी।



सूर्यवंशी के आउट होने के बाद ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाला और नाबाद 53 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। अंतिम चरण में डोनोवन फरेरा ने भी तेज 16 रन जोड़कर जीत आसान बना दी।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की ओर से मिचेल मार्श शतक से चूक गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। जॉश इंग्लिश ने 29 गेंदों में 60 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 109 रन की बड़ी साझेदारी की। कप्तान ऋषभ पंत ने भी 35 रन का योगदान दिया, जिससे टीम 20 ओवर में 220 रन तक पहुंच सकी।

हालांकि, लखनऊ की गेंदबाजी निराशाजनक रही। राजस्थान के बल्लेबाजों के सामने गेंदबाज लगातार संघर्ष करते दिखे। वहीं गेंदबाजी में राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर और यश राज पुंजा ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

इस जीत के साथ राजस्थान ने प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा, जबकि लखनऊ को महत्वपूर्ण झटका लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 78 रन से हराया, दो मैचों की टेस्ट सीरीज में किया क्लीन स्वीप

सिलहट। बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। इसके साथ ही बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान का टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया। सीरीज के अंतिम दिन पाकिस्तान के सामने मुश्किल चुनौती थी। टीम को जीत के लिए 121 रन और चाहिए थे, जबकि उसके सात विकेट पहले ही गिर चुके थे। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान क्रीज पर डटे हुए थे और उन्होंने दिन की शुरुआत में जीवनदान मिलने के बाद लगातार दो चौके लगाकर उम्मीदें जगाईं। दूसरी ओर सजिद खान ने भी तस्कीन अहमद के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने अहम साझेदारी कर पाकिस्तान को मैच में बनाए रखा, लेकिन बांग्लादेश को सिर्फ एक सफलता की जरूरत थी। यह सफलता स्पिनर तैजुल इस्लाम ने दिलाई। उन्होंने सजिद खान को स्लिप में कैच कराकर अपनी पांचवीं विकेट हासिल की। इसके अगले ही ओवर में रिजवान भी गली में कैच देकर 94 रन पर आउट हो गए और शतक से चूक गए। इसके बाद बांग्लादेश ने जल्द ही आखिरी विकेट भी हासिल कर मैच 78 रन से जीत लिया। तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरी पारी समेट दी। टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ यह बांग्लादेश की लगातार चौथी जीत रही।पहली पारी में शानदार 126 रन बनाने वाले लिटन दास को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि पूरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुशफिकुर रहीम को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। संक्षिप्त स्कोर: बांग्लादेश ऽ 278 और 390 पाकिस्तान ऽ 232 और 358 बांग्लादेश ने मैच 78 रन से जीता और सीरीज 2-0 से अपने नाम की।

### टी-20 मुंबई लीग के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की टीम घोषित, अगुवाई करेंगे शार्दुल ठाकुर

ठाणे (महाराष्ट्र) । ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए बुधवार को अपनी टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर एक बार फिर टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण देखने को मिला है। पिछली बार ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स सेमीफाइनल तक पहुंची थी, लेकिन वहां उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार टीम खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

टीम के मालिक विक्की रूपचंदानी ने कहा, ल्लहम इस सीजन के लिए तैयार की गई टीम से काफी संतुष्ट हैं। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ऐसे युवा खिलाड़ी भी हैं जो बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार हम सेमीफाइनल तक पहुंचे थे और इस बार हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। हमें भरोसा है कि खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और हमारे समर्थकों को गर्व महसूस कराएंगे। टी-20 मुंबई लीग का आयोजन 1 जून से 13 जून तक होगा। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स अपना पहला मुकाबला 1 जून को बांद्रा ब्लास्टर्स के खिलाफ खेलेगी। पुरुष वर्ग में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें शीर्ष चार टीमें 11 जून को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आदित्य विनोद गिरी, अमर्त्य राजे, अनुज विनोद गिरी, अथर्व अंकोलेकर, अयान मोहित जैन, एकनाथ दिनेश केरकर, कार्तिक मिथिलेश मिश्रा, मनन भाट, ओंकार तुकाराम तरमले, रोहन राजेंद्र घाग, साईराज पाटिल, शार्दुल ठाकुर, शशिकांत एकनाथ कदम, शाश्वत योगेश जगताप, शॉन मोतीराम रोड्रिग्स, शिवांश लल्लन सिंह, सिद्धांत मनोज सिंह, सुमेर सम्राट जावेरी, विनय सुरेश कुंवर और धनय पारेख।

### भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर सीरीज का किया शानदार समापन

भोपाल । भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को भोपाल स्थित उधव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में खेले गए चार मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 महिला हॉकी टीम को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक खेल दिखाया और पहले क्वार्टर के 8वें मिनट में ऑरोरा कोवासेविच ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि भारतीय टीम ने जल्द ही वापसी करते हुए कप्तान स्वीटी कुजूर ने 13वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा। 25वें मिनट में दिया ने शानदार गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई, जो हाफटाइम तक कायम रही।

दूसरे हाफ में भी भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा। तीसरे क्वार्टर के 44वें मिनट में प्रियंका मिंज ने गोल कर बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद अंतिम क्वार्टर में नौशीन नाज ने 50वें मिनट में गोल दागकर भारत की 4-1 की शानदार जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने एक्सपोजर सीरीज का समापन शानदार अंदाज में किया। यह दौरा जापान में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारियों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि चार मैचों की इस एक्सपोजर सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से श्रृंखला अपने नाम की।

# ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से बाहर हुए फखर जमान और सैम अयूब, चोट के कारण नहीं होंगे उपलब्ध

एजेंसी

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। सलामी बल्लेबाज फखर जमान और सैम अयूब चोट के कारण तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को जानकारी दी कि दोनों खिलाड़ियों को मेडिकल पैनल की निगरानी में रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम की सलाह दी गई है। हालांकि बोर्ड ने चोट की गंभीरता और वापसी की संभावित तारीख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 30 मई से रावलपिंडी में होगी। इसके बाद बाकी दो मुकाबले 2 और 4 जून को लाहौर में खेले



जाएंगे।

फखर जमान पहले भी घुटने की पुरानी समस्या के कारण कई मुकाबले मिस कर चुके हैं। वहीं सैम अयूब के बारे में बताया जा रहा है कि पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान उनके टखने में फिर से चोट लग गई।

सैम अयूब पिछले साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान फील्डिंग करते समय दाएं टखने में फ्रैक्चर का शिकार हुए थे। लंबे समय बाद उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी, लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

टी20 विश्व कप के बाद बांग्लादेश दौरे पर खेली गई वनडे सीरीज में भी सैम टीम का हिस्सा नहीं थे। वहीं फखर जमान को भी उस सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, जिसमें पाकिस्तान को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज आखिरी बार नवंबर 2025 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में खेलते नजर आए थे।

अब ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए साहिबजादा फरहान को टीम में बनाए रखा जा सकता है। इसके अलावा बाबर आजम को भी ओपनिंग की जिम्मेदारी दिए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## कलाई की चोट के कारण विंबलडन 2026 से बाहर हुए कार्लोस अल्कराज

नई दिल्ली। दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने आगामी विंबलडन 2026 से हटने का फैसला किया है। अल्कराज ने बताया कि वह कलाई की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण वह घास के कोर्ट सीजन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। अल्कराज ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ल्लमेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मैं पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अभी खेलने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हूं। इसी वजह से मुझे क्वींस और विंबलडन से हटना पड़ रहा है। ये दोनों टूर्नामेंट मेरे लिए बेहद खास हैं और मैं इन्हें बहुत मिस करूंगा। हम जल्द वापसी के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। 23 वर्षीय अल्कराज इससे पहले फ्रेंच ओपन 2026 से भी हट चुके हैं, जहां वह गत चैंपियन थे। उन्हें पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के पहले दौर के मुकाबले के दौरान कलाई में चोट लगी थी।

# हिप हाप चैंपियनशिप में प्रतिभागियों ने दिखाया डांस का दम

एजेंसी

मुरादाबाद। एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित दो दिवसीय अरेबिक सैंड हिप हाप चैंपियनशिप का आज रंगारंग और उत्साहपूर्ण माहौल में भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई नामचीन स्कूलों और डांस एकेडमियों के लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर मंच पर अपने डांस का जबरदस्त दम दिखाया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि शुभम शर्मा और एमआईटी वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में स्प्रिंगफील्ड, दिल्ली पब्लिक स्कूल मुरादाबाद, सेंट मैरी सिविल लाइंस, होस्ट एमआईटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके साथ ही शहर की शीर्ष डांस एकेडमियों के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा



का लोहा मनवाया, जिनमें मुख्य रूप से डांस एरीना, रिदम डांस स्टूडियो, एस रॉकर डांस स्टूडियो, एवी डांस स्टूडियो, एनएम डांस एकेडमी, शैरन डांस एकेडमी, केयरफ्री डांस इंस्टीट्यूट, गेट अप डांस स्टूडियो, ब्रास सिटी डांस सेंटर, द गैग्नेंट्स डांस स्टूडियो सहयोगी कोरियोग्रॉफर्स और गुरु सम्मानित हुए।

कार्यक्रम में अभिजीत सैनी, रितिक, सचिन दिवाकर, अमित वैश्य, निहाल मुल्तानी, शैरन हार्डी, शिवांगी राजपूत, निखिल ठाकुर, अर्पित दिवाकर, अमित मिश्रा, नीलू सिन्हा, स्नेहा, खुशी गौर, निहाल चौधरी, तान्या शर्मा, जविंत सिंह, रेखा आदि सम्मानित हुई । आयोजन समिति में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री रिम्पी सिंह, नीलू सिंह और अनु गौतम की मुख्य भूमिका रही।

# फीफा विश्व कप 2026 के लिए पुर्तगाल टीम का ऐलान, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्रूनो फर्नांडिस शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। पुर्तगाल ने मंगलवार को आगामी फीफा विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी। अनुभवी स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ ब्रूनो फर्नांडिस, बर्नार्डो सिल्वा और वितिन्हा जैसे कई स्टार खिलाड़ी भी टीम में शामिल हैं। 41 वर्षीय रोनाल्डो अपने करियर का रिकॉर्ड छठा फीफा विश्व कप खेलने उतरेंगे। इस उपलब्धि के साथ वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और मेक्सिको के गोलकीपर गिलर्मो ओचोआ की सूची में शामिल हो जाएंगे।

यूरो 2016 चैंपियन पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप-के में रखा गया है, जहां उसका सामना डीआर कांगो, कोलंबिया और उज्बेकिस्तान से होगा।

विश्व कप अभियान शुरू होने से पहले पुर्तगाल की टीम चिली और नाइजीरिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 17 जून को डीआर कांगो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वहीं 23 जून को उज्बेकिस्तान और 27 जून को कोलंबिया से मुकाबला होगा।

फीफा विश्व कप 2026 के लिए पुर्तगाल की टीम गोलकीपर: डियोगो कोस्टा, जोसे सा, रुई सिल्वा, रिकार्डो वेल्हो

डिफेंडर: डियोगो डालोट, मैथियस नून्स, नेल्सन सेमेडो, जोआओ कैंसिलो, नूनो मेंडेस, गोंकालो इनासियो, रेनाटो वेइगा, रुबेन डायस, टोमस अराउजो

मिडफील्डर: रुबेन नेवेस, जोआओ नेवेस, वितिन्हा, ब्रूनो फर्नांडिस, बर्नार्डो सिल्वा, जोआओ फ़ेलिक्स, फ्रांसिस्को ट्रिंकाओ, फ्रांसिस्को कॉन्सेइसाओ, सामू कोस्टा

फॉरवर्ड: पेड्रो टो, रा़फ़ेल लियाओ, गोंकालो गुएडेस, गोंकालो रामोस, क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

# यूएन ने 2026 के लिए भारत का जीडीपी वृद्धि दर अनुमान घटाकर 6.4 फीसदी किया

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और के बीच संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 फीसदी से घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि 2027 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी हो सकती है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत अब भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और जीडीपी के 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक और झटका दिया है, जिससे वृद्धि धीमी हुई है। मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा है और अनिश्चितता उत्पन्न हुई है।

यूएन डीईएसए के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग के वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं प्रभारी अधिकारी इंगो पिटरले ने कहा कि भारत वर्तमान वैश्विक चुनौतियों से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा का बड़ा आयातक है और अन्य माध्यमों जैसे धन प्रेषण (रेमिटेंस) के प्रति भी संवेदनशील है, जिससे कुछ परेशानियां बढ़ती हैं। साथ ही, वैश्विक वित्तीय सख्ती मौद्रिक नीति को और जटिल बना देगी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। यह दर पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की 7.6 फीसदी की अनुमानित विकास दर से कम है। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के चलते आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 118 अंक उछला

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट एवं कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में उछाल से बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 117 अंक उछला, जबकि निफ्टी में 41 अंक की तेजी रही।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 117.54 अंक यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक यानी 0.89 फीसदी टूटकर 74,529.41 के स्तर तक आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 41 अंकों



यानी 0.17 फीसदी की तेजी के स्तर 23,659 पर पहुंच गया। आज के कारोबार में ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.83 फीसदी उछला। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, एक्सिस बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इटर्नल और टाटा स्टील के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब दो फीसदी गिरकर 109 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में तेजी के रुख के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सड़कों पर नमाज 'यह इबादत नहीं, शक्ति प्रदर्शन', राज्य सरकारें से रोके लगायें : विहिप

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सड़कों पर नमाज पढ़ने के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सार्वजनिक और कानून व्यवस्था से जुड़ा विषय बताया है। संगठन का कहना है कि यह इबादत नहीं बल्कि शक्ति प्रदर्शन का तरीका है और राज्य सरकारों को इसपर रोक लगानी चाहिए।

विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने बुधवार को कहा कि सड़कों पर नमाज, नमाज नहीं फसाद है। यह केवल संविधान विरोधी ही नहीं है अपितु, मानवता और इस्लाम विरोधी भी है। इसके दुष्परिणामों को देखते हुए ही सात उच्च न्यायालयों ने सड़कों पर नमाज रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भी ऐसे संकेत दे चुकी है। इसका अर्थ है सड़क पर नमाज पढ़ने की जिद न्यायपालिका की अवमानना भी है। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल 5 मिनट का मामला नहीं है। दिल्ली के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर घंटे ट्रेन बाधित हो जाती थी, जब पटरियों पर बैठकर नमाज पढ़ी जाती थी। गुरुग्राम से गुजरने वाले जयपुर हाईवे पर 8-8 घंटे ट्रैफिक जाम होता था। स्कूल बसें जाम में फंस जाती थी। मासूम बच्चे बिलखते रहते थे। एंबुलेंस के फंसने के कारण मरीजों की जान पर भी बन जाती थी लेकिन, किसी नमाज़ी का दिल नहीं पिघलता था। डॉ जैन ने कहा कि कई हदीसों में भी सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए मना किया है। इसलिए कई मुस्लिम देशों में भी इस पर प्रतिबंध है। किसी भी सभ्य समाज में इसको अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने पूछा कि भारत में वे यह जिद क्यों करना चाहते हैं? वे कहते हैं कि हमें मस्जिदों में जगह नहीं मिलती तो हम सड़क पर उतरते हैं। जब गुरुग्राम में 38 जगह सड़के रोक कर नमाज पढ़ी जाती थी तब, समाज को गुस्सा आया और इसे रोकने के लिए आंदोलन हुए। उस समय मीडिया ने दिखाया था कि गुरुग्राम से 40 किलोमीटर दूर से ट्रकों में चटाइयां लाई जा रही हैं, लोग लाए जा रहे हैं।रास्ते में पड़ने वाली बीसियों मस्जिदें खाली रहती थीं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि यह तर्क केवल धोखा देने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है।

वास्तव में तो यह एक शक्ति प्रदर्शन है। वे प्रशासन और हिंदू समाज को अपना संख्या बल दिखाकर आतंकित करना चाहते हैं। विश्व हिंदू परिषद सभी राज्य सरकारों से अपील करती है कि वे सख्ती से सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा न्यायपालिका और संविधान का पालन करने के लिए सबको प्रेरित करें। किसी भी तरह से सड़क पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मुल्ला - मौलवियों को भी चाहिए कि वे मुस्लिम समाज को कानून का पालन करने की प्रेरणा दें, ना कि उन्हें आतंकवाद के एक और मार्ग पर धकेलें।

# भारत को विकसित देश बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती : राजनाथ

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियोल में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में कहा कि इन 12 सालों में हुए बदलावों ने देश के लोगों को पक्का भरोसा दिया है कि भारत को विकसित देश बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। उन्होंने कोरिया के उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

साउथ कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई गई। सियोल में साउथ कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन मंत्री ली योंग-चुल के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बैठक हुई। दोनों मंत्री संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और संयुक्त निर्यात के लिए रास्ते बनाने पर सहमत हुए। दोनों देशों के पारिस्थितिकी तंत्र



को एकसाथ लाने के लिए रोडमैप पर चर्चा हुई। राजनाथ ने सियोल में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यू के साथ बैठक में दोनों देशों के रक्षा, रक्षा उद्योग और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई गई। दोनों रक्षा मंत्रियों ने नेशनल डिफेंस कॉलेज ऑफ इंडिया और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी ऑफ कोरिया के बीच रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने और यूएन पीसकीपिंग कोऑपरेशन पर एग्रीमेंट्स का आदान-प्रदान किया, जिससे भारत-कोरिया के बीच साझेदारी और मजबूत एवं बहुआयामी बनी। सियोल में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले हमें जो भी चाहिए होता था, हम दूसरे देशों से आयात करते थे। अब हालात बदल गए हैं। पहले भारत विदेशों से हथियारों का आयात करता था, लेकिन आज हम रक्षा निर्यात कर रहे हैं, इसमें वेपन सिस्टम और बाकी सब कुछ शामिल है। हम 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशों के बीच स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को मजबूत होने की उम्मीद है। आज का भारत बिल्कुल अलग है। भारत सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अर्थशास्त्री हमारे विकास मॉडल को वेलफ़ेयर पॉलिटिक्स का नया मॉडल कह रहे हैं, जिससे लोगों की जिंदगी बेहतर हो रही है। बारह साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाला दशक भारत के लिए बदलाव लाने वाला दशक होगा, लेकिन इन 12 सालों में हुए बदलावों ने देश के लोगों को पक्का भरोसा दिया है कि भारत एक विकसित भारत बनेगा और दुनिया की कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती।

# प्रधानमंत्री के अपमान की राहुल व कांग्रेस को चुकानी पड़ेगी बड़ी कीमत : नितिन नवीन

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाफ राहुल गांधी के अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राहुल गांधी व कांग्रेस की अराजकतावादी और हताश मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी राहुल गांधी और कांग्रेस को अपने दुर्भाग्यपूर्ण बयानों की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह को गद्दार कहे जाने पर भाजपा ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि भारतीय राजनीति में सम्मान और शुचिता की परंपरा रही है, लेकिन जनता द्वारा बार-बार नकारे जाने और खारिज किये जाने से कांग्रेस की लगातार चुनावी हार के कारण राहुल गांधी के स्वभाव में हताशा और निराशा उनके स्वभाव और चरित्र में भी दिखाई देने लगी है। यही हताशा और निराशा उनके इस प्रकार के शब्दों और बयानों में झलक रही है।



राहुल गांधी भारतीय राजनीति के ऐसे राहु बन गए हैं, जो देश की राजनीति के वातावरण को लगातार गंदा और दूषित करने का काम कर रहे हैं।

नवीन ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के पूर्वजों ने इस देश की जमीन और जमीर को हमेशा गिरवी रखने का पाप किया और कभी भी देश के सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य नहीं किया। जब-जब कांग्रेस की सरकार रही, तब-तब पूरा शासन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा रहा। कांग्रेस की सरकार के समय देश के सैनिकों के सिर काट दिए जाते थे, तब भी कांग्रेस मौन बैठी रहती थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और आत्मविश्वासी बना है। भारतीय सेना को सम्मान और स्वाभिमान के साथ कार्य करने का वसर मिला है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ही नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का भी अपमान किया है। राहुल गांधी शायद पुरानी बातों से कोई सबक नहीं लेते। जब-जब राहुल गांधी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान किया है, तब-तब देश की जनता ने मोदी को और अधिक आशीर्वाद दिया है, समर्थन दिया है और उन्हें विजय की माला पहनाई है। आने वाले समय में भी राहुल गांधी और कांग्रेस को अपने दुर्भाग्यपूर्ण बयानों की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर भी नकेल कसी गई है, जिससे आतंकवाद को पालने-पोषने वालों के हौंसले पूरी तरह से पस्त हो गए हैं। राहुल गांधी बताएं कि क्या नक्सलवाद को समाप्त करना गद्दारी है? क्या देश की जमीन को सुरक्षित रखना गद्दारी है? क्या पूरे विश्व में भारत के तिरंगे का सम्मान बढ़ाना गद्दारी है? कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा ऐसे शब्दों का प्रयोग समझ से परे है और सर्वथा निंदनीय है।

# प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी, लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिविल अधिकारियों से जनहित और स्थापित व्यवस्था के अनुरूप सही निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा है कि जिस प्रकार न्याय मिलने में देरी को न्याय से वंचित करना माना जाता है उसी प्रकार प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी भी लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2024 बैच के अधिकारियों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। ये अधिकारी अभी विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवाओं, विशेषकर भारतीय प्रशासनिक सेवा, ने देश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब जबकि देश विकास के एक उच्च स्तर में प्रवेश कर चुका है, अधिकारियों से अपेक्षाएँ भी अधिक बढ़ गई हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि नैतिकता और सुशासन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारियों को ईमानदार और नैतिक होना चाहिए। साथ ही, उन्हें परिणाम भी देने होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्णय लेने से बचना नैतिकता नहीं कहलाता बल्कि जनहित और स्थापित व्यवस्था के अनुरूप सही निर्णय लेना ही वास्तविक नैतिकता का सार है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार न्याय मिलने में देरी को न्याय से वंचित करना माना जाता है, उसी प्रकार प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी भी लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि लोकतंत्र का उद्देश्य जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना है। उन्होंने कहा, '' ये आकांक्षाएं उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त होती हैं। इसलिए अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे जनहित में इन प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता दें। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का विशिष्ट अवसर प्राप्त होगा। अनेक अवसरों पर उन्हें कुछ विशेष क्षेत्रों के विशेषज्ञों की टीमों का नेतृत्व भी करना पड़ेगा इसलिए उनके सीखने का दायरा और गति दोनों अत्यंत व्यापक और तेज होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विभिन्न क्षेत्रों और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की उनकी क्षमता असाधारण होनी चाहिए।

# फाल्टा में पुनर्मतदान से पहले तैयारियां पूरी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को होने वाले पुनर्मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि मतदान से पूर्व सभी मतदान कर्मियों की तैनाती और सामग्री वितरण की प्रक्रिया फाल्टा स्थित डिस्पर्सल सेंटर से सुचारु रूप से पूरी की जा रही है। मतदान दलों को समय पर बूथों की ओर रवाना किया जा रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गयी है। पूरे क्षेत्र में स्थिति पर सतत नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। आयोग ने कहा कि पुनर्मतदान को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि फाल्टा में 23 अप्रैल को हुए मतदान के बाद चुनाव आयोग को कुछ मतदान केंद्रों पर अनियमितताएं की शिकायतें मिली थीं। इसी कारण आयोग ने इस सीट पर पुनर्मतदान की घोषणा की थी। फाल्टा का पुनर्मतदान इसलिए भी दिलचस्प हो गया है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनाव से अपना नाम वापस लेने की घोषणा कर दी है।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने मौजूदा ओबीसी उप-वर्गीकरण को रद्द किया, केवल 66 समुदाय रहेंगे सूची में शामिल

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को राज्य सरकार की नौकरियों और पदों में आरक्षण से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची के मौजूदा उप-वर्गीकरण ढांचे को रद्द कर दिया। इसके साथ ही सरकार ने सात प्रतिशत आरक्षण के लिए ओबीसी श्रेणी के तहत केवल 66 समुदायों को बनाए रखने का फैसला किया है। यह अधिसूचना मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में नबन्ना (सचिवालय) में हुई दूसरी कैबिनेट बैठक के एक दिन बाद आई है। इस बैठक में राज्य सरकार ने ओबीसी सूची की दोबारा जांच करने और पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान जारी किए गए प्रमाण पत्रों की समीक्षा करने का निर्णय लिया था। मंत्रिमंडल की दूसरी बैठक में लिए गए इस फैसले को इसके कानूनी और राजनीतिक निहितार्थों के कारण नए प्रशासन का सबसे बड़ा नीतिगत बदलाव माना जा रहा है। सोमवार को हुई बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा था, ''मंत्रिमंडल ने ओबीसी श्रेणी के भीतर मौजूदा उप-वर्गीकरण प्रणाली को समाप्त करने, पश्चिम बंगाल सरकार के तहत ओबीसी समुदायों के लिए आरक्षण के प्रतिशत की समीक्षा करने और राज्य की ओबीसी सूची की नए सिरे से जांच करने का निर्णय लिया है।'' सुश्री पॉल ने कहा था, ''इस मामले की नए सिरे से जांच की जाएगी। राज्य सरकार उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) के निर्देशों के अनुसार ही जातियों या समूहों को सूची में शामिल करने के बारे में फैसला करेगी।''राज्यपाल के निर्देश पर मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने घोषणा की कि 66 समुदायों को ओबीसी श्रेणी के तहत सात प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण और उप-वर्गीकरण से जुड़ा यह विवाद वाम मोर्चा सरकार के अंतिम दौर और मार्च 2010 से मई 2012 के बीच तृणमूल कांग्रेस सरकार के पहले कार्यकाल के समय का है। उस अवधि के दौरान, राज्य में 77 समुदायों को ओबीसी सूची में शामिल किया गया था। इनमें से वाम मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान 42 मुस्लिम समुदायों को शामिल किया गया था। इसके बाद आरोप लगे कि आरक्षण का लाभ धर्म के आधार पर दिया जा रहा है, जिससे यह मामला कानूनी विवादों में फंस गया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद ओबीसी सूची में 35 और समुदायों को जोड़ा, जिससे यह संख्या बढ़कर 77 हो गई, जिनमें से 75 मुस्लिम समुदाय से थे। वर्ष 2023 में, ममता सरकार ने एक नया ओबीसी आरक्षण कानून बनाया, जिसके तहत सभी 77 समुदायों को इसके दायरे में ले आया गया। इसके परिणामस्वरूप, राज्य में ओबीसी समुदायों की कुल संख्या बढ़कर 179 हो गई थी। इस नए आरक्षण कानून को हालांकि अदालत में चुनौती दी गई, जहां याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि धर्म के आधार पर दिए गए आरक्षण को रद्द किया जाना चाहिए। इसके बाद, 22 मई 2024 को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य की ओबीसी सूची में 113 समुदायों को शामिल करने के फैसले को रद्द कर दिया, जबकि 66 समुदायों को सूची में बने रहने की अनुमति दी।

## पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश में भाजपा...

शाह के साथ भी होनी है, इसलिए सूची को उसके बाद ही जारी किया जाएगा। संगठन की टीम के गठन में सरकार के साथ समन्वय को भी ध्यान में रखा जाएगा। चूंकि यह चुनावी साल है इसलिए जातीय, सामाजिक व श्रेत्रीय समीकरणों पर खासा जोर रहेगा। हालांकि इसके गठन में सरकार के नेतृत्व की बेहद कम भूमिका रहेगी, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व यह ध्यान रखेगा कि सरकार की टीम व संगठन में सभी समीकरणों के समन्वय को साधा रखा जाए।

### गाय को राष्ट्रीय...

लेकिन गाय के नाम पर हिंसा करने वाले लोग इस मुद्दे पर खामोश रहते हैं। उन्होंने मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उससे संबंधित कानून देश के सभी राज्यों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से लागू किया जाये।

### डिजिटल उद्यमियों ...

सृजित होने का अनुमान है। योजना में 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक डीएसपी अपने क्षेत्र में 200 से 300 घरों को कनेक्ट कर सकेगा। महिला उद्यमिता को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है और लगभग 50 प्रतिशत महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में बताया गया कि केवल मोबाइल इंटरनेट के जरिए सीमित सेवाएं संभव हैं, जबकि वास्तविक डिजिटल परिवर्तन के लिए हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड आवश्यक है। एआई आधारित कृषि, ड्रोन मॉनिटरिंग, स्मार्ट विलेज, वर्चुअल लैब, टेलीमेडिसिन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी सेवाओं के लिए मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी बताया गया। प्रोजेक्ट गंगा के तहत डीएसपी केवल इंटरनेट सेवा प्रदाता नहीं होंगे, बल्कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का संपूर्ण नेटवर्क विकसित करेंगे। वे हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, आईपीटीवी, ओटीटी एक्सेस, सीसीटीवी समाधान, पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी और एंटरप्राइज कनेक्टिविटी जैसी सेवाएं प्रदान करेंगे। योजना के तहत प्रत्येक डीएसपी को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना फिलहाल 21 प्राथमिक जिलों में 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' के रूप में शुरू करने की तैयारी में है और इसके बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तार दिया जाएगा।

### मंडी टैक्स और शुल्क...

के रूप में दूसरे राज्यों में चला जाता है, जिससे मूल्य संवर्धन, जीएसटी राजस्व और रोजगार के अवसर प्रदेश से बाहर चले जाते हैं। प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं, जिनकी कुल मिलिंग क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन वास्तविक उपयोग केवल 126.45 लाख मीट्रिक टन तक सीमित है। इसके अलावा 40 हजार से अधिक आटा चक्कियां भी संचालित हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि राज्य के भीतर ही गेहूं प्रसंस्करण को बढ़ावा मिले तो रोजगार, बिजली खपत, जीएसटी संग्रह और खाद्य उद्योगों में बड़ा विस्तार हो सकता है।

### अमेरिकी संसद...

इन प्रस्तावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त वोट जुटाने में सफल रहे थे, लेकिन लुइ?सियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने अपनी राय बदली और विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक वोट दिया। कैसिडी हाल ही में हुए प्राइमरी चुनाव में हार गए थे, जहां ट्रंप ने उनके प्रतिद्वंद्वी का समर्थन किया था। यह विधेयक 'वॉर पॉवर्स एक्ट' के तहत राष्ट्रपति की सैन्य कार्रवाई की शक्तियों को सीमित करने से जुड़ा है, जो 47 के मुकाबले 50 मतों से पारित हो गया। इस प्रक्रिया से यह बात सामने आई कि रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी कुछ सांसद ईरान के साथ युद्ध रोकने के पक्ष में हैं। इस विधेयक पर अंतिम मंजूरी के लिए भी मतदान होगा, हालांकि अभी यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि उस पर मतदान कब होगा। केंटुकी से रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल, मेन की सुसैन कॉलिन्स और अलास्का की लिसा मर्कोव्स्की पहले भी ऐसे युद्ध अधिकार प्रस्तावों के समर्थन में मतदान कर चुके थे और उन्होंने मंगलवार को भी ऐसा ही किया। कैसिडी ने पहली बार इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया। मतदान से यह भी साफ हुआ कि कुछ रिपब्लिकन नेता लंबे खिंचते युद्ध को लेकर चिंतित हैं और राष्ट्रपति के फैसलों पर सवाल उठाने लगे हैं। अगर सीनेट में यह प्रस्ताव पारित भी हो जाता है, तो इसे रिपब्लिकन बहुमत वाले प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) से भी मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रंप इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

### ईरान समझौता...

नेताओं के अनुरोध पर ईरान पर प्रस्तावित अमेरिकी हमला फिलहाल टाल दिया गया है, क्योंकि तेहरान के साथ गंभीर बातचीत जारी है। सीबीसी न्यूज के अनुसार यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सीनेट ने दिन में पहले एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान में युद्ध करने की शक्तियों को सीमित करने की मांग की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक सीनेटरों ने 50-47 मतों से प्रस्ताव को समिति से हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस दौरान चार रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सांसदों का समर्थन किया। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव में राष्ट्रपति को निर्देश देने की बात कही गई है कि कांग्रेस की स्पष्ट अनुमति या युद्ध की औपचारिक घोषणा के बिना अमेरिकी सेना को ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से हटाया जाए।

### पश्चिम एशिया...

होर्मुज जलडमरूमध्य और द्विपक्षीय व्यापारिक तनावों पर चीनी नेता के साथ व्यापक चर्चा की थी। इस बैठक पर करीब से नजर रखी जा रही है, क्योंकि चीन और रूस दोनों ही ईरान के प्रमुख रणनीतिक साझेदार हैं और उनके ईरान के साथ घनिष्ठ आर्थिक और सैन्य संबंध हैं। वे होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के ईरान के कड़े रुख को प्रभावित कर सकते हैं, जिसने एक बड़ा वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय स्थिति को अस्थिर और उथल-पुथल भरी बताया और ट्रंप की नीतियों की परोक्ष रूप से आलोचना करते हुए कहा कि एकपक्षवाद और वर्चस्ववाद फिर से उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिर भी शांति, विकास और सहयोग लोगों की आकांक्षा बने हुए हैं। चीन-रूस के बीच घनिष्ठ समन्वय का आह्वान करते हुए जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को मिलकर वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक न्यायसंगत तथा तर्कसंगत बनाने के लिए काम करना चाहिए। क्रेमलिन के अनुसार पुतिन की यात्रा के दौरान लगभग 40 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पुतिन की चीन की यह 25वीं यात्रा है। उन्होंने जिनपिंग को अपना प्रिय मित्र बताया और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सहयोग को रेखांकित किया। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार अपने उद्घाटन संबोधन में पुतिन ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रिय मित्र। यहां एक चीनी कहावत का उपयोग करना उचित होगा। चीन में लोग कहते हैं, 'एक दिन की दूरी तीन शरद ऋतुओं जितनी लंबी लगती है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में आपसे मिलकर बहुत खुश हैं, और हम लगातार व्यक्तिगत रूप से भी तथा अपने सहयोगियों के माध्यम से भी आपसी तालमेल बनाए रखते हैं। इससे पहले 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल' में वार्ता से पहले, शी जिनपिंग ने पुतिन का औपचारिक स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के बाद द्विपक्षीय वार्ता हुई। मंगलवार रात यहां पहुंचे पुतिन का स्वागत चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने किया। अपनी यात्रा से पहले मंगलवार को दिए गए एक वीडियो संबोधन में पुतिन ने कहा कि रूस-चीन संबंध वास्तव में अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए हैं।

### उप्र में हीट वेव...

गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, मऊ, जौनपुर और गाजीपुर में तेज लू की संभावना जताई गई है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के कारण पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि इससे तापमान में कोई बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी मौसम के प्रकोप को लेकर एडवाइजरी जारी की है। मौसम के प्रचंड रूप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में है। नगर के डॉ केके निगम ने बताया कि इस भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें, हल्के और सूती कपड़े पहनें और बाहर निकलते समय सिर व चेहरे को ढककर रखें। उन्होंने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष रूप से अतिरिक्त सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की चेतावनी ने फिलहाल साफ कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में आने वाले दिन गर्मी के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। लोगों को लापरवाही से बचते हुए सावधानी और सुरक्षा के साथ दिनचर्या अपनाने की जरूरत है।

### देश संकट में, पीएम...

पर कहा कि 'आर्थिक तूफान' के बीच प्रधानमंत्री इटली में टॉफियां बांट रहे हैं। उन्होंने इसे नेतृत्व नहीं, बल्कि नाटक करार दिया। राहुल ने कहा कि किसान, मजदूर और व्यापारी परेशान हैं, लेकिन सरकार गंभीर मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय प्रचार में लगी है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी उन्हें 'मेलोडी' टॉफी का पैकेट भेंट करते नजर आए। मेलोनी ने वीडियो में कहा, प्रधानमंत्री मोदी हमारे लिए बहुत अच्छी टॉफी लाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी, एलपीजी और ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने दावा किया कि रुपये की स्थिति कमजोर हुई है, विदेशी निवेश घटा है और युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराया है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मोदी सरकार में पिछले 11 वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर औसत कर्ज 11 गुना बढ़ गया है, जबकि अरबपतियों की कुल संपत्ति 97.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी की कीमत 121 प्रतिशत बढ़ गई है, जो 2014 में 414 रुपये से बढ़कर 2026 में 915.5 रुपये हो गई है। वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में लगभग 154 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब यह 1,241 रुपये से बढ़कर 3,152 रुपये हो गया है। उन्होंने दावा किया, भाजपा शासन के तहत 10 वर्षों में 90 परीक्षाओं के पेपर लीक ने भर्ती की विश्वसनीयता को खत्म कर दिया है और लगभग नौ करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। खरगे ने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री चाहते हैं कि जनता मुश्किल भी झेले और उनके भाषणों की 'मेलोडी' का आनंद भी ले।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में उत्तराखंड में 24 घंटे की हड़ताल का व्यापक असर, 13 हजार से अधिक मेडिकल स्टोर रहे बंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान का बुधवार को उत्तराखंड में व्यापक असर देखने का मिला। कई जिलों में दवा व्यापारियों ने हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन किया। दवा कारोबारियों ने13 हजार से अधिक मेडिकल स्टोर बंद करके ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉर्पोरेट कंपनियों की भारी छूट नीति का विरोध जताया। बुधवार को राजधानी देहरादून सहित हरिद्वार, रुड़की, हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर, नैनीताल, मसूरी, टिहरी, गंगोत्री, बड़कोट,अल्मोड़ा, चंपावत, पौड़ी समेत विभिन्न शहरों और कस्बों में दवा व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेशभर में 13 हजार से अधिक मेडिकल स्टोरों ने बंद में हिस्सा लिया। हालांकि इमरजेंसी और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता जिला प्रशासन और अस्पताल के माध्यम से सुनिश्चित की गई। देहरादून में दोपहर बाद एकाध दुकानें खुलीं। प्रदर्शनकारी दवा व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियमन लागू करने, अनियंत्रित डिस्काउंट नीति पर रोक लगाने और नकली दवाओं की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि ई-फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री के बढ़ते चलन से पारंपरिक दवा कारोबार गंभीर संकट में है। बिना पर्याप्त नियमन के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दवाओं की बिक्री से नकली, घटिया और एक्सपायरी दवाओं के प्रसार का खतरा भी बढ़ रहा है।

डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन देहरादून के जिला अध्यक्ष मनीष नंदा ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे दवा व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। संगठन ने केंद्र सरकार से जीएसआर 817 (28 अगस्त 2018) और जीएसआर 220 (26 मार्च 2020) को वापस लेने तथा ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि नशा की दवाएं और प्रतिबंधित दवा का कारोबार भी ऑनलाइन फल फूल रहा है। इसके साथ ही कारपोरेट की तरह केमिस्ट को प्रोत्साहन करने की मांग की। देहरादून में दून अस्पताल के निकट आयोजित धरना-प्रदर्शन में जिला केमिस्ट एसोसिएशन, होलसेल केमिस्ट एसोसिएशन, फार्मा सी एंड एफ एसोसिएशन और अन्य संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं, बल्कि दवा व्यवसाय की पारदर्शिता और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है।

धरना-प्रदर्शन में डब्ल्यूसीए अध्यक्ष संजीव तनेजा, महासचिव आकाश प्रभाकर, नीरज जैन, शैलेंद्र सिंह रावत, मनोज अजमानी, पंकज मित्तल, अमोद प्रकाश, विजय गोयल, गिरीश अरोड़ा, गोल्डी, एमआर एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक शर्मा और अंशुल अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

इस हड़ताल को उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यूएमएसआरए) ने भी समर्थन दिया। संगठन ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से दवा वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और फर्जी व नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है। यूएमएसआरए के देहरादून महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री दीपक शर्मा ने कहा कि जनहित में ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है।

## वेलकम में 22 वर्षीय युवक की गोलियों से भूनकर हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में मंगलवार देर रात 22 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गुरुद्वारा मोहल्ला, मौजपुर निवासी मोहम्मद अमानुल्लाह कुरैशी के रूप में हुई है। बदमाशों ने अमानुल्लाह पर सात से आठ राउंड फायरिंग की। गंभीर हालत में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या के पीछे पुरानी रंजिश और बदले की आशंका को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, अमानुल्लाह मंगलवार देर रात दिल्ली नगर निगम कार्यालय के पास से होते हुए केशव चौक, श्याम लाल कॉलेज की तरफ जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उसे रास्ते में रोक लिया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में अमानुल्लाह को अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना पर वेलकम थाना पुलिस, क्राइम टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से कई खोखे मिले हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, हत्या के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर कुछ संदिग्धों की पहचान की गई है। उनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बुधवार को जीटीबी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश से दिल्ली आभूषण खरीदने आए व्यक्ति के बैग से उड़ाए रुपये, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली । हिमाचल प्रदेश से आभूषण खरीदने आए शिकायतकर्ता से पांच लाख रुपये चोरी करने वाले आटो रिक्शा चालक समेत दो आरोपितों को मंदिर मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई रकम के तीन लाख रुपये और अपराध में इस्तेमाल किया गया आटो रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान खिचड़ीपुर के आटो चालक लक्ष्मण यादव उर्फ संतोष और त्रिलोकपुरी के प्यारे मिया के रूप में हुई है। पुलिस इनसे पूछताछ कर गिरोह में शामिल एक महिला समेत अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बुधवार को बताया कि नौ मई को शिकायतकर्ता त्रिलोक चंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह गहने खरीदने के लिए पांच लाख रुपये नकद लेकर दिल्ली आए थे। सात मई को की दोपहर लगभग 2:30 बजे निर्माण विहार बस स्टैंड के पास इंतजार करते समय वह एक शेयरिंग आटो रिक्शा में बैठे, जिसमें पहले से महिला समेत तीन अज्ञात लोग बैठे थे। रास्ते में आटो चालक ने उन्हें अपना बैग सीट के पीछे रखने को कहा। आटो से उतरने के बाद, उन्होंने अपना बैग चेक किया तो पांच लाख नकद गायब थे।

पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आटो की नंबर प्लेट को जानबूझकर फूलों की माला से छिपा दिया गया था। पुलिस ने संभावित रास्तों की फुटेज खंगाल वाहन के नंबर प्लेट की पहचान कर ली। इसके आधार पर सबसे पहले 17 मई को चालक लक्ष्मण को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 30 हजार रुपये बरामद किए। उसंकी निशानदही पर सह आरोपित जाकिर को त्रिलोकपुरी से गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से 2.70 लाख बरामद हुए। जांच में पता चला कि दोनों आरोपित पहले भी दिल्ली और आस-पास के राज्यों में चोरी, लूटपाट, चोरी का माल रखने और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के कई मामलों में शामिल रहे हैं।

### पंजाब के छत्तबीड़ चिड़ियाघर में जानवरों को लू से बचाने के विशेष इंतजाम किये गए

चंडीगढ़ । पंजाब के सबसे बड़े वन्यजीव अभ्यारण्य और प्रमुख सफारी स्थल छतबीर में स्थित महेंद्र चौधरी प्राणी उद्यान में जानवरों की सुरक्षा और देखभाल के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। चिड़ियाघर प्रबंधन ने वन्य जीवों को गर्मी और लू से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। चिड़ियाघर प्रशासन ने बाघ, शेर, तेंदुआ और भालू जैसे मांसाहारी जानवरों के बाड़ों में डेजर्ट कूलर और एयर सर्कुलेटर पंखे लगाए हैं। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए सभी खिड़कियों पर जालियां लगाई गई हैं। जानवरों को छाया और ठंडक देने के लिए कई स्थानों पर 75 प्रतिशत घनत्व वाले एग्रो नेट लगाए गए हैं। शाकाहारी जानवरों के लिए सरकंडे, लकड़ी और बांस से अस्थायी शेल्टर तैयार किए गए हैं, ताकि उन्हें तेज धूप से राहत मिल सके। हाथियों, हिरणों और अन्य जानवरों के लिए पानी से भरे कीचड़ वाले तालाब और स्विमिंग पूल बनाए गए हैं, जिन्हें हर समय पानी से भरा रखा जा रहा है। पक्षियों के पिंजरों को भी एग्रो नेट और जूट मैट से ढका गया है। छोटे पिंजरों में स्प्रिंकलर शावर लगाए गए हैं, ताकि पक्षियों को ठंडक मिल सके। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार आपात स्थिति में पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टैंकर और ट्रैक्टर भी हर समय तैयार रखे गए हैं।

### चंडीगढ़ जिला अदालत में योगराज सिंह की अग्रिम जमानत पर 26 मई को होगी सुनवाई

चंडीगढ़ । पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता और अभिनेता योगराज सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर चंडीगढ़ जिला अदालत में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 मई को निर्धारित की गई है।

यह मामला चंडीगढ़ के सेक्टर-36 थाना पुलिस में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें कथित तौर पर एक वीडियो क्लिप के आधार पर शिकायत दी गई थी। योगराज सिंह के खिलाफ दो एडवोकेट्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो क्लिप का हवाला दिया गया है, जिसमें कथित रूप से महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया गया है। यह वीडियो एक हिंदी वेब सीरीज ल्लुक्खेङ्क के एपिसोड से जुड़ा बताया जा रहा है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर 8 मई को रिलीज हुआ था।

इसी बीच जांच में यह भी सामने आया कि एफआईआर दर्ज करते समय पुलिस ने गलत रूप से पंजाब महिला आयोग का पता दर्ज कर दिया था, जिसे बाद में सुधार लिया गया। मामले में अब 26 मई को अदालत में सुनवाई होगी, जहां अग्रिम जमानत पर अंतिम दलीलें सुनी जा सकती हैं। फिलहाल पुलिस की जांच और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### नई दवा नीति के विरोध में दवा व्यवसायियों का हड़ताल

भागलपुर । ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री और नई दवा नीति के विरोध में बुधवार को भागलपुर में दवा व्यवसायियों ने बुधवार को 24 घंटे की हड़ताल कर दिया है। इस दौरान शहर की करीब 1400 मेडिकल दुकानें और दवा एजेंसियां बंद रहीं, जिससे दवा बाजार पूरी तरह प्रभावित हुआ। भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में एमपी द्विवेदी रोड स्थित देवी बाबू धर्मशाला के पास कारोबारियों ने प्रदर्शन किया और ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दवा पट्टी इलाके में बाइक रैली निकाली गई तथा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। कारोबारियों ने आरोप लगाया कि भारी डिस्काउंट और बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल स्टोर प्रभावित हो रहे हैं और मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ रहा है। एसोसिएशन ने अवैध ई-फार्मेसी पर कार्रवाई और नई नीति वापस लेने की मांग की। भागलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम दास कोटिवाला ने बताया कि पूरे बिहार में करीब 40 हजार और भागलपुर में लगभग 1400 दवा दुकानदार हैं। ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री से दवा कारोबारियों के सामने जीवन-यापन की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाए, नहीं तो दवा कारोबारी आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने बताया कि एआईओसीडी और बीसीडीए पटना से निर्देश मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जा सकती है।

## भाजपा सरकार अनुसूचित जाति-जनजाति विरोधी मानसिकता से ग्रसित, : यशपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के विकास के प्रति गंभीर लापरवाही और सुनियोजित उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के अधिकारों का हनन कर रही है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा से स्वीकृत बजट को धरातल पर खर्च करने के बजाय सरकार और अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण बजट लैप्स कराया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। आर्य ने कहा कि 31 मार्च 2026 को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना का लगभग 51 करोड़ रुपये तथा अनुसूचित जनजाति उप योजना का लगभग 3 करोड़ रुपये का बजट लैप्स होना भाजपा सरकार की अनुसूचित जाति एवं जनजाति विरोधी सोच का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के विकास को बाधित करने की एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है।उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं, अवस्थापना विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 60 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। इसमें से केवल 9 करोड़ रुपये की योजनाएं ही शासन से समाज कल्याण निदेशालय के माध्यम से जिलों तक पहुंच सकीं और उन पर कार्य प्रारंभ हो पाया। शेष 51 करोड़ रुपये की धनराशि सरकार की उदासीनता एवं अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते समय पर निदेशालय तक नहीं पहुंची और 31 मार्च को लैप्स हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिन वर्गों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मुख्यधारा में लाने के लिए योजनाएं बनाई जाती हैं, उन्हीं योजनाओं का पैसा सरकार द्वारा वापस कर दिया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के विकास के लिए आवंटित धनराशि खर्च क्यों नहीं की गई? आखिर किसके संरक्षण में यह गंभीर वित्तीय लापरवाही हुई। आर्य ने आरोप लगाया कि विधानसभा से बजट पारित होने के बावजूद उसका लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा लैप्स हो जाना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यदि सरकार वास्तव में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के उत्थान के प्रति संवेदनशील होती, तो यह धनराशि गांवों, बस्तियों और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचती तथा सड़क, पेयजल, सामुदायिक भवन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होती।उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार के समय अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्तियों के अवस्थापना विकास के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में लगभग 100 करोड़ रुपये का बजट सुनिश्चित किया जाता था,

ताकि अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं मजबूत की जा सकें। भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस बजट को घटाकर 60 करोड़ रुपये कर दिया और अब स्थिति यह है कि उसी घटे हुए बजट में से 51 करोड़ रुपये लैप्स करा दिए गए।उन्होंने कहा प्रतिपक्ष ने कहा कि यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों परिवारों के अधिकारों और उनके विकास से जुड़ा गंभीर प्रश्न है।

## दवा कारोबारियों की हड़ताल का मिला जुला असर, दो धड़ों में बंटे संगठन, रिटेल की कई दुकानें खुली

हल्द्वानीद । ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों द्वारा किए गए राष्ट्रव्यापी बंद का हल्द्वानी में मिला-जुला असर देखने को मिला। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर 20 मई को मेडिकल स्टोर बंद रखने की अपील की गई थी। केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन हल्द्वानी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। संगठन का कहना है कि ऑनलाइन कारोबार से छोटे और मध्यम स्तर के दवा विक्रेताओं की आजीविका प्रभावित हो रही है, साथ ही मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। नगर अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय मेडिकल स्टोरों का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

## उम्रकैद का दोषी 24 साल बाद गिरफ्तार पैरोल पर छूटकर बदला नाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 24 साल से फरार चल रहे हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाए दोषी को गिरफ्तार किया है। दोषी वर्ष 2002 में पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन वापस जेल नहीं लौटा। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपनी पहचान बदल ली और प्रयागराज (उप्र) में नया नाम रखकर रह रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राकेश पटेल उर्फ पप्पी के रूप में हुई है। वह जहांगीरपुरी का रहने वाला है। वह हत्या के एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था। पुलिस के मुताबिक फरार होने के बाद उसने अपना नाम बदलकर नंदलाल वर्मा रख लिया था और प्रयागराज में ऑटो स्पेयर पार्ट्स का कारोबार कर रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बुधवार को बताया कि जेल से पैरोल या फरलो पर बाहर आने के बाद फरार चल रहे अपराधियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान क्राइम ब्रांच की एनआर-वन यूनिट ने पैरोल जंपरों की सूची खंगालनी शुरू की। जांच में राकेश पटेल का नाम सामने आया। पुलिस जांच में पता चला कि राकेश पटेल ने अपने दो साथियों चंदर प्रकाश और अनिल कुमार के साथ मिलकर वर्ष 1990 में जहांगीरपुरी इलाके में मामूली विवाद के दौरान अपने पड़ोसी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मामले में वर्ष 1995 में अदालत ने तीनों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार राकेश को पहली बार वर्ष 1999 में शादी के लिए पैरोल मिली थी। उस दौरान वह वापस जेल लौट आया था। इसके बाद वर्ष 2002 में दूसरे बच्चे के जन्म के दौरान उसे फिर पैरोल दी गई, लेकिन इस बार वह जेल वापस नहीं लौटा। क्राइम ब्रांच ने उसकी जेल हिस्ट्री, पुराने पते, रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई। दिल्ली और उप्र में कई जगह दबिश दी गई, लेकिन वह लगातार ठिकाने बदलता रहा।

## राहुल गांधी की बयानबाजी उनके मानसिक तौर पर बीमार होने का प्रमाण: संजय सरावगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना । भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी निराधार आरोपों तथा नकारात्मक राजनीति के माध्यम से देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं।राहुल गांधी देश के राजनीतिक वातावरण को गंदा करने पर तुले हैं।

संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हो रहा है। देश की विदेश नीति, आर्थिक नीति और सुरक्षा व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है। भारत आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। लेकिन राहुल गांधी लगातार ऐसे बयान देते रहे हैं, जिनसे देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास होता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी केवल विरोध के लिए 'विरोध' की राजनीति कर रही है। देश की जनता अब यह समझ चुकी है कि कांग्रेस के पास न तो कोई सकारात्मक एजेंडा है और न ही विकास का कोई स्पष्ट विजन। इसी कारण जनता लगातार चुनावों में कांग्रेस को नकारती रही है।

## पंजाब शहरी निकाय चुनावों में 79 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, कुल 7,623 उम्मीदवार मैदान में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़ । पंजाब में नगर निकाय चुनावों का रण तेज हो गया है। नगर निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। राज्य में 26 मई को होने वाले 8 नगर निगम, 75 नगर काउंसिल और 21 नगर परिषद चुनावों के लिए कुल 7,623 उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। इन सभी प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 26 मई को मतदाता करेंगे, जबकि चुनाव परिणाम 29 मई को घोषित किए जाएंगे। पंजाब राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, 8 नगर निगम चुनावों के लिए 1,613 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। नामांकन वापसी के दौरान 386 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस ले लिए थे। नगर निगम चुनावों में अब तक 4 उम्मीदवार निर्विरोध विजेता घोषित किए जा चुके हैं। इसी तरह 75 नगर काउंसिल चुनावों में कुल 5,144 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 1,695 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया, जबकि 47 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। 21 नगर परिषद चुनावों में 866 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस श्रेणी में 312 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया और 28 प्रत्याशी निर्विरोध विजेता बने।

चुनाव आयोग के मुताबिक शुरुआत में करीब 10,800 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। जांच प्रक्रिया के बाद 10,096 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए थे, लेकिन बाद में 2,393 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद अब कुल 7,623 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हैं।

राज्यभर में कुल 79 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें बड़ी संख्या सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी से जुड़े उम्मीदवारों की बताई जा रही है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा निर्विरोध उम्मीदवार नगर काउंसिलों से सामने आए हैं, जहां 47 उम्मीदवार बिना मुकाबले जीत गए। नगर परिषदों में 28 और नगर निगमों में 4 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।

## अब सेंसर से होगी फसलों की निगरानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**उद्यान व वानिकी महाविद्यालय ने शुरू की सेंसर फसल तकनीक**

पूर्वी चंपारण । अब सेंसर से फसलों की निगरानी होगी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय पीपराकोठी के इंस्ट्रक्शनल फार्म में आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड वेदर कम सॉयल सेंसर यूनिट स्थापित की गई है। यह यूनिट तापमान, वायुमंडलीय आर्द्रता, वर्षा, वायु दाब, पवन गति, मिट्टी की नमी, मिट्टी का तापमान तथा विभिन्न रोगों के पूर्वानुमान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां रियल टाइम में उपलब्ध कराएगी। इससे वैज्ञानिक फसल प्रबंधन एवं प्रिसिजन फार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कुंदन किशोर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन और अनिश्चित मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए कृषि एवं उद्यानिकी में आधुनिक तकनीकों का उपयोग समय की आवश्यकता बन गया है।

उन्होंने कहा कि यह यूनिट विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यवहारिक और तकनीकी ज्ञान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से छात्र मौसम आधारित कृषि प्रबंधन, रोग पूर्वानुमान, सिंचाई निर्धारण, फसल स्वास्थ्य निगरानी तथा स्मार्ट फार्मिंग तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। यह यूनिट मोबाइल तकनीक से भी जुड़ी हुई है, जिसके जरिए सभी आवश्यक जानकारियां सीधे मोबाइल फोन पर प्राप्त की जा सकती हैं। किसान और शोधकर्ता कहीं से भी अपने मोबाइल पर खेत की वास्तविक स्थिति देख सकेंगे। इसके आधार पर आवश्यकता अनुसार सिंचाई, उर्वरक एवं कीटनाशी या फफूंदनाशी दवाओं के प्रयोग को लेकर त्वरित और सटीक निर्णय लिया जा सकेगा। इससे समय, श्रम और संसाधनों की बचत होगी तथा फसल प्रबंधन अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनेगा। फल, सब्जी और पुष्प फसलों में मौसम आधारित प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि तापमान, आर्द्रता और मिट्टी की नमी में होने वाले परिवर्तन सीधे फसल की वृद्धि, गुणवत्ता और उत्पादन को प्रभावित करते हैं। ऐसे में यह सेंसर यूनिट समय रहते आवश्यक सूचनाएँ उपलब्ध कराकर फसलों को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाने में सहायक सिद्ध होगी। वहीं, डॉ. आर. बी. शर्मा ने कहा कि यह पहल किसानों और विद्यार्थियों दोनों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। मौसम आधारित आंकड़ों के माध्यम से पौधों में रोगों की संभावित स्थिति का पूर्वानुमान लगाकर समय पर उचित प्रबंधन उपाय अपनाए जा सकेंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063